CMYK

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 11 नवंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –193 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





कांग्रेस बताए, देश-प्रदेश के लिए क्या किया: तोमर — पृष्ठ 3

अभिमत ■ उत्पादकता बढ़ाने के लिए मूर्ति का गैर-उत्पादक सुझाव — पृष्ठ 4

■ जयशंकर ने ब्लिंकन से इजरायल-हमास युद्ध व हिंद-प्रशांत मुद्दों पर की चर्चा — पृष्ठ 9

मैक्सवेल के लिए पिछले कुछ दिन काफी व्यस्त रहे : विटोरी — पृष्ठ 10




### सुप्रीम कोर्ट की पंजाब के राज्यपाल को खरी-खरी

# आग से खेल रहे हैं आप, यह गंभीर मामला

**अमृतसर**,10 नवम्बर (एजेंसियां)। पंजाब के राज्यपाल की तरफ से विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने पंजाब सरकार और राज्यपाल से कहा हमारा देश तय परंपराओं पर चलता है और उनका पालन किया जाना जरूरी है। राज्यपाल की आलोचना करते हुए पीठ ने कहा विधेयकों को मंजूरी नहीं देकर आप आग से खेल रहे हैं और विधानसभा सत्र बुलाने को असंवैधानिक करार दिया। लोकतंत्र के तहत मुख्यमंत्री और राज्यपाल को मिलकर काम करना चाहिए। पीठ ने कहा अगर राज्यपाल को लगता है कि कोई विधेयक गलत तरीके से पास हुआ है तो उन्हें विधेयक को विधानसभा अध्यक्ष को वापस भेजना चाहिए। पीठ ने राज्यपाल के वकील से पूछा अगर विधानसभा का कोई सत्र अवैध घोषित हो भी जाता है तो सदन द्वारा पास किया गया विधेयक कैसे गैरकानूनी हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की तरफ से पास बिल को इस तरह नहीं अटकाया जा सकता। आप यह नहीं कह सकते कि विधानसभा का सत्र ही गलत था। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब सरकार से पूछा कि विधानसभा के बजट सत्र की बैठक को स्थगित क्यों किया गया, अनिश्चितकाल के लिए सत्रावसान क्यों नहीं किया गया। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार और राज्यपाल से कहा कि हमारा देश स्थापित परंपराओं पर चल रहा है और उनका पालन किया जाना चाहिए। पंजाब में जो हो रहा है हम उससे खुश नहीं हैं, यह गंभीर चिंता का विषय है।



■ राज्यपाल की तरफ से विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी न देने पर जताई नाराजगी

**क्या है विवाद**

पंजाब सरकार ने 19 और 20 जून को विधानसभा का सत्र बुलाया था। इस सत्र में एसजीपीसी संशोधन बिल, आरडीएफ फंड पेंडिंग, यूनिवर्सिटी चांसलर संबंधी विधेयक और पंजाब पुलिस एक्ट बिल पास हुए। हालांकि पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित का कहना है कि पंजाब सरकार द्वारा जून में बुलाया गया विधानसभा सत्र असंवैधानिक है, इसलिए इस सत्र में किए गए काम भी असंवैधानिक हैं। इसके खिलाफ पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है। सरकार का कहना है कि अभी सत्र का सत्रावसान नहीं हुआ है तो सरकार जब चाहे ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## लोगों को प्रदूषण से पीड़ित नहीं होने दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र और राज्यों से शुक्रवार को कहा कि इसके लिए वे दीर्घकालिक उपाय करें। दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि हम नतीजे देखना चाहते हैं। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने सरकार से पूछा कि पिछले 6 साल से आप क्या कर रहे थे। पीठ ने कहा कि वह लोगों को प्रदूषण से पीड़ित नहीं होने दे सकती। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि वह चाहती है कि खेतों में आग लगाने (पराली जलाने) से रोका जाए और पंजाब में चावल को प्रमुख फसल के रूप में प्रतिस्थापित करने के लिए उपाय किए जाएं। चावल के बदले को और फसल लगाने का विकल्प तलाशा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए तुरंत कई फैसले लेने होंगे। शुक्रवार को बारिश होने पर न्यायाधीश कौल ने कहा कि लोगों को सिर्फ प्रार्थना करना चाहिए कि बारिश होते रहे। कभी हवा चलने तो कभी बारिश होने से राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि शायद भगवान ने लोगों की प्रार्थनाओं को सुना होगा इसलिए बारिश हो गई। इसमें सरकार का कोई योगदान नहीं है।

# कांग्रेस जो कहती है वह करती भी है : भूपेश



## कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश के लिए मुख्यमंत्री ने मांगा वोट

**बलौदाबाजार/बिलाईगढ़**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के तहत बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी के पक्ष में प्रचार करने एवं मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी के लिये वोटों की अपील करने गुरूवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुहेला के 21 दुर्गा मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करती है। सुहेला में तहसील कार्यालय हमने खोला, कुम्हारी बांध में पानी लाने का काम शुरू हो चुका है। सरकार बनने पर फिर से न केवल किसानों का कर्ज माफ करेंगे बल्कि महिला स्वयं सहायता समूहों और ट्रांसपोर्टरों का भी कर्ज माफकरेंगे। 3200 रूपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी भी करेंगे।

हजारों की भीड़ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री रमन सिंह की 2100 रूपये प्रति चिंटल में धान खरीदने की गारंटी नहीं चली अब सभी के खातों में 15 लाख रुपया डालने वाले नरेंद्र मोदी 3100 रूपये प्रति क्विंटल में धान खरीदने और प्रत्येक महिला को 1000 रूपये देने की गारंटी दे रहे हैं जो चलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जब हमने किसानों का 20 क्विंटल धान खरीदी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## किसानों का कर्जा व 200 यूनिट तक बिजली बिल होगा माफ़ : बघेल



**बागबाहरा।** स्थानीय रावणभांठा मैदान में आयोजित कांग्रेस पार्टी के चुनावी जनसभा को ठेठ छत्तीसगढ़ी भाषा में मज़किया करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कका अभी जिंदा हे, का बात के चिंता हे। इस बोली को सुनकर जनसभा में उपस्थित लोगों ने जमकर ठहाके लगाया। उन्होंने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव के पक्ष में कांग्रेस पार्टी को पंजा छाप में वोट देने हेतु प्रचार करने बागबाहरा पहुंचे थे। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग जनसभा में उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ में इस बार फिर से कांग्रेस सरकार बनने पर पिछले साल की तरह इस साल भी किसानों का कर्जा माफ़ होगा। 200 यूनिट तक जलाने पर सभी लोगों के बिजली बिल माफ़ होंगे। महिला स्वसहायता समूह द्वारा लिए गए कर्ज भी माफ़ होंगे। प्रदेश के लोगों का सर्वांगीण एवं चहुमुखी विकास करने नए-नए योजनाएं लागू की जाएगी। ताकि लोगों को योजनाओं का भरपुर लाभ मिल सके। जनसभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा, पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। तथा उन्होंने कहा कि रमन की गारंटी नहीं चली तो भाजपा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला केस में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ज्यूडिशियल कस्टडी 24 नवम्बर तक बढ़ गई है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को उन्हें पेश किया गया था। साथ ही राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक मानहानि केस में संजय सिंह को पंजाब के अमृतसर कोर्ट में पेश करने की इजाजत भी दी है।

### निष्कासन की सिफारिश पर महुआ हुई खफा

**नई दिल्ली।** टीएमसी की फायरब्रांड नेता व लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में अब सीधे तौर पर संसद की आचार समिति पर हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मामले की जांच करने वाली लोकसभा की आचार समिति किसी कगारू कोर्ट से कम नहीं है।

### भारत को जल्द मिलेगा एमक्यू-9बी ड्रोन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन के साथ कई मुद्दों पर बात की। ऑस्टिन ने कहा, भारत को ड्रोन क्षमता जल्द से जल्द मिले, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा


**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में शुक्रवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क उठी। शुक्रवार सुबह चुराचांदपुर, बिष्णुपर और काकचिंग जिले की सीमा पर कुकी और संदिग्ध मैतेई बदमाशों वॉलंटियरों के बीच भीषण गोलीबारी की खबर है। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

### उत्तर प्रदेश में बस-ट्रक की भिड़ंत, छह लोगों की मौत

**गोरखपुर/कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर-कुशीनगर हाईवे पर जगदीशपुर के पास एक बस में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी है।

### इसरो ने जारी की तस्वीर

## 824 किमी की ऊंचाई से रोशन दिखा भारत



**नई दिल्ली**, 10 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रकाश के एक सूत्र में बंधी यह तस्वीर हमारे एकता के संदेश को और ताकत देती है, और यह कहती है कि हमारा रंग-रूप, धर्म-संप्रदाय और भौगोलिक स्थितियां भले अलग-अलग हों, पर हम एक हैं। 5 दिन चलने वाले दीपोत्सव से ठीक पहले इसरो ने रात की यह विशेष तस्वीर जारी की। दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई कोलकाता, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, जयपुर सहित देश के प्रमुख शहर राष्ट्रीय और कई छोटे कर और ग्रामीण इलाके नी से चमक रहे हैं। यह इन इलाकों के ज्यादा जनसंख्या पनत्व और प्रमुख गलियारों को सटीक तरीके से दर्शा रहा है।

**वो इलाके जो अंधेरे में हैं**- देश के सबसे बड़े क्षेत्रफल वाले राज्यों में शामिल मध्य प्रदेश और राजस्थान में वन क्षेत्र, रेगिस्तान, पहाड़ी इलाके, झील, नदियां ज्यादा हैं। इसलिए यहां अंधेरा दिखता है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में बहुत धुंधली रोशनी से पता चलता है कि कई इलाकों में बहुत कम आबादी है। दीपावली से ठीक पहले से 7 से 8 नवम्बर को 824 किमी की ऊंचाई से ली गई भारत की इन तस्वीरों को इसरो के हैदराबाद में बने नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) ने तैयार किया है। रोज पूरी धरती की रात की तस्वीरें नासा/ एनओएए सुओमी नेशनल पोलर-ऑर्बिटिंग पार्टनरशिप संयुक्त अभियान में तैनात विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर (वीआईआईआरएस) उपकरण (कैमरे) से ली जाती है।

## बेमचा भाठा मैदान में पीएम मोदी की चुनावी सभा 13 को



**महासमुंद**,10 नवंबर (देशबंधु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्ष्मी पूजन के दूसरे दिन 13 नवंबर को बेमचा मैदान में चुनाव आमसभा को संबोधित करेंगे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वे सुबह 11 बजे के आसपास पहुंचेंगे। अधिकृत प्रोटोकाल 12 नंवबर को जारी होगा। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधारी, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, शंकर अग्रवाल, चंद्रहास चंद्राकर ने बताया कि पीएम मोदी के आमसभा को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह तो है जनता में भी आपार उत्साह है और वे आमसभा की जानकारी ले रहे है। शंकर अग्रवाल ने बताया कि मोदी की जनसभा में 8 विधानसभा के करीब 75 हजार जनता शामिल होंगे। आमसभा को भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में आपार उत्साह है। अब नइ सहिबो बदल के रहिबो का परिवर्तन का नारा बेमचा मैदान से लहर के रूप में पूरे क्षेत्र में फैलेगा। सांसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि बालोद की जनसभा में मोदी जी ने घोषणा किया था कि तीन जिले के पीछे मेडिकल कालेज देंगे। उनका कहा महासमुंद जिले में सकार हुआ है और यहां मेडिकल कालेज में ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक, पायलट ने सभा स्थल पर उतारा हेलीकॉप्टर, मचा हड़कंप

**रायपुर**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ में शुक्रवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सभा में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग में हुई चूक की वजह से हड़कंप मच गया। मुख्यमंत्री यहां कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में आमसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। लेकिन इस दौरान पायलेट ने निर्धारित जगह की बजाय सभास्थल के बिल्कुल करीब ही हेलीकॉप्टर को उतार दिया। जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने आनन-फानन में व्यवस्था कर सुरक्षित मुख्यमंत्री को सभा स्थल तक पहुंचाया। गनीमत रही की लैंडिंग के दौरान कोई चूक नहीं हुई वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के मुताबिक, बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पवनी स्कूल मैदान में सभा स्थल पर हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा के नजरिये से मोर्चा संभाला। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के लिए हेलीपैड तैयार किया गया था। ये हेलीपैड सभास्थल से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर बनाया गया था। हेलीपेड पर हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के लिए इंडिकेटर के तौर पर स्मोक भी जलाया गया था, लेकिन पायलट की चूक की वजह से हेलीकाप्टर की लैंडिंग वहां नहीं हो सकी। बिलाईगढ़ के एसपी आशुतोष सिंह के मुताबिक पायलट को अक्षांश और देशांतर की वजह से कुछ गफलत हुई, जिसकी वजह से लैंडिंग वहां नहीं करायी जा सकी, जहां होनी चाहिये थी। हेलीकाप्टर की लैंडिंग नहीं होने की वजह से दुर्घटना के नजरिये से भी मामला तो संवेदनशील था ही, सुरक्षा के नजरिये से भी था। क्योंकि पुलिस बल हैलीपेट पर लगाया गया था, लेकिन वहां हेलीकाप्टर ने लैंड ही नहीं किया। जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस टीम ने उस स्थल को अपने घेरे में लिया, जहां मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर लैंड किया। कार्यकर्ताओं के बीच ही हेलीकॉप्टर की लैंडिंग करायी गयी।

## जशपुर के भाजपा प्रत्याशी रायमुनी भगत को आचार संहिता के उल्लंघन पर नोटिस



**रायपुर**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में 17 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होना है। चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने प्रचार में जुटी हुई है. । इसी बीच रिटर्निंग आफिसर ने जशपुर से भाजपा प्रत्याशी रायमुनी भगत को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में जवाब तत्काल प्रस्तुत करने नोटिस जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए भाजपा प्रत्याशी रायमुनी भगत ने चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए वाहन और ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति के लिए आवेदन प्रस्तुत किय था। जिसके बाद उन्हें प्रशासन ने इसकी अनुमति दी थी। लेकिन रायमुनी ने इसके अलावा नुक्कड़ नाटक (सांस्कृतिक कार्यक्रम) आयोजित किया। जिसके लिए उन्होंने अनुमति नहीं ली थी। इसके बाद आयोग ने आदर्श आचार संहिता के दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## जनगणना के मुद्दे पर नहीं बोलते मोदी : राहुल

**सतना/बड़वानी**, 10 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग जारी है। कभी भाजपा की तरफ से नरेंद्र मोदी कांग्रेस पर हमला बोलते हैं, तो जवाब में कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी उन्हें अडानी के मामले में घेरते नजर आते हैं।

शुक्रवार को सतना में एक जनसभा में बोलते हुए उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार और नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि देश और राज्य की सरकार को अफसर चलाते हैं। जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, उस राज्य में युवा बेरोजगार है। मध्य प्रदेश में ओबीसी की सरकार नहीं है, इस राज्य में ओबीसी की कोई भागीदारी नहीं है। मोदी जी हजारों करोड़ रुपए के हवाई जहाज में जाते हैं, करोड़ों रुपए का सूट पहनते हैं और कहते हैं कि



हम ओबीसी हैं। राहुल गांधी ने जातीय जनगणना पर भी भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जैसे हमने जातीय जनगणना की बात की है मोदी जी खुद को ओबीसी बोलने लगे पर जनगणना के मुद्दे पर वह बोलते हैं कि हिन्दुस्तान में कोई जाति नहीं है। नरेंद्र मोदी हर रोज कोई न कोई नया कपड़ा पहनते हैं और कहते हैं कि हम ओबीसी हैं।

**तोमर के बेटे पर ईडी की कार्रवाई क्यों नहीं : राहुल**

राहुल गांधी ने जबलपुर में एक चुनावी सभा में कहा कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे का पैसे लेने का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें करोड़ों-अरबों की डील हो रही है, लेकिन ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स किसी ने भी कार्रवाई नहीं की। मोदी और सीएम शिवराज ने क्यों चुप्पी साध रखी है। राहुल गांधी ने मोदी पर आरोप लगाया कि मोदी चुनाव जीतने के लिए खुद को ओबीसी बताते रहते हैं, लेकिन जब पिछड़ों के अधिकार की बात होती है, तो वह साफ मुकर जाते हैं।

## नक्सलियों ने एनएमडीसी में डंपर में लगाई आग



**किरंदुल**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। दिन शुक्रवार शाम 4 बजे के आसपास एक बार फीर नक्सलियो ने बैलाडीला की पहाड़ियों मे अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए किरंदुल के डीपॉजिट 14 के वेस्ट डंपिंग एरिया मे नक्सलियो ने नये डंपर मे आग लगा दी जिससे डंपर का केबिन पूरी तरह नष्ट हो शुक्रवार सुबह ही नये डंपर का उद्घघाटन किया गया था जिसके बाद वेस्ट डंपिंग एरिया मे डंप करने के लिए ट्रायल चल रहा था तभी शाम को कुछ हथियार बंद नक्सली वहा पहुंचकर डंपर आपरेटर को उतार कर दुबारा इस क्षेत्र मे ना आने की चेतावनी देते हुए डंपर मे आग लगा दी जिसके बाद घटना की जानकारी मिलते ही सीआईएसएफ के जवान घटना स्थल पहुंच ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### बदलाव — गृह मामलों की स्थायी समिति ने धनखड़ को सौंपी रिपोर्ट

# आईपीसी, सीआरपी व साक्ष्य कानून में होंगे बदलाव

■ शीतकालीन सत्र में तीनों कानूनों को बदलने की है तैयारी

**नई दिल्ली, 10 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार आपराधिक और प्रक्रियात्मक कानूनों को बदलने की तैयारी कर रही है। शीतकालीन सत्र चार दिसम्बर से शुरू होने वाला है। इससे पहले तीन विधेयकों पर संसदीय समिति की रिपोर्ट राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपी गई।**

*शुक्रवार को गृह मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष बृज लाल ने संसद में धनखड़ से मुलाकात की। उन्होंने उपराष्ट्रपति सचिवालय में धनखड़ को तीनों विधेयकों पर रिपोर्ट सौंपी। बता दें कि सरकार ने ब्रिटिश हुकूमत के दौर में बने कानून- भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य कानून में बदलाव की पहल की है। बीते अगस्त में संसद के मॉनसून सत्र के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक पेश किया था। उन्होंने सभापति से विधेयकों में बदलाव की विस्तृत जांच के लिए इसे स्थायी समिति के पास भेजने का आग्रह किया था।*

***प्रस्तावित कानूनों से न्याय को प्रधानता***

*शाह ने आपराधिक न्यायशास्त्र को निर्देशित करने वाले वर्तमान कानूनों को औपनिवेशिक विरासत करार दिया था। ब्रिटिश राज का संदर्भ देते हुए उन्होंने जोर देकर कहा था कि फिलहाल जो कानून लागू हैं, ये सजा पर ध्यान केंद्रित करते हैं जबकि प्रस्तावित कानून न्याय को प्रधानता देते हैं।*

***समिति राज्यसभा सचिवालय के अंतर्गत***

*गृह मामलों से संबंधित स्थायी संसदीय समिति ने तीनों कानूनों में प्रस्तावित बदलाव की जांच के बाद तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट जमा कर दी। समिति राज्यसभा सचिवालय के अंतर्गत आती है। भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम को बदलने वाले विधेयकों में बदलाव इसलिए भी चर्चा में हैं, क्योंकि तीनों कानूनों को भारतीय आपराधिक न्यायशास्त्र की रीढ़ माना जाता है। इस महीने की शुरुआत में, संसदीय पैनल ने कई संशोधनों की पेशकश की। तीन रिपोर्टों को अपनाया था, लेकिन उनके हिंदी नामों पर कायम रहे, लगभग 10 विपक्षी सदस्यों ने असहमति नोट प्रस्तुत किए।*

# देश

उवाच



कांग्रेस ने छीनने का ही काम किया है। अभी लुभावने वादे करके आएंगे, फिर छीनने वाले हैं। तुम दोहरे चरित्र वाले हो। तुमने कहा, किसानों का कर्ज माफ करेंगे, किसानों को डिफाल्टर बना दिया। उद्योगपतियों को दिल्ली में बैठकर गाली देते हैं और यहां उद्योगपति सेठ कमलनाथ को सीएम का फेस बना दिया:- शिवराज सिंह चौहान

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.7 | 16.2 |
| मुंबई | 37.7 | 25.` |
| कोलकाता | 3.8 | 19.7 |
| चेन्नई | 31.9 | 29.6 |

## शिवपुरी जिले की चार सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में मुकाबला, पोहरी में संघर्ष त्रिकोणीय

**शिवपुरी,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले की पांच विधानसभा सीटों में से चार सीटों पर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला दिखाई दे रहा है, जबकि पोहरी विधानसभा क्षेत्र इस बार त्रिकोणीय संघर्ष का सामना करने वाला है। जिले की पोहरी विधानसभा सीट पर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ भाजपा के प्रत्याशी हैं। यहाँ कांग्रेस ने कैलाश कुशवाहा को और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने प्रद्युम्न वर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। यह क्षेत्र धाकड़ बाहुल्य क्षेत्र है। इस विधानसभा क्षेत्र से 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है।

प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा लंबे समय से शिवपुरी विधायक रही यशोधराराजे सिंधिया द्वारा स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते इस बार चुनाव लड़ने में असमर्थता व्यक्त करने पर शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा ने यहां से पूर्व विधायक देवेंद्र जैन को प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस का टिकट छह बार से पिछोर के विधायक रहे पूर्व मंत्री केपी सिंह को दिया गया है। शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र से 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के बीच है। भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र जैन के समर्थन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सभाएं कर चुके हैं, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी केपी सिंह स्वयं सबके पास पहुंचकर अपना



- पोहरी विधानसभा सीट पर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ भाजपा के प्रत्याशी
- कांग्रेस ने कैलाश कुशवाहा को और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने प्रद्युम्न वर्मा को चुनावी मैदान में उतारा

प्रचार वार्डों में छोटी-छोटी सभाओं में कर रहे हैं। पिछोर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रीतम लोधी तथा कांग्रेस के अरविंद लोधी हैं। यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस एवं भाजपा के मध्य है। प्रीतम लोधी के समर्थन में गृहमंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सभाएं एवं रोड शो कर चुके हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में 16 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। कोलारस विधानसभा क्षेत्र से इस बार भाजपा से पूर्व विधायक महेंद्र यादव तथा हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए बैजनाथ सिंह यादव उम्मीदवार हैं और मुख्य मुकाबला इन दोनों के बीच ही है। कोलारस विधानसभा क्षेत्र से 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। महेंद्र यादव एवं बैजनाथ सिंह यादव श्री सिंधिया के समर्थक नेता माने जाते थे। श्री सिंधिया के भाजपा में जाने पर यह दोनों भी भाजपा में शामिल हो गए थे। कुछ समय पहले बैजनाथ सिंह यादव फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए और कांग्रेस ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया। यह क्षेत्र अन्य समाजों के साथ यादव समाज के बाहुल्य वाला क्षेत्र है। करैरा विधानसभा क्षेत्र से 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भाजपा ने पूर्व विधायक रमेश खटीक को उम्मीदवार बनाया है, जबकि वर्तमान विधायक कांग्रेस के प्रगीलाल जाटव को कांग्रेस ने फिर से प्रत्याशी बनाया है। मुख्य मुकाबला इन दोनों के बीच है। यह विधानसभा क्षेत्र सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र है। रमेश खटीक के चुनाव प्रचार में यहां देश के गृहमंत्री अमित शाह एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया भी आ चुके हैं।

जिले में कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 12 लाख 87 हजार है, जिसमें 6 लाख 78 हजार 655 मतदाता पुरूष और 6 लाख 8 हजार 330 महिला हैं। मतदान केन्द्रों की संख्या एक हजार 488 है। सभी केंद्रों पर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए 17 नवंबर को मतदान के साथ ही सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी। मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। जिला प्रशासन निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए उसने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं।

## उमा भारती के फैसले ने भाजपा की मुश्किलें बढ़ाई

भोपाल, 10 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी की फायर ब्रांड नेता उमा भारती कहीं भी सभा नहीं करेंगी। उमा भारती के इस फैसले से भाजपा को पिछड़ा वर्ग को लुभाने और लोधी मतदाताओं को अपने करीब खींचने में परेशानी हो सकती है। उमा भारती



पिछड़ा वर्ग का बड़ा चेहरा हैं और बुंदेलखंड सहित राज्य के कई हिस्सों में उनका प्रभाव है, मगर उमा भारती ने अब भाजपा के लिए किसी भी तरह की रैली में हिस्सा न लेने का फैसला कर पार्टी की मुसीबत तो बढ़ा ही दी है। उमा भारती को गुरुवार को प्रचार के लिए सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र में बुलाया गया था। मगर, वे तकनीकी कारणों से पहुंच नहीं पाई। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मेरा तो झांसी में इलाज चल रहा था। मुझे तो यहां बुलबा लिया गया और फिर मैं प्रचार में पहुंच भी नहीं सकी। मुझे बुलाने वाले उम्मीदवारों ने सर्वत्र मेरे आने की चर्चा भी कर दी, अब मैं उनके लिए चिंतित हूं कि सुरखी जैसा सब जगह न हो जाए।' उमा भारती ने आगे कहा, 'अब मुझे आगे किसी उम्मीदवार को संकट में नहीं डालना इसलिए अब मेरी कोई सभा नहीं होगी सिर्फ भगवान से सबकी विजय के लिए प्रार्थना होगी। मैं स्वयं से वचनबद्ध हूं कि देश का, राज्य का और मोदी जी का कभी अहित नहीं करूंगी।15 तारीख को दोपहर को टीकमगढ़ पहुंच जाऊंगी क्योंकि 17 को सुबह अपने गांव में वोट डालना है।' ज्ञात हो कि राज्य में कांग्रेस ने जातीय जनगणना को बड़ा मुदा बनाया है, इसके चलते पिछड़ों का वोट मिलने की कांग्रेस को संभावना है। वहीं, दूसरी ओर भाजपा के पिछड़े वर्ग के बड़े चेहरे उमा भारती के चुनाव प्रचार में सक्रिय न होने से भाजपा के सामने मुसीबत तो खड़ी हो गई है।

## कांग्रेस बताए, देश-प्रदेश के लिए क्या किया: तोमर

**भिंड,** 10 नवम्बर (एजेंसियां) केंद्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर आज आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने भ्रम पैदा करने के अलावा देश और प्रदेश के लिए कभी कुछ नहीं किया। श्री तोमर और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भिंड के नयागांव में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। श्री तोमर ने कहा कि कांग्रेस के नेता खुद ही जय बन जाते हैं और खुद ही वीरू बन जाते हैं। लेकिन इस चुनाव से जय और वीरू का क्या लेना-देना है। रावण और अहिरावण का क्या लेना-देना है। आप इधर-उधर की बातें छोड़िए और ये बताइये कि इस क्षेत्र के लिए, देश-प्रदेश की जनता के लिए क्या किया है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे थे। कह रहे थे हम भारत को जोड़ेंगे। यहां इतने लोग बैठे हुए और इनमें से कई लोग सेना में भी काम करते हैं और जब सीमाओं की सुरक्षा की बात आती है तो अपना बलिदान भी देते हैं। वे उन सभी



कांग्रेस के नेता खुद ही जय बन जाते हैं और खुद ही वीरू बन जाते हैं। लेकिन इस चुनाव से जय और वीरू का क्या लेना-देना है। रावण और अहिरावण का क्या लेना-देना है:-नरेंद्र सिंह तोमर

से पूछना चाहते हैं कि क्या आप में से किसी को भी देश कहीं से टूटता नजर आ रहा है क्या। आपको नहीं आ रहा, लेकिन श्री गांधी को आ रहा है। वे उनसे कहना चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी जब तक देश के प्रधानमंत्री हैं, भारत की तरफ कोई आंख उठाकर भी नहीं देख सकता। आप भारत की चिंता छोड़िए और कांग्रेस की फिक्र कीजिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज दिवालिया हो चुकी है। उसे देश से लेना देना नहीं, विकास से लेना देना नहीं, अपने कार्यकर्ता से भी लेना देना नहीं। ये देश को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते। इसलिए श्री मोदी के रास्ते में रुकावटें डालते रहते हैं। श्री तोमर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी उन लोगों के साथ खड़ी है, जो सनातन को समाप्त करना चाहते हैं।

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में चंबल क्षेत्र दुरावस्था के दौर से गुजरा है। डकैतों का इतना आतंक था कि शाम 6 बजे के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। 2003 में भाजपा की सरकार बनी, इसके बाद से ही ग्वालियर-चंबल क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश का विकास किया गया। लेकिन गलती से 15 माह के लिए श्री कमलनाथ मुख्यमंत्री बन गए थे, तो प्रदेश को फिर उसी दुरावस्था में ले जाने का कार्य कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि आप लोगों ने भी 15 माह के कमलनाथ के शासनकाल को भी देखा है। प्रदेश की जनता फिर वह दौर नहीं देखना चाहेगी।

## सार संक्षेप

### बिलासपुर महापौर रामशरण यादव कांग्रेस से निलंबित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने बिलासपुर नगरनिगम के महापौर रामशरण यादव को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में जारी नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया। पार्टी के प्रभारी महासचिव (संगठन) मलकीत सिंह गैदू ने अपने निलंबन आदेश में कहा है कि राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टी संगठन के खिलाफ अनर्गल वार्तालाप करते हुए पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के कारण जारी कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार महापौर रामशरण यादव को तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया जाता है। गौरतलब है कि पूर्व कांग्रेसी विधायक अरूण तिवारी ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में श्री यादव के साथ वार्तालाप का ऑडियो क्लिप पेश किया था। ऑडियो में विधानसभा चुनाव में टिकटों को लेकर लेनदेन समेत अन्य आरोप लगाये गये थे।

### मध्यप्रदेश : भाजपा कल जारी करेगी घोषणा पत्र

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी कल पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा की उपस्थिति में अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र नाम दिया है। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान अध्यक्ष श्री नड्डा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेन्द्र खटीक, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा उपस्थित रहेंगे। राज्य में मतदान के लिए अब मात्र छह दिन ही शेष हैं। सभी 23 सीटों के लिए मतदान एक ही दिन 17 नवंबर को होगा।

### कांग्रेस ने आईयूएमएल को बंधक बना लिया है : सीपीआईएम

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सीपीआई-एम ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को बंधक बना लिया है और पार्टी धीरे-धीरे कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन से दूर जा रही है। सीपीआई-एम के दिग्गज और वाम मोर्चा के संयोजक ई.पी. जयराजन ने मीडियाकर्मियों से कहा। आईयूएमएल धीरे-धीरे कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ से दूर जा रही है क्योंकि कांग्रेस उन्हें बंधक के रूप में रखने की कोशिश कर रही है। आईयूएमएल भी कांग्रेस से खुश नहीं है. दोनों पार्टियों में पहले जैसी गर्मजोशी नहीं है।' उन्होंने कहा कि उन्हें संदेह है कि आईयूएमएल निकट भविष्य में कांग्रेस की गठबंधन सहयोगी नहीं बनेगी।

## कांग्रेस ने सिर्फ गरीबों का वोट लिया उनका कल्याण नहीं किया: सिंधिया

**कटनी,** 10 नवम्बर (एजेंसियां) केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ गरीबों के नाम पर आज तक वोट लिया है, लेकिन उनके कल्याण के लिए कुछ नहीं किया। श्री सिंधिया ने यह आरोप जिले के विजयराघवगढ़ में भाजपा प्रत्याशी संजय पाठक के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक गरीबी हटाओ के नारे के नाम पर आदिवासी, दलित समुदाय और पिछड़ी जातियों का वोट हासिल किया, लेकिन उनका जीवन स्तर उठाने के लिए कुछ नहीं किया। श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह



चौहान के नेतृत्व में गरीब कल्याण की अनेकों योजनाएं चलाकर उनके दुख-दर्द को दूर करने का काम कर रही है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस लूट, फूट और झूठ की सरकार है। भाजपा ने जो कहा वो किया और जो कहेगी उसे समय के साथ पूरा करेगी। मध्यप्रदेश को अब बीमारू नहीं बेमिसाल राज्य के तौर पर जाना जाता है। कांग्रेस ने 15 महीने के शासन में सिर्फ घोटाला ही घोटाल किया और लोगों से जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया। विधानसभा चुनावों में और उसके बाद कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से लेकर असम तक कमल का फूल खिलाना होगा, ताकि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ता रहे।

श्री सिंधिया ने कहा कि इस बार चुनाव मध्यप्रदेश के भविष्य को लेकर हो रहा है। युवाओं, माताओं और किसानों के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। बहन-बेटियों की जिंदगी संवारने का चुनाव है। विकास की रफ्तार को और गति देने का चुनाव है। इसलिए जरुरत है की हम उस सरकार को चुने जो विकास और प्रगति के लिए काम करती हो।

## विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 31 दिन में 570 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त

**जयपुर,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगने के बाद 31 दिन में प्रदेश में 570 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है जो गत विधानसभा चुनाव के समय की जब्ती से अब तक 812 प्रतिशत से अधिक हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता के अनुसार प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। इस दौरान नौ जिले ऐसे है जहां 20 करोड़ से अधिक अवैध सामग्री जब्त की गई। श्री गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सर्वाधिक 97 64 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध सामग्री जयपुर जिले में जब्त की गई। इसी तरह अलवर में 33 04 करोड़, जोधपुर में 24 7 करोड़, उदयपुर में 22 28 करोड़, बूंदी में 22 23 करोड़, नागौर में 22 06 करोड़, भीलवाड़ा में 21 05 करोड़, बीकानेर में 20 8 करोड़ एवं चित्तौड़गढ़ में 20 97 करोड़ रुपए की अवैध सामग्री जब्त की गई। इसी तरह अन्य अन्य जिलों में भी करोड़ों की अवैध सामग्री जब्त की गई।

## भाजपा ने तेज की लोकसभा चुनाव की तैयारी, उम्मीदवारों के चयन को लेकर हुई सतर्क

**नई दिल्ली,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के साथ ही भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां भी शुरू कर दी है। जातीय जनगणना और आरक्षण बढाने की मांग के चलते बदल रहे सियासी समीकरण को देखते हुए पार्टी सतर्क हो गई है। इस लिहाज से संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के लिए तीन सदस्यीय एक समिति गठित की दी गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय महासचिव सुनील बसंल की अगुवाई में तीन सदस्यीय टीम में एक अन्य राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे और पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह को शामिल किया गया है। माना जा रहा है कि बिहार और उत्तरप्रदेश से आ रही जातीय जनगणना की मांग के चलते पार्टी बेहद सतर्क हो गई है। इसके चलते जरूरत पडने पर ए श्रेणी की सीटें जहां जीत की संभावना सर्वाधिक होती है, वहां भी उम्मीदवारों को बदला जा सकता है। यानी ओबीसी बाहुल्य सीटों पर अगर किसी दूसरी जाति का मौजूदा सांसद है तो उसे बदला जा सकता है। इस तरह तकरीबन सौ सीटों को चिन्हित किया गया है,जहां उम्मीदवार बदले जाने की संभावना है। फिलहाल भाजपा में राज्यों के प्रभारी, महासचिव, राज्य के संगठन महासचिव, मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष के फीडबैक के आधार पर सीटों का मूल्यांकन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अगले साल 14 जनवरी के बाद लोकसभा के लिए 40 प्रत्याशियों की एक सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। यह सूची उन उम्मीदवारों की होगी, जिनकी जीत को लेकर पार्टी पूरी तरह सुनिश्चत रहेगी।

## भाजपा ने तेलंगाना विस चुनाव के लिए शेष 14 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**हैदराबाद,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी ने 30 नवंबर को तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को शेष 14 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने 11 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दिया है वहीं तीन सीटों वानापर्थी, चंद्रायणगुट्टा और बेल्लमपल्ली के उम्मीदवारों में बदलाव किया है। वानापर्थी में अनुगना रेड्डी को अस्वधाम रेड्डी की जगह उम्मीदवार बनाया गया है और बेल्लमपलली से के इमोजी को प्रत्याशी घोषित किया गया है। इसके साथ ही सत्यनारायण मुदिराज की स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के मद्देनजर के महेंद्र उनके स्थान पर चंद्रयानगुट्टा निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार होंगे। भाजपा ने तेलंगाना में 111 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किये हैं तथा शेष आठ सीटें गठबंधन के तहत जनसेना पार्टी को आवंटित की गयी हैं। आज घोषित 14 उम्मीदवारों की सूची के मुताबिक बेल्लमपल्ली से के इमोजी, पेद्दापल्ली से दुग्याला प्रदीप राव, संगारेड्डी से राजेश्वर राव, नरसंपेट से पुल्लाराव देवराकाद्र, कोंडा से प्रशांत रेड्डी, नामपल्ली से राहुल चंद्रा, छावनी से गणेश नारायण, सेरिलिंगमपल्ली से रविकुमार यादव, मल्काजगिरि से रामचन्द्र राव, मेडचल से एनुगु सुदर्शन रेड्डी , वानापर्थी से अनुगना रेड्डी, चंद्रायनगुट्टा से के महेंद्र, मधिरा से विजयाराजू और आलमपुर से राजगोपाल भाजपा के उम्मीदवार होंगे।

## कांग्रेस तेलंगाना को तोड़ने के लिए प्रयासरत: केसीआर

**कामारेड्डी,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने कामरेड्डी में आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस तेलंगाना को तोड़ने और बीआरएस पार्टी को अस्थिर करने के लिए केसीआर से प्रतिस्पर्धा कर रही है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना भारत का एकमात्र राज्य है जो 24 घंटे बिजली प्रदान करता है। जब बीआरएस सरकार दोबारा आएगी तो 10 हजार रायथु बंधु योजना का लाभ बढाकर 16 हजार करेंगे। एक और कांग्रेस नेता कहते हैं कि तीन घंटे बिजली काफी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कड़े शब्दों में कहा है कि वह किसानों की मोटर पर मीटर लगाएं लेकिन हम मीटर नहीं लगाएंगे। अगर देश में 156 मेडिकल कॉलेज बने हैं, तो उस भाजपा को वोट क्यों दें जिसने तेलंगाना को एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं दिया? धरणी पोर्टल के साथ, सरकार



ने लोगों को अंगूठे की शक्ति दी है। राज्य के मुख्यमंत्री को भी आपकी जमीन बदलने का अधिकार नहीं है। किसान बंधु, किसान बीमा और फसल खरीद का पैसा धरणी के आपके पास आता है। जो लोग धरणी को बंगाल की खाड़ी में डालना चाहते हैं उन्हें ही बंगाल की खाड़ी में डालना चाहिए। कांग्रेस तेलंगाना को तोड़ने और बीआरएस पार्टी को अस्थिर करने के लिए केसीआर से प्रतिस्पर्धा कर रही है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि हमने अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय विद्यालयों की स्थापना करके गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना। तीन करोड़ लोगों की आंखों की जांच की गई और लगभग 80 लाख लोगों को चश्मे दिए गए, जैसा इतिहास में किसी सरकार ने नहीं किया। हमने केसीआर किट, अम्मावोडी वाहन जैसी सुविधाएं प्रदान की है। हमने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया है। शिक्षा, चिकित्सा और कृषि क्षेत्र अच्छी तरह से विकसित हैं। आईटी कंपनियां केसीआर के साथ कामारेड्डी आएंगी। कामारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र को सोने के टुकड़े के रूप में विकसित करना मेरी जिम्मेदारी है, आप आशीर्वाद दीजिये।

**हमने कामारेड्डी को जिला बना दिया, मेडिकल कॉलेज भी लेकर आए हैं**

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कामारेड्डी बार एसोसिएशन में मेरे बहनोई रामा राव और मित्र तिरुमल रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना के लिए सर्वसम्मति से संकल्प लेने वाला तेलंगाना का पहला बार एसोसिएशन था। इससे आंदोलन को गति मिली। जैसा कि हमने पहले वादा किया था, हमने कामारेड्डी को जिला बना दिया है। हम मेडिकल कॉलेज भी लेकर आये हैं। कामारेड्डी और निज़ामाबाद जिले के नेता कामारेड्डी से चुनाव लड़ने के लिए कह रहे हैं। केसीआर अकेले नहीं आएंगे..केसीआर के साथ कई लोग होंगे। मैं डेढ़ साल में कामारेड्डी और एल्लारेड्डीपेटल क्षेत्रों को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराऊंगा। बिजली, शैक्षणिक संस्थान और उद्योग लगाए जाएंगे। कामारेड्डी को बेहद अद्भुत बनाने की जिम्मेदारी मेरी है। स्वतंत्र भारत के 75 वर्षों में लोकतंत्र उतना परिपक्व नहीं हो पाया है जितना होना चाहिए। विकसित देश प्रगति कर रहे हैं।

## भाजपा के राज में ग्वालियर-चम्बल आज उद्योगविहीन, रोजगारविहीन, पर्यटनविहीन: राज बब्बर

**ग्वालियर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्वालियर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रोपवे बनाने की बात हुई और तब के महापौर विवेक नारायण शेजवलकर, जो कि अब सांसद हैं, ने एक बार शिलान्यास कर दिया, फिर एक बार और इसी रोपवे को बनाने के लिए शिलान्यास समारोह हो गया, पर आज तक रोपवे का निर्माण नहीं हो पाया, दो बार इसी तरह शिलान्यास होने और हेडलाइन छपने के बाद भी अब तक रोप-वे नहीं बन सका यानि हर बार भाजपा ने रोपवे के नाम पर ग्वालियर के लोगों के साथ केवल राजनीति की। रोपवे क्यों नहीं बन रहा है, इस सवाल पर कुछ दबी ज़ुबान से जवाब भी आते हैं कि अगर रोप-वे बना तो सिंधिया परिवार की प्राईवेसी पर असर पड़ेगा। बताइये कि क्या सिंधिया परिवार की प्राईवेसी का मेंटेनेंस इतना ज़रूरी है, कि एक परिवार को खुश रखने के लिए पूरे ग्वालियर के



टूरिज़्म को आसान और आकर्षक बनाने से वंचित कर दिया गया?

ग्वालियर के किले पर अमिताभ बच्चन की आवाज में जिले का शानदार इतिहास बताते हुए बड़ा प्रभावशाली लाइट एंड साउंड शो हुआ करता था, जिससे ग्वालियर किले की पहचान में चार चाँद लगते थे। आज वो बंद है क्या तथाकथित 'महाराज' सारे पर्यटकों को अपने महल के म्यूजियम तक सीमित कर देना चाहते हैं? ग्वालियर के किले की भव्यता और इतिहास न देखें पर्यटक। और अगर लोगों को अपना महल ही दिखाना है, तो उसे राज्यीकृत करिये।

महल-दुमहले अब पुराने राजाओं के समय होते थे, अब इनका मध्यप्रदेशीकरण करते हुए आम पब्लिक के लिए खोल दिया

- भाजपा ने रोपवे के नाम पर ग्वालियर के लोगों के साथ केवल राजनीति की

जाना चाहिये। ये इसलिये भी जरूरी है ग्वालियर स्मार्ट सिटी केवल महल के आसपास ही बनी हुई दिखती है, तो पब्लिक प्रॉपर्टी ही हुई। इसलिये इसे पब्लिक के लिए पूरी तरह उपलब्ध होना चाहिये। 18 साल से शिवराज सरकार मध्य प्रदेश की सत्ता पर काबिज है, उसके बावजूद भी आज तक ग्वालियर चंबल संभाग में कोई भी बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया विकसित नहीं किया गया। यहां के जो पुराने महत्वपूर्ण इंडस्ट्रियल एरिया थे जैसे बामोर और मालनपुर, आज वहां पर जो इंडस्ट्री हैं, वे लगभग बंद होने की कगार पर हैं। नया कोई भी इंडस्ट्रियल एरिया विकसित नहीं हुआ है. बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया विकसित करने का वायदा जुमला साबित हुआ. बिलौआ में स्टील प्लांट के नाम पर केवल हेडलाइन मैनेजमेंट और मीडिया में ब्रांडिंग ही हुई। आज धरातल पर वह स्टील प्लांट दूसरी कई इण्डस्ट्रीज की तरह दम तोड़ रहा है। ऐसे ही बिलौआ में 2020 के अंत तक एक प्लास्टिक पार्क बनकर तैयार हो जाना था, जिस से इस ग्वालियर, डबरा, बिलौआ, आंतरी समेत आसपास के क्षेत्रों के करीब 3 से 4 हजार लोगों को रोजगार मिलता और करीब 1 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष एवं प्रत्यक्ष रूप से रोजगार के साधन मिलते, लेकिन वह भी केवल जुमला ही साबित हुआ!

ग्वालियर शहर में अमृत योजना के नाम पर ब्यापक भ्रष्टाचार हुआ और आज भी शहर स्वच्छ पीने के पानी के लिए तरस रहा है. सीवर की समस्या जस की तस बनी हुई है और चम्बल से पानी लाने का वायदा भी सिर्फ जुमला ही बन कर रह गया।

## विधानसभा चुनाव में जयपुर में सर्वाधिक 199 प्रत्याशी

**जयपुर,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक 199 प्रत्याशी जयपुर जिले की 19 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। उपजिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर जिले में अन्य जिलों के मुकाबले सर्वाधिक उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं और चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों के वापसी की अंतिम तिथि के बाद यह चुनाव की तस्वीर सामने आई है। उन्होंने बताया कि झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जबकि दूदू विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम चार प्रत्याशी अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे है। इसी तरह सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 16, आमेर से 15, आदर्शनगर से 14, विद्याधरनगर एवं बस्सी से 13-13, बगरु में 12, विराटनगर से 11, हवामहल, सिविल लाइंस एवं मालवीय नगर से 10-10, कोटपूतली एवं चौमूं से नौ-नौ प्रत्याशी, किशनपोल, फुलेरा एवं जमवारामगढ़ से आठ-आठ, शाहपुरा से छह, चाकूस में पांच एवं दूदू विधानसभा क्षेत्र से चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इस चुनाव में जिले में 55 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लेकर चुनाव मैदान से हट गए।

उल्टा पुल्टा

अंकल - बेटा तुम क्या काम करते हो?
लड़का- नारी सम्मान सेवा पर काम कर रहा हूं।
अंकल- सोशल वर्कर हो?
लड़का- नहीं अंकल फेसबुक पर सब लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

# दो आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर




**बिलासपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु) ।चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने बदमाशों पर हो रही लगातार कार्यवाही हो रही हैं। आचार संहिता दौरान चार अन्य बदमाश को जिला बदर और दो के ऊपर रासुका के तहत कार्यवाही की गई थी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर अवनीश शरण ने पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह की प्रतिवेदन पर जिले के आदतन अपराधी नूतन लहरे उर्फ गुड्डु पिता अशोक लहरे उम्र 27 वर्ष बोहारडीह थाना पचपेड़ी और कृष्णा चौहान पिता गणेश चौहान उम्र 30 वर्ष चंदूवाभाटा निराला नगर थाना तारबहार को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। पुलिस द्वारा दर्जनों अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर ऑफिस में भेजा गया है, जो प्रक्रिया में हैं।

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3 एवं 5 के तहत् दाण्डिक प्रकरणों में पारित आदेश दिनांक 09/11/2023 अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर जिला-बिलासपुर तथा समीपवर्ती राजस्व जिला कोरबा जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बलौदा बाजार जिले क्षेत्र से छह माह की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इन सभी को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए हैं ।इन बदमाशों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई अपराध में चालान और कार्यवाहियां हुई है। नूतन लहरे के खिलाफ वर्ष 2017 से लेकर मारपीट, गाली गलौज, गुंडागर्दी व आबकारी के कुल सात अपराध और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही पंजीबद्ध है। कृष्णा चौहान के खिलाफ 2018 से लगातार मारपीट, गाली गलौज, गुंडागर्दी, जान से मारने की धमकी देने व वसूली जैसे गंभीर अपराध घटित कर आमजन को आतंकित करने एवं उनके मध्य भय उत्पन्न करने में संलिप्त है। उसके विरुद्ध कल 12 अपराध और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां हुई है।

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में निभाई अपनी सहभागिता

## निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष या इससे अधिक वरिष्ठजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा

### मताधिकार का प्रयोग कर पाने से खिले चेहरे







**बिलासपुर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु) ।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को इस बार डाकमत पत्र की सुविधा दी गई है। ऐसे बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान दलों द्वारा होम वोटिंग कराई जा रही है। उनके चेहरे की मुस्कान यह बयां कर रही है कि घर पर ही मतदान कर पाने की सुविधा मिलने से उन्हें कितनी राहत मिल रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के मार्गदर्शन में मतदान दलों द्वारा होम वोटिंग के लिए कड़ी मेहनत करते हुए यह कार्य किया जा रहा है।

टिकरापारा निवासी 80 वर्षीय प्रवीण कुमार दामानी ने डाकमत पत्र के जरिए होम वोटिंग की। श्री दामानी रिटायर्ड कर्मचारी है। उन्होंने बताया कि चल फिर पाने में असमर्थ होने की वजह से इस बार वोट डाल पाने की उम्मीद छोड़ दी थी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा के चलते वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएं। श्री दामानी कहते है कि वे हमेशा अपने मताधिकार का प्रयोग करते आए है। उन्होंने इस सुविधा के प्रति आभार व्यक्त किया ।89 वर्षीय रघुनाथ माडिकर ने बताया कि पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए वे किसी पर आश्रित रहते थे लेकिन अब मतदान दल के घर पर आने से बिना किसी असुविधा के लोकतंत्र का हिस्सा बनने का अवसर मिला। विद्यानगर निवासी 81 वर्षीय श्रीमती गौरी घोष भी चल फिर पाने में असमर्थ है। उन्होंने बताया कि मतदान दल के घर पहुंचने पर अपने मताधिकार का प्रयोग करना उनके लिए आसान हो गया। इस सुविधा के लिए उन्होंने तहे दिल से भारत निर्वाचन आयोग एवं मतदान दल का आभार व्यक्त किया। 88 वर्षीय ग्रीन पार्क निवासी श्रीमती विमला शर्मा ने कहा कि होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पहले मतदान केंद्र में घरवालों के सहयोग से पहुंचकर मतदान करते थे लेकिन अब निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर ही यह सुविधा दी जा रही है। होम वोटिंग की सुविधा से परिजनों को भी काफी राहत मिली है उन्होंने इस पहल के लिए निर्वाचन आयोग का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया है। यह आयोग का सराहनीय कदम है। उन्होंने सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 9 नवम्बर तक 374 दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, इनमें कोटा विधानसभा के 78, तखतपुर विधानसभा के 73, बिल्हा विधानसभा के 42, बिलासपुर विधानसभा के 64, बेलतरा विधानसभा के 69 एवं मस्तूरी विधानसभा के 48 शामिल है।

### डाक मतपत्र के जरिए 3 हजार 498 मतदाताओं ने किया मतदान



जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से 9 नवम्बर तक होम वोटिंग तथा सेवा मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात 3 हजार 498 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले चिन्हांकित मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। साथ ही निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं और सेवा मतदाताओं से भी डाक मतपत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। जिले के सभी 6 विधानसभाओं के ऐसे सभी मतदाता अधिकारी एवं कर्मचारी जिन्होंने डाक मतपत्र हेतु आवेदन किया हो और जिनका नाम संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के पात्र डाक मतपत्र सूची में है, वे केवल डाक मतपत्र के माध्यम से ही मतदान सुविधा केंद्रों में मतदान कर पायेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 नवम्बर तक निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा अब तक 3122 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें कोटा विधानसभा क्षेत्र से 444, तखतपुर विधानसभा क्षेत्र से 662, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से 264, बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से 771, बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से 564 एवं मस्तूरी विधानसभा से 402 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। डाक द्वारा डाकमत पत्रों की संख्या 2 है। विशेष गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग एवं 80 वर्ष या उससे अधिक के लोगों के द्वारा किये गये डाक मतपत्र की संख्या 374 है।

# सूने मकान से चोरों ने सोने व चांदी किया पार

**बिलासपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। खमतराई स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बुधवार की रात सुने मकान में घुसकर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। चोरी की घटना मंडी बोर्ड के क्लर्क पुष्पेंद्र कुमार सिंह के मकान में हुआ हैं। चोरों ने उनके मकान को खाली देख घर में रखें सोने, चांदी सहित अन्य जेवरात पार कर फरार हो गए है ।मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। जहां बुधवार की शाम करीब पांच बजे क्लर्क पुष्पेंद्र सिंह अपने काम को लेकर शहर गए थे। वे रात करीब दो बजे घर लौटे तो देखा की उनके घर में लगे दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने चोरी की आशंका जताते हुए घटना के बारे में अपने पडोसियों को बताया ।इसके बाद उन्होंने पडोसियों के साथ घर का दरवाजा खोलकर अंदर घुसे तो देखा की कमरे में रखें सामान इधर-उधर बिखरे पड़े हुए है। उन्होंने बताया कि दरवाजे का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने कमरे में रखे आलमारी से सोने की बाली, चांदी की पायल समेत अन्य जेवरों की चोरी कर भाग निकले हैं। मामले की शिकायत क्लर्क पुष्पेंद्र कुमार सिंह के द्वारा सरकंडा थाने में की गई है।

## सार-संक्षेप

### डी.पी. विप्र में हिंदी साहित्य परिषद का गठन




**बिलासपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। डी.पी. विप्र महाविद्यालय में विगत दिवस हिंदी साहित्य परिषद का गठन किया गया। सर्वसम्मति से प्रीति बंजारे को अध्यक्ष चुना गया। परिषद के उपाध्यक्ष के पद पर विपिन दर्शन को नामांकित किया गया। इसी तरह साक्षी साहू को सचिव एवं गोपाल के सह-सचिव नियुक्त किया गया। कार्य कारिणी समिति में गुलशन पटेल, समीर दिवाकर, अजय निर्मलकर, सुश्रीति साव का चयन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुरुचि मिश्रा ने हिंदी परिषद के इतिहास की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रो. लोकेश कुमार वर्मा, प्रो. ज्योति तिवारी एवं श्री सुचित दुबे मौजूद थे। हर वर्ष डी.पी. विप्र महाविद्यालय में हिंदी साहित्य परिषद का गठन किया जाता है। इसके बैनर के अंतर्गत हर सप्ताह विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसके अंतर्गत वाद-विवाद, एकांकी, नाटक, काव्य पठन एवं श्रवण आदि की प्रस्तुति दी जाती है। आधुनिक शिक्षा शास्त्री मानते हैं कि पढ़ाई की तुलना में कोई भी भाषा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ज्यादा आसानी से सीखी जा सकती है। प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) अंजू शुक्ला ने परिषद के गठन पर शुभकामनाएँ दी।

### 37वें नेशनल गेम्स में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिलासपुर,** 10 नवंबर(देशबन्धु)। 37वें नेशनल गेम्स का आयोजन गोवा में दिनांक 25 अक्टूबर से 09 नवंबर'2023 तक किया गया था । इस प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 05 स्वर्ण एवं 08 कांस्य पदक प्राप्त किये ।इनमें एथलेटिक्स में रितेश ने 1500 मीटर में स्वर्ण पदक ,प्रिंस राज मिश्रा ने 3000 मीटर स्टैपलचेस कांस्य पदक, पूजा ने 800 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त किया । इसी प्रकार बास्केटबॉल में उर्वशी बघेल ने कांस्य पदक व हैंडबॉल में निक्की ने स्वर्ण पदक, बीच हैंडबॉल में प्रिया, आरती यादव, पंकज सांगवान, बिल्ना जार्ज ,मोनिका ने कांस्य पदक, हॉकी में दीपक ने गोल्ड मेडल तथा बीच हैंडबॉल में मीनू और गौरव ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया ।यह सभी खिलाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में कार्यरत है ।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं खेल संघ के अधिकारियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया है ।

# आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कांग्रेस प्रत्याशी को नोटिस, 24 घण्टे में किया गया जवाब तलब



**बिलासपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु) ।विधानसभा चुनाव के लिए लागू आचरण संहिता के उल्लंघन के मामले में बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी श्री शैलेश पाण्डेय को नोटिस जारी किया गया है। रिटर्निंग अफसर सुभाष सिंह राज ने नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब तलब किया है।

रिटर्निंग अफसर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। प्राप्त शिकायत पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश पाण्डे द्वारा विधानसभा क्षेत्र के मंदिर चौक से सिंधी कालोनी रोड, भक्त कंवर राम रोड, मुख्य मार्ग एवं अयोध्या नगर ( चर्च गली), डॉ. घाटगे नर्सिंग होम, सिंधी कालोनी बिलासपुर में बिजली के खंभो में बैनर पोस्टर लगाया गया है एवं मेन रोड पर बैनर पोस्टर से प्रवेश द्वार बनाया गया है, जो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन है।

आयुक्त नगर निगम बिलासपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उक्त शिकायत की पुष्टि भी हो रही है। उनका यह कृत्य आदर्श आचार संहिता एवं छ.ग. संपत्ति विरूपण अधिनियम 1994 का उल्लंघन है। इसलिए प्रत्याशी श्री पांडेय को निर्देशित किया गया है कि सार्वजनिक संपत्तियों पर किये गये विरूपणों को तत्काल हटाना सुनिश्चित करें तथा इस संबंध में अपना स्पष्टिकरण नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत करें। विरूपण नही हटाने अथवा स्पष्टिकरण प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# जेल से आजाद हुए बंदी सालों बाद अपनों के साथ मनाएंगे दिवाली

**बिलासपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु) ।बिलासपुर के केंद्रीय जेल में 5 नवंबर को राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत लगाया गया था ।इस दौरान लोक अदालत के अधिकारियों द्वारा 11 बंदियों को रिहा किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ये बंदी सालों से जेल में बंद थे। जिन्हें छोड़ने जाने से उनके परिवारों में खुशी लौट आई है। अब इस साल ये बंदी अपने स्वजनों के साथ सालों बाद दिवाली पर्व मनाएंगे। खुशी के दिये जलाकर अपने जीवन में उत्सव का प्रकाश लाएंगे। जेल से आजाद हुए बंदी इस दीवाली में अपराध मुक्त जीवन जीने का संकल्प भी लेंगे ।जिला न्यायालय बिलासपुर एवं अन्य तालुका न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीशों द्वारा 5 नवंबर को केंद्रीय जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के 11 प्रकरणों का निराकरण किया गया। ऐसे बंदी जो उन पर आरोपित धारा के अपराध की न्यूनतम अवधि जेल में गुजार चुके थे। उन्हें जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर उनकी अभिरक्षा में बिताई गई अवधि के बराबर दंडादेश देकर रिहाई का आदेश पारित की गई। इस दौरान जेल से छूटकर घर पहुंचते ही इन बंदियों के आंखों से खुशी के आंसू छलक उठे ।जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा उक्त जेल लोक अदालत के लिए न्यायिक दंडाधिकारियों की कुल आठ खंडपीठ बनाई गई थी ।यूटीआरसी के विशेष अभियान से 20 बंदियों को भी मिली जमानत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार यूटीआरसी स्पेशल कैंपेन चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के तहत बीते चार अक्टूबर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद की अध्यक्षता में जिला न्यायालय बिलासपुर के सभागार यूटआरसी की विशेष बैठक की गई थी। जिसमें केन्द्रीय जेल बिलासपुर व उपजेल पेंड्रारोड में निरूद्ध 37 विचाराधीन बंदियों के संबंध में अनुशंसा की गई ।अनुशंसा के आधार पर 20 विचाराधीन बंदियों को जमानत का लाभ दिया गया। ये बंदी भी अपने परिवार के साथ दिवाली में उत्सव मनाएंगे। बाक्स जेल में बंद इन बंदियों को मिली आजादी केन्द्रीय जेल बिलासपुर से 5 नवंबर को राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत लगाकर बंदी प्रदीप धुर्वा, करन साहू, मनबोध रात्रे, सूरज कुर्रे, राहुल देवदास, अंकित रजक, कमलेश साहू, ओमप्रकाश गोड़, अजय ठाकुर, पप्पू साहू, रंजीत सिंह ठाकुर, रमेश गुप्ता, तीजन बाई, सत्या बाई नवरंग, मोहम्मद वाजिद खान को रिहा किया गया। वहीं उप जेल पेण्ड्रारोड से बंदी नरेन्द्र सिंह मार्को, अमन राठौर, सूरज सिंह कोर्राम, शिवशंकर भारिया को रिहा किया गया है ।विशेष अभियान के तहत बिलासपुर सेंट्रल जेल व उपजेल पेंड्रारोड में बंदी व विधाराधीन कैदियों के प्रकरणों की सुनवाई की गई।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 383 किलोमीटर का सेक्शन ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली से लैस

## बिलासपुर से दाधापारा, बिल्हा, अकलतरा, घुटकू, चांपा से गेवरा रोड , नागपुर से भिलाई ट्रेने चलती है ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली से



**बिलासपुर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु) ।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों के बेहतर, सुविधाजनक, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है । यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के साथ-साथ क्षमता में वृद्धि के लिए आधुनिक एवं उन्नत तकनीक को अपनाया जा रहा है । इसी क्रम में अब स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली यानी ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है । ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के निश्चित दूरी पर सिग्नल लगाए जाते हैं । नई व्यवस्था में स्टेशन यार्ड के एडवांस स्टार्टर सिग्नल से आगे लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर पर सिग्नल लगाए गए हैं । जिसके फलस्वरूप सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहती है ।अगर किसी कारण से आगे वाले सिग्नल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाएगी । जो ट्रेन जहां रहेंगी और वो जहां है वहीं रुक जाएंगी ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बिलासपुर से दाधापारा, बिल्हा, गतौरा, जयरामनगर, लटिया, अकलतरा, उसलापुर, घुटकू, चांपा से गेवरा रोड , नागपुर से भिलाई के साथ कुल 383 किलो मीटर सेक्शन ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली से लैस है ।कोरबा से गेवरा रोड के कार्य पूरे होने से चांपा से गेवरा रोड तक का पूरा सेक्शन ऑटो सिग्नलिंग से लैस हो गया । ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से एक ब्लॉक सेक्शन में एक ही रूट पर एक से अधिक ट्रेनें चल सकती है । इससे रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ गई है । वहीं, कहीं भी खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ता है । स्टेशन यार्ड से ट्रेन के आगे बढ़ते ही ग्रीन सिग्नल मिल जाता है, यानि कि एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन आसानी से चलती है ।इसके साथ ही ट्रेनों के लोकेशन की जानकारी मिलती रहती है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम~ इस कड़ी मे नागपुर से भिलाई 279 किलोमीटर, बिलासपुर ङ्क अकलतरा के मध्य 27 कि.मी., बिलासपुर ङ्क बिल्हा के मध्य 16 कि.मी. एवं बिलासपुर ङ्क घुटकू के मध्य 16 कि.मी., चांपा से गेवरा रोड 45 किलोमीटर जैसे रेल खंडो में आटोमेटिक सिग्नल प्रणाली लागू की गई है ।साथ ही कई महत्वपूर्ण रेलखंडों में इस प्रणाली को स्थापित करने का कार्य तेजी से चल रहा है । ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली लागू हो जाने से बहुआयामी लाभ रहा है ।लागत की दृष्टि से यह कम खर्चीला है । पहले कॉपर के केबल लगाये जाते थे जिसमे लागत ज्यादा आती थी । अब ऑप्टिकल फाईबर केबल लगाये जा रहे है जिसकी लागत भी कम होती है एवं इसके चोरी होने का भी भय नही रहता है । यह रिंग प्रोटेक्टेड केबल होते है जो जल्द खराब भी नहीं होते ।इस प्रकार से दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के सभी महत्वपूर्ण रेल खंडों मे इस प्रकार की ऑप्टिकल फाईबर केबल के साथ आटोमेटिक सिग्नल प्रणाली लागू करने की योजना है, जिससे कि कम लागत मे ज्यादा आउटपुट की प्राप्ति हो साथ ही साथ ही ट्रेनों की गति में भी वृद्धि हो ।संरक्षित ट्रेन संचालन में सिग्नलिंग सिस्टम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है । रेलवे में उपयोग में आने वाले उपकरणों का उन्नयन और प्रतिस्थापन एक सतत प्रक्रिया है, जिसे आवश्यकताओं के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता एवं परिचालन आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है । समय समय पर ट्रेन संचालन में संरक्षा को और बेहतर बनाने तथा लाइन क्षमता में बढ़ोतरी के उद्देश्य से सिग्नलिंग सिस्टम का आधुनिकीकरण किया जाता है, इसी कड़ी में ट्रेनों की गति तेज करने और सुरक्षित सफर के लिए सिग्नल सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ।इस सिस्टम में वर्तमान आधारभूत संरचना के साथ रेलवे लाइन की क्षमता बढ़ जाएगी ।

## सार-संक्षेप

### पेड न्यूजः कटघोरा विधानसभा के प्रत्याशी को नोटिस जारी

**कोरबा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पैडन्यूज़ को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश के तहत विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कोरबा जिले में किसी विशेष प्रत्याशी के पक्ष में माहौल तैयार कर उसे आम जनमानस में मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत करने और निर्वाचन को प्रभावित करने के मामलों पर संज्ञान लिया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा वेबपोर्टल न्यूज़, समाचार पत्रों में प्रकाशित पैडन्यूज़, भ्रामक समाचार पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। इस मामले में संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सम्बंधित उम्मीद्वार को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं अन्यथा समाचारों के प्रकाशन को पैड न्यूज के रूप में मान्य करते हुए प्रकाशन पर व्यय की राशि व्यक्तिगत निर्वाचन व्यय में शामिल करने की बात कही गई है। पैड न्यूज के मामले में कटघोरा विधानसभा-22 के प्रत्याशी पुरूषोत्तम कंवर-इंडियन नेशनल कांग्रेस को रिटर्निंग अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। नोटिस में उल्लेख है कि एमसीएमसी द्वारा संदिग्ध पेड न्यूज के रूप में चिन्हांकन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के तारतम्य में जारी निर्देशों की अवहेलना की श्रेणी में है। इस संबंध में अपना जवाब 13 नवंबर 2023 तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा के कक्ष क्रमांक-37 (प्रथम-तल) में प्रस्तुत करें। आचार सहिंता लागू होने के साथ ही जिले में सभी समाचार पत्रों, वेबपोर्टल न्यूज़, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज़ चौनल, फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम आदि पर पैड न्यूज, भ्रामक समाचार, फेक न्यूज पर हर पल नजर रखने और रिपोर्ट तैयार करने 50 से अधिक सदस्यों की टीम तैनात की गई है।

### भाजपा सरकार की योजनाओं से महिलाओं को मिल रहा लाभ- लखन



**कोरबा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन भाजपा सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। श्री देवांगन भाजपा को प्रचंड मतों से जीताकर छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने की अपील करते हुए महिलाओं से संबंधित भाजपा सरकार की योजनाओं की भी जानकारी दे रहे हैं। श्री देवांगन ने अपने क्षेत्रीय जनसंपर्क के दौरान खासकर महिलाओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा महिलाओं के सम्मान व आर्थिक मजबूती के लिए काम किया है। बच्चों के पोषण से लेकर उनके शिक्षा के लिए कदम उठाए हैं तो दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने महिला स्व सहायता समूहों से रेडी-टू-ईट निर्माण का काम छीनकर उन्हें बेरोजगार कर दिया। कांग्रेस की सरकार महिलाओं से उनका हक छीन रही है तो हम उन्हें और मजबूत करने योजनाएं बना रहे हैं। गर्भवती माताओं को मातृत्व वंदन योजना में 6 हजार रुपए और द्वितीय संतान बालिका होने पर एकमुश्त 5 हजार रुपए देने की योजना भाजपा सरकार ने लागू की है जिसका लाभ छत्तीसगढ़ और कोरबा की महिलाओं को भी मिल रहा है। इससे आगे बढ़कर मोदी की गारंटी में अब हर विवाहित महिला को प्रतिमाह 1 हजार रुपए दिया जाएगा। इसके लिए हमने पंजीयन फार्म भी लेना शुरू कर दिया है। श्री देवांगन ने कहा कि सभी वर्गों के विकास के लिए भाजपा एक मात्र विकल्प है और इसे चुनकर प्रचंड मतों से कोरबा में विधायक व छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार चुनें।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर किया जा सकता है संपर्क

**कोरबा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत रामपुर और कोरबा विधानसभा हेतु प्रेक्षक श्री प्रियतु मंडल (आईएएस), मो.नं. 7587016645 से आम नागरिक प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक कावेरी भवन गेस्ट हाउस, कटघोरा और पाली-तानाखार हेतु प्रेक्षक श्री सी. के. जमातिया.(आईएएस), मो.नं. 7587016646 से आम नागरिकगण प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में मिलकर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।. इसी तरह व्यय आब्जर्वर श्री ओ.एन.हरिप्रसाद राव (आईआरएस) मो.नं. 7587016535 और पुलिस आब्जर्वर श्री सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी (आईपीएस) मो.नं. 7587016647 से सुबह 9.30 से 10.30 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

### डीएव्ही स्कूल में आया सांप, बच्चों को बचाती शिक्षका हुई शिकार

कोरबा-कुसमुंडा, 10 नवंबर (देशबन्धु)। कुसमुंडा के आदर्श नगर में संचालित डीएव्ही पब्लिक स्कूल में गुरूवार को सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक कक्षा में बच्चों के बीच सांप नजर आया। बच्चों के बीच आए खतरे को भांपकर शिक्षिका हरिचरण कौर ने हिम्मत दिखाई और सांप को पकड़ कर बाहर फेंक दिया। इस दौरान शिक्षिका को सांप ने हाथ में डस लिया। इसकी जानकारी होने पर शिक्षिका को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां समय पर उपचार सुविधा मिल जाने से शिक्षिका खतरे से बाहर है। बताया गया कि गुरूवार को सुबह करीब 8 बजे के लगभग यूकेजी कक्षा के सेक्शन-सी में यह घटना घटित हुई थी। बच्चों की नजर पड़ने पर भगदड़ मचने से पहले ही शिक्षिका ने हिम्मत दिखाई अन्यथा अगर बच्चों में अफरा-तफरी मचती तो उनके साथ अनहोनी हो सकती थी।

### फ्लैश मॉब डांस के जरिए मतदाता जागरूकता का संदेश

कोरबा, 10 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के दिशा-निर्देशन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा महानगरों की तर्ज पर फ्लैश मॉब डांस के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाता जागरूकता के तहत इस आयोजन में स्काउट्स-गाइड्स के कैडेट्स ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कोरबा नगर के मुख्य मार्ग स्थित पॉम मॉल के सामने फ्लैश मॉब डांस के जरिए छत्तीसगढ़ी सहित अन्य राज्यों की कला-संस्कृति की प्रस्तुति की गई। मतदान के लिए प्रेरित करने वाले गाने पर सामूहिक नृत्य प्रदर्शन कर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के आकर्षक फ्लैश मॉब डांस ने नगर वासियों को विशेष प्रभावित किया। बड़ी संख्या में शहरवासियों ने नृत्य का आनंद लिया। इसी प्रकार 15 नवम्बर को भी जिले के अनेक स्थानों में फ्लैश मॉब डांस की प्रस्तुति की जाएगी।

# धनतेरस पर बाजारों में उमड़े लोग, खरीदारी कर शुभ किया त्यौहार

### झाड़ू से लेकर जेवरात की दुकानों में चहल-पहल, सड़कों पर लगता रहा जाम



**कोरबा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। 5 दिन के दीपावली पर्व का शुभारंभ आज धनतेरस के साथ हुआ। आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरी की जयंती के रूप में भी इसे मनाया जाता है और आरोग्य की कामना के साथ भगवान धन्वंतरी की पूजा-अर्चना की गई। धनतेरस के अवसर पर कुछ न कुछ नया सामान खरीदने की परंपरा और मान्यता है, जिसे हर वर्ग के लोगों ने यथाशक्ति यथासंभव निभाया। त्यौहार शुभ करने के लिए बाजारों में झाड़ू से लेकर जेवरातों की खरीदारी लोग करते रहे।

शुक्रवार को धनतेरस के दिन बाजार में रौनक से व्यवसायियों के चेहरे खिले रहे। हर तरह के कारोबार में उछाल देखा गया। एसईसीएल, एनटीपीसी, बालको, सीएसईबी सहित अन्य उपक्रमों के अधिकारियों व कर्मचारियों को अच्छा बोनस मिलने से बाजार में उछाल आया। इस समय विधानसभा चुनाव की भी तैयारी चल रही है और चुनावी सरगर्मी के बीच दिवाली के त्यौहार की रौनक भी नजर आ रही है। बाजारों में बर्तन, सराफा, कपड़ा, मिठाई, गिफ्ट आइटम, ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक्स, बर्तन, मोबाइल, दीया, रंगोली, दुपहिया व चार पहिया वाहनों के शो-रूम आदि के दुकानों में अच्छी खासी भीड़ नजर आई। धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने को भी शुभ माना गया है और इस लिहाज से बाजारों में तरह-तरह के झाड़ू अच्छे-खासे दाम पर बेचे गए। बाजारों में अच्छी-खासी भीड़ उमड़ने के कारण शहर व उपनगरीय क्षेत्रों की सड़कों और चौक-चौराहों पर सुबह से ही जाम लगता रहा और जाम में फंसकर लोग खुद ही निकलते रहे। यातायात थाना के जवानों तथा पुलिस कर्मियों द्वारा व्यवस्था बनाने के लिए कवायद की जाती रही। इसी तरह एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन व मार्गदर्शन में अतिरिक्त बल के जवान सशस्त्र होकर बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त करते नजर आए। शहर की सड़कों पर पुलिस अधिकारी व कर्मियों ने पैदल मार्च भी किया।

# 80 प्लस वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर किया मतदान



**लोकतंत्र के यज्ञ में मतदान की आहूति देकर चेहरे पर संतोष के भाव**

**कोरबा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। अपनी दिव्यांगता और 80 वर्ष से अधिक की आयु हो जाने के कारण जिन मतदाताओं को घर से मतदान केन्द्र की दूरी तय कर मतदान करने में असुविधा होती है, उन्हें पहली बार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर घर पहुंच मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस सुविधा का मतदाताओं ने लाभ उठाते हुए घर पर ही रहकर मतदान किया। लोकतंत्र में अपनी सहभागिता निभाने के साथ ही उनके चेहरे पर खुशी और संतुष्टि के भाव सहज ही छलक उठे और मतदान कराने पहुंचे दल को धन्यवाद देने से नहीं चूके। होम वोटिंग के कार्य में मतदान दलों के साथ क्षेत्र के बीएलओ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के मार्गदर्शन में आज कटघोरा एवं कोरबा विधानसभा क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं में मतदान दलों की उपस्थिति में घर पर मतदान करके लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दी। कोरबा विधानसभा अंतर्गत खरमोरा की 92 वर्षीय श्रीमती फूलकुंवर ने घर में ही अपना वोट डाक मतपत्र के जरिए डाला। होम वोटिंग की सुविधा पाकर फू लकुंवर ने खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद दिया। कोसाबाड़ी निवासी शकुंतला और नीम चौक बस्ती निवासी शीतलमती 90 वर्ष ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। मुख्य मार्ग कोरबा निवासी वृद्धजन गुलाब देवी पाण्डेय, श्रीमती जुलेखा, सावित्री, विमला चतुर्वेदी, फुल्ली देवी सहित पुरानी बस्ती आदिले मोहल्ला निवासी परसराम आदिले, शिवपाल आदिले, दुरपा रोड निवासी गोदावरी बाई राजवाड़े, बुन्दराम चौहान, श्रीमती एच पी सिंह, सिंधी कालोनी, अमोल कुंवर, रामकुमार, जसुमति, ईश्वरी देवी, कविता कलवानी, धनवार पारा में गणेश मोदक बरई ने घर बैठे मतदान किया।

इसी तरह कोरबा विधानसभा अंतर्गत दिव्यांग मतदाता धनंजय गिरी, मो. अमीन रिज्वी, शिवकुमार प्रजापति और कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ नागरिक महावीर अग्रवाल 88 वर्ष ने घर बैठे मतदान दलों की सहायता से मतदान किया। इस दौरान दिव्यांग मतदाता शिवकुमार ने बताया कि उन्होंने होम वोटिंग के लिए अपनी सहमति पत्र दिया था। घर पर मतदान की सुविधा मिल जाने से उनकी भागीदारी लोकतंत्र के महापर्व में सुनिश्चित हो गई है। वरिष्ठ नागरिक महावीर अग्रवाल ने कहा कि पहले वे मतदान केंद्र में जाकर वोट डालते रहे हैं। उम्र अधिक होने की वजह से मतदान केंद्र में जाना एक चुनौती के समान हो गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर बैठे मतदान की सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने से आज वे वोट डालने में समर्थ हुए हैं।

### मतगणना दिवस पर मतगणना क्षेत्र में स्थित मदिरा दुकानें रहेंगी बंद

*कोरबा, 10 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सौरभ कुमार ने विधानसभा चुनाव 2023 के तहत मतगणना दिवस 03 दिसंबर 2023 (रविवार) को मतगणना क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी मदिरा दुकाने, विदेशी मदिरा दुकाने, होटलबार, क्लब आदि जैसे-एफएल 1 (घघ), एफएल 1 (घघ कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ कम्पोजिट), एफएल 2,3,3 (क,ख,ग) 4,4(क),5,5(क) 6,7,8,9,9(क) एवं सीएस-1(ख), सी.एस. 1-ग, एफत्रएल.10, 10(क)(ख) को पूर्णतः बंद रखे जाने के आदेश दिए हैं।*

*छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 संबंधी कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देश अनुरुप कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मतगणना दिवस पर पूर्णतः शुष्क दिवस घोषित करते हुए मतगणना स्थल आईटी कॉलेज झगरहा क्षेत्र के विभिन्न देशी/विदेशी/कम्पोजिट/प्रीमियम/एफएल 3, 3ए मद्यभाण्डागार को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु निर्देश जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत देशी मदिरा दुकान में तुलसीनगर वार्ड, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान आईटीआई रामपुर, देशी मदिरा दुकान कोरबा, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान दादर, देशी मदिरा दुकान दादर, देशी मदिरा दुकान लालघाट, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान रूमगरा, देशी मदिरा दुकान मुड़ापार, देशी मदिरा दुकान सर्वमंगला, देशी मदिरा दुकान लाटा, देशी मदिरा दुकान गोपालपुर, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान गेवरा, देशी मदिरा दुकान बांकीमोंगरा, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान भैरोताल शामिल हैं। इसी प्रकार विदेशी मदिरा दुकानों में टीपी नगर, निहारिका, कोरबा, लालघाट, मुड़ापार, लाटा, गोपालपुर, गेवरा, बांकीमोंगरा, सर्वमंगला तथा प्रीमियम निहारिका शामिल हैं। एफएल3,3ए होटल बार अंतर्गत रिशु बार कोसाबाड़ी कोरबा, होटल-बार सेंटरपॉइंट टीपीनगर कोरबा, होटल-बार सत्कार कोरबा, होटल रितुराज जमनीपाली, ए वन नाईट क्लब टीपी नगर एवं भण्डारण भाण्डागार अंतर्गत पम्प हाउस दशहरा मैदान कोरबा शामिल हैं। साथ ही जारी आदेश के अंतर्गत उपरोक्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानों के अतिरिक्त जिले के शेष अन्य मदिरा दुकानें व बार को खुली रखने एवं मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति प्रदान की गई है।*

### सीरीज वाले पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री उपयोग व निर्माण पर प्रतिबंधित

**कोरबा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा क्रिसमस एवं नव वर्ष के अवसर पर केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित करने कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने परिपत्र जारी किया है। इन पर्वों में अलग-अलग समय में पटाखों को फोड़ने की अवधि 2 घंटे निर्धारित किया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि जिले में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित किया जाए। पटाखे फोड़ने के लिए दीपावली में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 से प्रातः 8 बजे तक, गुरु पर्व में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक और नववर्ष-क्रिसमस में रात्रि 11.55 बजे से रात्रि 12.30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। कलेक्टर सौरभ कुमार ने छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, आयुक्त, नगर पालिक निगम, सिटी मजिस्ट्रेट को परिपत्र जारी कर उच्चतम न्यायालय एवं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

### काम के बाद शिक्षा विभाग ने लटकाया 15 करोड़ का भुगतान, ठेकेदार परेशान




**कोरबा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आरईएस कोरबा के अंतर्गत मुख्यमंत्री जतन योजना में प्राथमिक एवं माध्यमिक तथा विभिन्न स्कूलों के भवनों का जीर्णोद्धार/निर्माण कराने के उपरांत शिक्षा विभाग को हस्तांतरण किया जा चुका है। इसके पश्चात पिछले तीन महीने से विभाग के पास भुगतान हेतु राशि नहीं दिया जा सका है। दीपावली जैसे त्यौहार पर भी भुगतान नहीं हो सका है। काम करने वाले ठेकेदारों ने कलेक्टर को इस संबंध में आवेदन सौंपते हुए कहा है कि 15 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान विभाग के पास लंबित है। इतनी बड़ी रकम का भुगतान लंबित होने से ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है और मजदूरों तथा सामाग्री प्रदायकर्ताओं को भुगतान नहीं कर पा रहे हैं तथा लेनदारों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित ठेकेदारों विजय कुमार अग्रवाल, एआर कंसलटेंसी कटघोरा, सार्थक ट्रेडर्स, बालाजी इंटरप्राईजेस, आरजे कंस्ट्रक्शन, बीजी इंटरप्राईजेस, मेसर्स समर गौसमी, मे. गर्ग कंस्ट्रक्शन, कुमार एण्ड सन्स, जेपी एण्ड ब्रदर्स, हेमा कंस्ट्रक्शन कंपनी, मो. शाद कटघोरा, निरंजन कोरबा, संतोष श्रीवास , एस एस ए कंस्ट्रक्शन व दीपक कुमार डिक्सेना ने कलेक्टर सहित जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यपालन अभियंता आरईएस को भी आवेदन सौंपकर आग्रह किया है कि कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसलिए राशि शीघ्र उपलब्ध करा कर भुगतान कराया जाए।

### अमित को बनाया गया सह संयोजक



**कोरबा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के युवा अमित नवरंगलाल को भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने मतदान केंद्र सहसंयोजक नियुक्त किया है। अमित नवरंगलाल को लखन देवांगन का मतदान केंद्र सह संयोजक बनाए जाने से पार्टी के युवा कार्यकर्ता उत्साहित हैं। अमित नवरंगलाल ने कहा कि वे भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कार्य व प्रयास करेंगे। प्रत्याशी के पक्ष में वे पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं।

### घर-घर बांटी जा रही निर्वाचन आयोग की मतदाता पर्ची

कोरबा, 10 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान का समय नजदीक आता जा रहा है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन विभाग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में मतदान संबंधी कार्रवाईयों को संपन्न कराया जा रहा है। इस कड़ी में समस्त मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

# मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से किया मतदान

### प्रशिक्षण स्थल पर की गई मतदान की व्यवस्था





**कोरबा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। वे अधिकारी-कर्मचारी जिनकी ड्यूटी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों में लगाई गई है, ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। प्रशिक्षण स्थल पर बनाए गए डाक मतपत्र मतदान सुविधा केंद्र में मतदान की व्यवस्था होने पर मतदान दल में शामिल मतदाताओं ने उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भूमिका अदा की। मतदान कर्मी श्रीमती ममता डहरिया ने बताया कि उनकी ड्यूटी मतदान दलों में लगाई गई है। इसलिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का विकल्प चयन करने के साथ ही आज प्रशिक्षण स्थल में मतदान किया है। मतदान कर्मी पंकज जोशी और पंचराम साहू ने भी प्रशिक्षण स्थल में अपना महत्वपूर्ण वोट डाक मतपत्र के माध्यम से किया। शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, साडा कन्या कोरबा, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कटघोरा, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा के प्रशिक्षण स्थल में अधिकारी-कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की व्यवस्था की गई थी। मतदान दल में शामिल माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिस कर्मी एवं वाहन चालकों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था प्रशिक्षण स्थल में की गई है। वे 11 और 14 नवंबर को शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज कोरबा, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा के प्रशिक्षण स्थल में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

# निर्वाचन कार्यों में सहभागिता देना एक गर्व का विषय- प्रेक्षक

### माइक्रो आब्जर्वरों का प्रशिक्षण संपन्न



**कोरबा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र क्र. 20 रामपुर और 21 कोरबा के प्रेक्षक प्रियतु मंडल 22 कटघोरा तथा 23 पाली-तानाखार के प्रेक्षक श्री सी.के.जमातिया के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर माइक्रो आब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया। सभी माइक्रो आब्जर्वर को चुनाव कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गये। प्रेक्षकों ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अन्तर्गत निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है तो अपने क्षेत्र में समन्वय बनाकर निर्वाचन कार्य में सहभागिता प्रदान करें। निर्वाचन कार्यों में सहभागिता देना एक गर्व का विषय भी है। प्रेक्षकों ने कहा कि कोरबा जिले के अधिकांश मतदान केन्द्रों का हम लोगों ने अवलोकन किया है। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। निर्वाचन कार्य में आप अकेले नहीं हैं, आपके साथ पूरी टीम है।

प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. एम.एम.जोशी और बी.एस.राव ने मतदान दिवस को माइक्रो आब्जर्वर द्वारा किये जाने वाले कार्यों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर द्वारा 18 विभिन्न बिंदुओं में दी जाने वाली फीडबैक रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया गया। इसमें माइक्रो ऑब्जर्वर का नाम, पदनाम, आवंटित मतदान केन्द्र का नाम व नंबर, मतदान केन्द्र पर पहुंचने का दिनांक एवं समय, पीठासीन अधिकारी का नाम, कुल मतदाताओं की सूची, बनावटी मतदान समय, चुनाव प्रारंभ होने का समय, मतदान केन्द्र में सेक्टर अधिकारियों का भ्रमण मतदान केन्द्र में किसी प्रकार की हिंसा व वाद-विवाद की स्थिति, हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी, मतदान दिवस में शाम 5 बजे पंक्तिबद्ध खड़े मतदाताओं की संख्या, शाम 5 बजे के बाद वोट डाले गए मतदाताओं की संख्या तथा वहां मतदान का प्रतिशत आदि के बारे में अवगत कराया गया।

### अतिरिक्त वोटिंग मशीनों का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन

कोरबा, 10 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत जिले में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों के कमीशनिंग उपरांत सभी रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त मशीनों की मांग पर आवश्यक वोटिंग मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया।

अतिरिक्त ईव्हीएम व व्हीव्हीपेट मशीनों के प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में आवश्यक कंट्रोल यूनिट, बेलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपेट यूनिट का सभी रिटर्निंग अधिकारियों की मांग संख्या के अनुसार रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें चारों विधानसभा हेतु कुल 51 कन्ट्रोल यूनिट, 93 बेलेट यूनिट एवं 128 व्हीव्हीपेट यूनिट का रेंडमाइजेशन हुआ। कलेक्टर कार्यालय में हुई इस रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे, जिला मास्टर ट्रेनर डॉ. एम एम जोशी एवं चारों विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी सहित राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी थे।

# सार-संक्षेप

## शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करने निकाली गई स्वीप पदयात्रा




**अम्बिकापुर** 10 नवंबर 2023/ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशनुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को स्वीप पदयात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री नूतन कुमार कंवर के नेतृत्व में जिले में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में 10 नवंबर 2023 को गांधी स्टेडियम अम्बिकापुर से मिशन हॉस्पिटल, नवापारा चौक, आकाशवाणी केंद्र से मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली एवं पदयात्रा का आयोजन स्काउट गाईड कैडेटों के माध्यम से किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) श्री नूतन कुमार कंवर ने उपस्थित लोगों को 17 नवम्बर 2023 मतदान दिवस के दिन शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। साथ ही एन.एस.एस., स्काउट गाईड के वॉलेन्टियर को मतदान दिवस के दिन स्वयंसेवक के रूप में सहयोग करने को कहा और भारत निर्वाचन आयोग के सदस्य के रूप में निर्वाचन के इस पुनीत कार्य से जुड़ सकेंगे।

## 4 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 10 नवंबर (देशबन्धु)। कल कापू और पत्थलगांव पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर ग्राम कदमढोढी में 10 चोरी की बाइक के साथ एक शातिर बाइक चोर को पकड़ा गया था। कल कापू पुलिस द्वारा गांजा रेड की कार्रवाई कर क्षेत्र में लुक-छिप कर गांजा बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कल थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम थाना क्षेत्र के मतदान केन्द्रो के भ्रमण पर ग्राम जमरगा, चाल्हा की ओर रवाना हुए थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति छुही पहाड़ से पैदल ग्राम चाल्हा की ओर प्लास्टिक बोरी में गांजा लेकर अवैध रूप से बिक्री के लिए लेकर आ रहा है। थाना प्रभारी कापू द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर अपने हमराह स्टाफ के साथ तत्काल ग्राम चाल्हा जंगल पर घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा गया।

पूछताछ में संदेही अपना नाम बीरु राम कोरवा पिता स्वर्गीय लिट्टी राम कोरवा उम्र 55 साल निवासी छुही पहाड़ थाना कापू जिला रायगढ़ का बताया जिसे नाकेबंदी कार्रवाई के संबंध में जानकारी देकर उसके तथा उसके कब्जे में रखे प्लास्टिक बोरी का विधिवत तलाशी लिया गया। संदेही के पास रखे प्लास्टिक बोरी के अंदर 4 किलो मादक पदार्थ गंज कीमत 32,000 का पाया गया जिसके संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी बीरू राम कोरवा गांजा को अवैध बिक्री के लिए लाना बताया। आरोपी बीरू राम कोरवा के कृत्य पर थाना कापू में 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## बचपन प्ले स्कूल में पारंपरिक विधि व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली का त्यौहार




**मनेंद्रगढ़** 10 नवंबर (देशबन्धु)। बचपन प्ले स्कूल में दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए स्कूल की ओर से दीपावली उत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं माता लक्ष्मी-भगवान गणेशजी के पूजन और प्रार्थना के साथ हुआ। जिसमें संस्था के डायरेक्टर ज्योति ताम्रकार, आशी कक्कड़ एवं तोशी अग्रवाल उपस्थित रहे। विद्यालय प्रांगण को रंगोली एवं दीपों से सजाया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका राशि गुप्ता ने की। कक्षा एल.के.जी के छात्र-छात्राओं ने नृत्य एवं अद्भुत नाटक की प्रस्तुति दी। शिक्षिका राशि गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को दीपावली के त्यौहार के महत्व को विस्तार से समझाया। इस दौरान सभी बच्चों ने दीया डेकोरेशन एवं रंगोली जैसी गतिविधियां भी की। संस्था की डायरेक्टर श्रीमती ज्योति ताम्रकार ने बच्चों को यह बताया कि हमारा भाग्य हमारे कर्मों से परिभाषित होता है। इसीलिए हमें जीवन में हमेशा सही काम करने चाहिए। और हमें हमेशा भगवान राम से प्रेरणा लेनी चाहिए। संस्था की डायरेक्टर आशी कक्कड़ ने यह बताया कि अपने मन के अंधकार को दूर करने के लिए ज्ञान रूपी प्रकाश का दीपक जलाना चाहिए। और हमें हमेशा सत्य की राह पर चलना चाहिए। संस्था की डायरेक्टर तोशी अग्रवाल ने यह बताया कि दीपावली का त्योहार भगवान राम के 14 साल वनवास के बाद वापसी की खुशी में मनाया जाता है। तथा इस दिन घर-घर में दीपक जलाया जाता है। संस्था की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने सावधानी पूर्वक दीवाली मनाने की सलाह दी।

## अंजनी सराफ को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायगढ़** 10 नवंबर (देशबन्धु)। अंजनी सराफ (पति डॉ.सतीश सराफ गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर) को उनके शोध प्रबंध छत्तीसगढ़ राज्य के विश्वविद्यालयीन पुस्तकालयों में ई-सूचना स्त्रोत एवं सेवाएंरू एक अध्ययन के लिए डॉ.सी.व्ही.रमन विश्वविद्यालय कोटा,बिलासपुर द्वारा कला संकाय, विषय पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. सरिता मिश्रा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.सी.व्ही. रमन यूनिवर्सिटी की मार्गदर्शन में पूर्ण किया है।



# घोटाले करने वाली कका भूपेश सरकार को बदलना है-अमित शाह

## अमित शाह व ओपी चौधरी के स्वागत के लिये सड़क में उतरी जनता

**रायगढ़** 10 नवंबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृह मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज रायगढ़ में भाजपा के प्रदेश महामंत्री व पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चैधरी के पक्ष में रोड शो करते हुए ओपी चैधरी की जीत के लिये जनता का समर्थन मांगा। उनके रोड शो में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ सड़कों पर उमड़ी और जगह-जगह उनके उपर फूलों की बरसात करते हुए स्वागत भी किया गया। इससे पहले अमित शाह जशपुर जिला मुख्यालय व कुनकुरी विधानसभा में चुनाव प्रचार करने के बाद देर शाम रायगढ़ की कोड़ातराई हवाईपट्टी पर पहुंचे थे उसके बाद नगर निगम कार्यालय के सामने से रोड शो शुरू किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शाम पांच बजे करीब रायगढ़ पहुंचे उसके बाद नगर निगम कार्यालय के सामने से रथ पर सवार होकर जनता का अभिवादन करते हुए रोड शो शुरू किया। अमित शाह के रायगढ़ पहुंचते ही जनता में ऐसा उत्साह देखा गया कि उनके लिये पूरा शहर स्वागत में उमड़ पड़ा। इस दौरान रोड शो में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह खुली रथ से ओपी चैधरी का हाथ पकड़ जनता से अपील की है हमारे भाई को विधायक बनाना है। खुली जीप से जनता को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि घोटाले करने वाली कका भूपेश सरकार को उलटाना है। मैने देश भर में बहुत से घपले- घोटाले देखे लेकिन भूपेश सरकार ने गाय के गोबर तक में घोटाला कर दिया है, ऐसा किसी ने नही किया है। अमित शाह ने कहा कि ओपी चैधरी कलेक्टर की नौकरी छोड़कर जनता की सेवा करने राजनीति में आये हैं। आप एक बार ओपी चैधरी को विधायक बनाईये उसे बड़ा आदमी बनाने की जिम्मेदारी हमारी है। अमित शाह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनाने के लिये 2024 में नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिये कमल के फूल छाप पर बंटन दबायें और भाजपा सरकार बनायें।



लंबे समय बाद ऐन दीपावली त्यौहार के एक दिन पहले अमित शाह ने रायगढ़ विधानसभा में ओपी चैधरी के लिये जिस प्रकार रोड शो के जरिये माहौल बनाया उससे लगने लगा है कि रायगढ़ सीट से ओपी चैधरी व भाजपा को बढ़त मिल सकती है। बहरहाल देखना यह है कि उनके रोड शो से मतदान में भी उत्साह बढ़ता है कि नही।

# तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 68 माइक्रोऑब्ज़र्वर का हुआ रेंडमाइजेशन

## मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग व छत्तीसगढ़ पदाधिकारी रखेंगे नजर

**अम्बिकापुर** 10 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्टर परिसर में स्थित एनआईसी कक्ष में माइक्रोऑब्ज़र्वर का रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री पी कोटेश्वर राव एवं विधानसभा लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बीसी सतीशा की मौजूदगी में रेंडमाइजेशन किया गया।विधानसभा निर्वाचन 2023 के सफल संचालन हेतु मतदान दलों के साथ कुल 68 माइक्रो ऑब्ज़र्वर की ड्यूटी लगाई गई है। इस हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में कुल 31, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर में कुल 25 तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर में कुल 12 माइक्रोऑब्जर्वर मतदान प्रक्रिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इनकी ड्यूटी मतदान केंद्रों में होगी, जहां वे मतदान प्रक्रिया पर पूर्णतः माइक्रो ऑब्ज़र्वर नजर रखेंगे। जिले में कुल 786 मतदान केन्द्रों में से 50 प्रतिशत यानी 393 मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की जा रही है, जिसकी सहायता से सीधे भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा मतदान प्रक्रिया पर निगरानी की जाएगी।



इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कुंवर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम सीतापुर श्री रवि राही सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रत्येक विधानसभा में होंगे 10 संगवारी मतदान केंद

### कलेक्टर-एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

**अम्बिकापुर** 10 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुव्यवस्थित एवं सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक विधानसभा में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र, 01-01 दिव्यांग मतदान केन्द्र तथा 01-01 युवा मतदान केन्द्र बनाए जा रहे हैं। मतदान की आवश्यक तैयारियों हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने शुक्रवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में सभी सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इन सभी विशेष मतदान केंद्रों में पूर्ण साज-सज्जा के साथ आकर्षक रूप से तैयार कराया जाकर स्थापित किया जाना है, प्रत्येक मतदान केंद्र हेतु थीम का चयन कर लें और थीम के अनुसार विशेष सज्जा हो ताकि मतदाता स्वतः आकर्षित हो।

कलेक्टर श्री कुंदन ने चेकलिस्ट के अनुसार मतदान केंद्र में आवश्यक तैयारियों में मतदान दलों हेतु रुकने की व्यवस्था में शौचालय, पेयजल, भोजन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था किए जाने निर्देशित किया। उन्होंने मतदान केंद्र भवन, मतदाताओं हेतु पहुंच मार्ग, आवश्यक व्यवस्था में सेल्फी पॉइंट, साज-सज्जा, मतदाताओं की सहायता हेतु स्काउट-गाइड तथा एनएसएस के बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में प्रत्याशी को नोटिस जारी

**अम्बिकापुर** 10 नवंबर (देशबन्धु)। दरिमा तहसील के ग्राम आमादरहा में निवासरत व्यक्ति के मकान में मतदाता प्रलोभन से जुड़ी सामग्री की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एफएसटी टीम ने 45 नग प्रिंट झोला, 45 नग साड़ी तथा 45 नग कैलेंडर थैले जप्त किए हैं।

रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि उक्त 45 नग थैले में लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रबोध मिंज का नाम और फोटो अंकित है। सामग्री को फ्लाइंग स्क्वॉड दल द्वारा जप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को राशि, सामग्री आदि का प्रलोभन दिया जाकर निर्वाचन को प्रभावित करना आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक दिवस के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने प्रत्याशी को नोटिस दिया गया है।

# मतदाता जागरूकता के लिये महाविद्यालय में खेलों का आयोजन

सूरजपुर 10 नवंबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन के शत प्रतिशत मतदान कराए जाने के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत कबड्डी (महिला) एवं क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर के परिसर में कराया गया। जिसमें कबड्डी (महिला) में बरपारा की टीम एवं क्रिकेट (पुरुष) में शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय की टीम ने बाजी मारी।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं जिला प्रशासन की ओर से जिला खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय की टीम के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच खेल कर महिला मतदाताओं को महत्वपूर्ण संदेश दिया। श्रीमती आरती पाण्डेय ने कहा कि महिला हर क्षेत्र में बेहतर कर रही है इसलिए लोकतंत्र के इस महापर्व में महिला की भागीदारी बढ़-चढ़कर होनी चाहिए। श्री रामसिंगार यादव (डी.एस.पी) ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रजातंत्र की रक्षा एवं संदृढ़ता के लिए आप सभी को मतदान करना आवश्यक है। प्रतियोगिता के अन्त में मतदाताओं को शपथ ग्रहण कराया गया तथा पुरस्कार वितरण किया गया।



प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे, खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय, महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राहुल नीरज, शरदेन्दु शुक्ला, राजनाथ सिंह, महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी डॉ. सलीम किस्पोट्टा (सहा.प्रा.), विष्णु कुमार मुकेश साहू एवं नवीन कन्या महाविद्यालय की स्वीप प्रभारी सुश्री पुजांजलि भगत (सहा.प्रा.), सुश्री शिवानी पाण्डेय, सुश्री वर्षा यादव, सुश्री सनमती बाई आदि का सहयोग रहा।

## एसपी ने नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का किया उत्साहर्वधन

**सूरजपुर** 10 नवंबर (देशबन्धु)। सब जुनियर एवं सीनियर थांग ता नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे जिले के खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक ने बधाई दी। आगामी 24 से 26 नवम्बर तक रांची झारखण्ड में आयोजित होने वाले सब जुनियर एवं सिनियर थांग ता प्रतियोगिता में सम्मिलित होने जा रहे खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने प्रोत्साहन राशि प्रदाय कर बधाई देते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन करने कहा।

## रायगढ़-खरसिया एनएच में सड़क हादसा

**रायगढ़** 10 नवंबर (देशबन्धु)। रायगढ़-खरसिया एनएच 49 पर कुनकुनी गांव के पास गुरूवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के खरसिया थाना क्षेत्र में रायगढ़-खरसिया नेशनल हाईवे 49 पर स्थित कुनकुनी वेदांता साइडिंग के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से केटीएम बाईक सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतक गंगाराम और भरत कुमार निवासी बड़े जामपाली का बताया जा रहा है। वहीं दोनों के शव को 112 की मदद से सिविल अस्पताल खरसिया ले जाया गया है।

## त्यौहारों को देखते हुए मिठाई दुकानों से मिष्ठानों का लिया गया सैंपल

**अम्बिकापुर** 10 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में आगामी दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए है नकली एवं गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री रोकने हेतु जिले के समस्त मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। नकली एवं गुणवत्ताहीन मिठाइयों से लोगो के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है, मिलावट की आशंका के मद्देनजर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आरआर देवांगन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री प्रशान्त कुमार तिवारी तथा खाद्य औषधि प्रशासन की टीम द्वारा फर्म मेसर्स आरव स्वीट्स, बनारस रोड, अंबिकापुर से बूंदी लड्डू एवं मेसर्स पटेल स्वीट्स, प्रतीक्षा बस स्टैण्ड, अंबिकापुर से खोवा बर्फी व मेसर्स गुप्ता स्वीट्स, बस स्टैण्ड, ग्राम बटवाही, लुण्ड्रा से बर्फी एवं मेसर्स महामाया स्वीट्स, मेन रोड, दरिमा से बूंदी लड्डू का नमूना जांच हेतु संकलित कर परीक्षण और विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर से परीक्षण और विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम विनियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य पदार्थ में मिलावट की सर्विलेंस जांच भी की जा रही है।

## एसआरवीएम के छात्रों ने चाचा नेहरू को याद किया

**सूरजपुर** 10 नवंबर (देशबन्धु)। साधुराम विद्या मंदिर में देश के पहले प्रधानमंत्री एवं बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू का जन्मदिन इस बार दिवाली छुट्टी से पूर्व दिवस को ही बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दिवस को विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रार्थना सभा संपन्न कराई गई।

विद्यालय के प्राचार्य ने चाचा नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात कक्षा 6वीं से 12वीं तक छात्रों के लिए बाल दिवस एवं चाचा नेहरू विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें जूनियर वर्ग से तनिष्क पटेल प्रथम, साईं श्री पात्रे द्वितीय एवं नैनिका अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में विशाखा जैन डागा,अथर्व राज शांडिल्य एवं श्रेया जयसवाल को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कक्षा 1ली से 3री तक के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा पहली से अयांश अग्रवाल, वेदांश अग्रवाल,अहाना कश्यप कक्षा दूसरी से दिव्यांश सोनी, काव्य पटेल, अक्षिता मानिकपुरी एवं कक्षा तीसरी से प्रशंसा गोयल सान्वी गुप्ता एवं इशानी को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा क्रिकेट प्रतियोगिता, मैजिकल चेयर,रस्सा कस्सी जैसे अनेक खेलों का भी बच्चों ने आनंद उठाया। सभी विजेताओं को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर राहुल अग्रवाल ने पुरस्कार प्रदान किया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में सभी विजेताओं को बधाई दी एवं सभी को दिवाली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय,उप प्रचार्य डीडी तिवारी, शिक्षक एवं छात्रों ने भाग लेकर बाल दिवस का आनंद उठाया।



# संवेदनशील मतदान केंद्रों पर कड़ी निगाह रखने के निर्देश

## पुलिस ऑब्जर्वर व एसपी ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

**सूरजपुर** 10 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस ऑब्जर्वर विष्णुकांत व पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने गुरूवार को पुलिस अधिकारियों और थाना-चौकी प्रभारियों के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस ऑब्जर्वर को चुनाव के दौरान किए जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों की विस्तार से जानकारी दी। पुलिस ऑबजर्वर ने संवेदनशील बूथ और उन पर किए जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों तथा जिले की सीमा पर लगे पुलिस नाकों तथा चुनाव के दौरान व्यापक रूप से सुरक्षा के इंतजाम को लेकर विस्तार से चर्चा की। शांतीपूर्ण चुनाव को लेकर जिले के बार्डर से लगने वाले थानों व संवेदनशील सहित सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर रणनीति के बारे में चर्चा की और कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस ऑब्जर्वर ने पुलिस अधिकारियों को कहा कि चुनाव में बाधा उत्पन्न करने वालों की पहचान करते हुए सख्त कार्यवाही की जाए, पूरी निष्पक्षता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें, मतदान केन्द्र व क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग और भ्रमण करने तथा प्रत्येक शिकायत पर फौरन एक्शन लेने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बनाए गए सेक्टर पुलिस मोबाइल और क्यूआरटी वाहनों की उपलब्धता को जाना और आचार संहिता के उल्लघंन पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्षता व शांतीपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए अर्धसैनिक बलों को आगामी 1-2 दिनों में पहुंचने की जानकारी देते हुए कहा कि बाहर से आने फोर्स को पूरे जिलेभर में तैनात किया जायेगा जो स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षा प्रबंधों की जिम्मेदारी संभालेगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सेक्टर ऑफिसर और चुनाव से जुड़े अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने, बाहर से आने फोर्स के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लेग मार्च करने के निर्देश दिए। बैठक में एएसपी शोभराज अग्रवाल, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, डीएसपी नंदिनी ठाकुर, महालक्ष्मी कुलदीप, प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे, थाना-चौकी प्रभारी, चुनाव सेल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## सार-संक्षेप

### नारा लगाकर छात्रों ने मतदान करने की अपील की




**सारंगढ़** 10 नवंबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सारंगढ़ ने छात्रों द्वारा नगर भ्रमण कर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष सहयोग रहा। छात्रों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न स्लोगन के माध्यम से आम नागरिकों से मतदान हेतु अपील की। इस अवसर पर सारंगढ़ जनपद पंचायत सीईओ संजू पटेल, विद्यालय के स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की बैठक में कलेक्टर हुई शामिल

**सारंगढ़** 10 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण के मतदान तैयारी के लिए वीसी बैठक में शामिल हुई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी द्वितीय चरण में होने वाले जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से चर्चा किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा व डॉ स्निग्धा तिवारी भी शामिल हुईं।

### निर्वाचन ड्यूटी में अनुपस्थित उप अभियंता ऋषिकेश पटेल निलंबित

**सारंगढ़** 10 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने नगर पंचायत बरमकेला के उप अभियंता ऋषिकेश पटेल को निलंबित किया है।

ऋषिकेश पटेल की ड्यूटी विधानसभा निर्वाचन के उड़न दस्ता टीम में दल प्रभारी बनाया गया था। श्री पटेल को 2 नवम्बर 2023 को बिना पूर्व सूचना एवं अवकाश स्वीकृत के अपने कर्तव्य में अनुपस्थित रहने के कारण नोटिस दिया गया था। नोटिस का जवाब नही देने और 10 नवम्बर 2023 तक अपने कर्तव्य में अनुपस्थित पाए जाने के कारण उन्हें सस्पेंड किया गया है। नियम अनुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। निलंबन अवधि में पटेल का मुख्यालय कलेक्टोरेट कार्यालय सारंगढ़ होगा।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली बैठक







जांजगीर, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक ली गई। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में निर्वाचन की तैयारियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी एवं सर्व रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के पूर्व सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी प्रपत्र, सुरक्षा व्यवस्था, मॉक पोल, वेब कास्टिंग, मतदान केन्द्रों सहित समय में मतदान केंद्रों में पहुंचने व मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टी के रुकने की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण व सामग्री वापिस का दिया गया प्रशिक्षण



**जांजगीर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जांजगीर में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री वापसी के प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने कहा कि मतदान सामग्री का वितरण सतर्कता के साथ करें। उन्होंने मतदान सामग्री में ईव्हीएम, वीवीपैट, रिजर्व ईव्हीएम, वीवीपैट बैटरी बस्ता आदि सामग्री सूची सहित दी जाये तथा मिलान करके वापस सामग्री ली जाये। मास्टर ट्रेनर ने कहा कि मतदान दलों को वितरण की जाने वाली सामग्री के विषय स्पष्ट जानकारी नाम सहित होना चाहिए। इसके साथ ही दलीय भावना से इस महत्वपूर्ण कार्य का संपादन करना चाहिए। इस अवसर पर सर्व रिटर्निंग अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धनतेरस पर बाजार में बरसा धन,मंहगाई के बाजूद उमड़ी भीड़

### ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक, बर्तन और कपड़ा दुकानों में हुई खरीददारी

**जांजगीर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। धनतेरस व दीपावली के लिए बाजार सज गया है। ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक, बर्तन और कपड़ा दुकानों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। व्यवसायी धनतेरस बढ़ी भीड़ से उत्साहित है जिन्हें इस बार अच्छा व्यवसाय की उम्मीद जगी है। बढ़ी मंहगाई के बीच कर्मचारियों को बोनस मिलने से बाजार में रौनक है।

धनतेरस के दिन ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक, बर्तन और कपड़ा दुकानों में लोगों की भीड़ उमड़ी । व्यवसायी धनतेरस व दीपावली पर अच्छा व्यवसाय होने से गदगद है जो उम्मीद जता रहे हैं कि कर्मचारियों को बोनस मिलने से बाजार में रौनक रहेगी। बड़ी संख्या में लोग दीपावली के पूर्व खरीददारी करने पहुंच रहे हैं। व्यवसायी द्वारा प्रतिष्ठानों को रंग - बिरंगे फूल, मालाओं के साथ झालर लाइटों से सजाया गया है। आज बर्तन, सोना, चांदी, वाहन प्रापर्टी, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ा सहित कोई भी वस्तु खरीदी करना शुभ और समृद्धि का परिचायक माना जाता है,इस वजह से दुकानों में अच्छी भीड़ देखने को मिला। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस पूजा के साथ पांच दिन का दीपावली पर्व आरंभ हो गया। धनतेरस और दीपावली के लिए बाजार सजकर तैयार है। ज्वेलरी, कपड़े, इलेक्ट्रानिक, मोबाइल, आटोमोबाइल सहित विभिन्न दुकानों में सामान लेने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए व्यवसायी कई तरह की उपहार योजना चला रहे हैं। ज्वेलरी दुकानों में सोने के कंगन, हार, चैन, झुमका, अंगूठी सहित विभिन्न वेरायटी के आभूषण लेने लोग पहुंच रहे हैं। इसी तरह चांदी की पायल, बिछिया, गणेश लक्ष्मी प्रतिमा सहित अन्य आभूषण दुकानों में उपलब्ध हैं। सोने में हार, झुमका, कंगन, रिंग, टाप्स, लटकन, रानी हार, सूंता, कटवा, कर्णपुल, पुलसंकरी, देवरहा अंगूठी, लक्ष्मी गणेश प्रतिमा, श्रीयंत्र, पायल, करधन, प्रतिमा, आक्सोडाइज ज्वेलरी सहित अन्य वेरायटी हालमार्क के साथ उपलब्ध है। इसके अलावा चांदी में लक्ष्मी गणेश प्रतिमा, सिंहासन, आड़ता, थाली, कलश, नारियल, श्रीयंत्र, जग सेट, डिनर सेट, आइसक्रीम बाक्स, इक्लियर मूर्ति सहित अन्य सभी वेरायटी के जेवरों की मांग है। सराफा व्यवसायियों का कहना है कि इस बार भी अच्छा व्यवसाय होने की आशा है। कपड़ा दुकानों में शूट, घाघरा, चुनरी, पेंट, शर्ट, पैजामा कुर्ता, टी शर्ट, जींस आदि लेने लोग पहुंच रहे हैं। वहीं फैंसी साड़ी व सलवार शूट की पूछपरख अच्छी है। इलेक्ट्रानिक में टीवी, फ्रिज, कूलर, एसी, डीवीडी, मिक्सर ग्राइंडर आदि की पूछपरख बढ़ गई है, वहीं आटोमोबाइल, कम्प्यूटर, मोबाइल आदि की खरीदी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। झालर लाइट, वाल लैंप, मीरर लाइट, गेट लाइट की डिमांड है।

### 20 से 25 फीसदी बढ़े पटाखों के दाम

दीपावली में खासकर बच्चे पटाखे जलाकर पर्व मनाते हैं, वहीं बड़े भी बच्चों के साथ मिलकर खुशियां मनाते हैं। इसके चलते पर्व में पटाखे का महत्व बढ़ जाता है। जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में पटाखे की दुकानें लग गई है। चीनी पटाखों पर प्रतिबंध का बाजारों में असर पड़ने लगा है। पटाखा दुकान संचालकों का कहना है कि दीपावली की खुशी को बढ़ाने के लिए बाजार में इस बार फैंसी 120 व 240 सहित कई आवाज के पटाखे उपलब्ध हैं। पिछले साल की तुलना में पटाखों के भाव में 25 से 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

### भगवान धनवंतरी की हुई पूजा

धनतेरस के दिन आयुर्वेद के जनक धनवंतरी की पूजा अर्चना की जाती है। इसके बाद शनिवार 11 नवंबर को चतुर्दशी व नरक चतुर्दशी है। इस दिन महिलाएं साज श्रृंगार करती है। वहीं रात में यम देव की पूजा की जाती है। घर के बाहर कच्ची मिट्टी के 14 दिये जलाए जाते हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार धनतरेस प्रदोष काल में होता है। इस दिन शुक्र चंद्रमा कन्या राशि में होंगे। धनतेरस पर इस बार कई शुभ संयोग बन रहा है।

# बेतरतीब पार्किंग से सड़क पर लग रहा जाम

**जांजगीर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग व गौरव पथ से वाहनों के अवैध पार्किंग से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते आवागमन करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। त्यौहारी सीजन में यह परेशानी और बढ़ गई है। विवेकानंद मार्ग में एसबीआई बैंक के सामने बेतरतीब पार्किंग नजारा आम है। मगर पुलिस और नगर पालिका के द्वारा बैंक प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। यातायात उल्लंघन के नाम पर पुलिस रोज वाहन चालकों से जुर्माना जरूर वसूल रही है।

जिला मुख्यालय की अधिकांश सड़कों में वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। नगर के अधिकांश मार्ग लोगों के वाहनों का अघोषित पार्किंग स्थल बन गया है। यातायात पुलिस इन मार्गों को वाहनों से मुक्त करने में पूरी तरह असफल हो गई है। वहीं सड़क के किनारे अवैध कब्जा और निर्माण सामग्री रखे होने से आवागमन में बाधा के साथ दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के साथ अन्य राहगीरों के लिए यह सिरदर्द बन गया है। शहर के आस पास से लोग बड़ी संख्या में काम - काज व आवश्यक सामान खरीदी के लिए यहां आते हैं। इस दौरान नगर की सड़कों पर लोगों का अवागमन काफी बढ़ जाता है, लेकिन नगर की यातायात व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो पा रही है। मुख्य मार्गों में संचालित प्रतिष्ठानों व शासकीय विभागों में काम से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है। जिससे लोग अपने वाहनों को सड़कों के किनारे व सड़कों पर ही खड़ी कर देते हैं।

### त्यौहारी सीजन में सड़क पर दुकानों का सामान

नेताजी चौक से रेलवे स्टेशन तक दो किलोमीटर का गौरव पथ अवैध पार्किंग स्थल बन गया है। इस मार्ग में निवासरत लोग अपने भारी वाहनों को भी खड़ी कर देते हैं। सड़क के दोनों किनारे में स्थानीय लोगों द्वारा दुकान का सामान फैलाकर भी आवागम को बाधित किया जा रहा है। वहीं त्यौहारी सीजन के चलते दुकानदार अपने सामानों को सड़क पर निकाल देते हैं जिसके चलते भी यातायात बाधित हो रहा है।

### दुकानों के सामने अव्यवस्थित वाहनें

लिंक रोड में बैंक आफ बडौदा और विवेकानंद मार्ग व गौरव पथ में एसबीआई की मुख्य शाखा संचालित है। रोजाना बैंकों में इतनी भीड़ होती है कि लोगों के वाहन मार्ग को अवरूद्ध कर देते हैं। गौरव पथ में संचालित पंजाब नेशनल बैंक, कपड़ों की दुकानें व विभिन्न दुकानों के सामने खड़ी अव्यवस्थित वाहनों से राहगीर परेशान होते हैं।

### गौरव पथ बना अघोषित पार्किंग

नेताजी चौक से नैला रेलवे स्टेशन तक बने गौरव पथ रात होते ही लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बन जाता है। इस क्षेत्र में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के संचालन के अलावा लोग बढ़ी संख्या में निवास भी करते हैं। रात में अधिकांश लोग अपनी चार पहिया वाहनों को रोड पर खड़ी कर देते हैं। वहीं व्यवसायिक उपयोग में आने वाले चार पहिया, मेटाडोर व दस चक्का ट्रकें भी सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं। जिससे सड़क में जाम के साथ - साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# गिरगिरा से छोटे कटेकोनी नहर पार मार्ग की हालत जर्जर



**डभरा,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। मांड नहर के अंतर्गत गिरगिरा से छोटे कटेकोनी नहर पार मार्ग की हालत अत्यंत जर्जर हो गई है जिससे राहगीरों को चलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि आज से 50 साल पूर्व मांड नहर से बनाया गया था लेकिन देश आजाद हुए 75 साल हो गए फिर भी नहर मार्ग की हालत बहुत खराब है इस मार्ग से साल्हे है धौराभांठा छोटे कटेकोनी अमलीपाली पुजारी पाली तक के राहगीर आना-जाना करते हैं जबकि आजादी के इतने सालों बाद भी नहर मार्ग पर पक्की सड़कें नही बनी वही कई सरकार बनी और चली भी गई लेकिन आज स्थिति जस की तस बनी हुई है जिला प्रशासन के आला अधिकारी भी आते हैं लेकिन आंख मूंद कर चले जाते हैं और मांड नहर परियोजना के उच्च अधिकारी के कानों में जू तक नहीं रंगती है लोगों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इस समस्याओं के बारे में क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद ने भी कोई ध्यान नहीं दिया

# दीपोत्सव एवं रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश



**जांजगीर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के समस्त ब्लॉक मुख्यालयों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अंतर्गत ''दीपोत्सव'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दीप जलाकर एवं घरों के सामने मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली बनाई गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि सेक्टर पर्यवेक्षकों द्वारा मतदाता एप्प के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदाता के अधिकार एवं महत्व को बताया गया की मतदान हमारा अधिकार ही नही बल्कि कर्त्तव्य भी है जिसका उपयोग हमे समाज हित में करना चाहिए। सही व्यक्ति का चुनाव कर हम देश व समाज का भविष्य तय कर सकते है एक एक मत बहुमूल्य है इसलिए मतदान का उपयोग किसी के बहकावे या लालच में आये बिना सही व्यक्ति के चुनाव में करना चाहिए। कार्यक्रम में जिले के प्रत्येक समस्त ब्लॉक मुख्यालयों से लगभग 5601 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं रंगोली बनाया गया। जिसमें समस्त प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# अपराधों पर अंकुश लगाने आचार संहिता के दौरान आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**जांजगीर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, अवैध फटाखा, आर्म्स एक्ट एवं अन्य अपराधों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। शांति व्यवस्था बनायें रखने के लिए जिले के थाना / चौकी में कुल 1226 आरोपियों के विरूद्ध प्रबिंधात्मक कार्यवाही किया जाकर 368 आरोपियों के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही किया गया है।

सार्वजनिक स्थानों पर धारदार तलवार/चाकू लहराते पाये जाने पर जप्त कर पूर्व में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है न्यायिक रिमाण्ड पर। जिले में 16 जुआ प्रकरण में 63 आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 99,040/ रू जप्त किया जाकर विधिवत् जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। जिले में 94 आरोपियों के कब्जे अवैध शराब कुल 1877.65 लीटर, किमती 2,61,950 / रू को जप्त किया जाकर आबकारी एक्ट के तहत् विधिवत् कार्यवाही किया गया है। जिले में 53,99,335/ रूपया का अवैध रूप से फटाखा 21 आरोपियों के कब्जे से विरूद्ध बरामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध धारा 9 (ख) विषफोटक अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है। जिले के आदतन बदमाश/गुण्डा बदमाश के विरूद्ध जिला बदर कार्यवाही हेतु पूर्व में भेजी जा चुकी है विस्तृत प्रतिवेदन जिला कलेक्टर जांजगीर को। यातायात नियमों का उलंधन किये जाने पर 2007 वाहन चालकों से 6,77,000/ रूपया का समन शुल्क लिया जाकर मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। विधान सभा चुनाव व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध लगातार की जा रही है विधिवत् कार्यवाही। जिला पुलिस द्वारा आदर्श आचार संहिता लगने उपरांत, विधान सभा सुरक्षा/ब्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, दिनांक 09.10.2023 से 09.11.2023 तक अपराधो पर अंकुश लाने के जिले के सरहदी क्षेत्र में नाके बंदी कर संदिग्ध वाहनो /आरोपियों की लगातार चेकिंग की जा रही है, तथा *जिले में एसएसटी / एफएसटी टीम गठित किया जाकर लगातर थाना/चौकी क्षेत्र में पेट्रोलिंग की जाकर संदिग्ध ब्यक्तियो पर निगरानी रखी जा रही है।

# पैसेंजर ट्रेन से गिरे दो व्यक्ति, अस्पताल में भर्ती

### घायल एक व्यक्ति को बिलासपुर रेफर किया गया

जांजगीर, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। अकलतरा क्षेत्र के कोटमीसोनार स्टेशन में पैसेंजर ट्रेन से 2 व्यक्ति गिर गए। दोनों घायलों को अकलतरा अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां से एक घायल को गम्भीर हालत में बिलासपुर रेफर किया गया है। जांजगीर क्षेत्र के खोखरा गांव से रघुनाथ राठौर और बम्हनीडीह क्षेत्र के लखुर्री गांव के दीपक कर्ष, पठानकोट गए थे, वहां से वे लौट रहे थे।

दोनों बिलासपुर से सवार होकर पैसेंजर ट्रेन से जांजगीर स्टेशन आ रहे थे। वे कोटमीसोनार स्टेशन पहुंचे थे कि गेट में बैठा रघुनाथ राठौर गिर गया और उसे बचाने के चक्कर में दीपक कर्ष भी गिर गया। दोनों को भक्त मां कर्मा एम्बुलेंस द्वारा अकलतरा अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों का इलाज किया गया और गम्भीर रूप से घायल रघुनाथ राठौर को बिलासपुर रेफर किया गया है।

# स्कूटी पर शराब की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

### साइबर सेल व तमनार पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़** 10 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर विभिन्न चेक पॉइंट पर एसएसटी टीम के साथ थाना एवं साइबर सेल की टीम द्वारा वाहनों की जांच में सहयोग किया जा रहा है। इसी दरमियान कल शाम पालीघाट चैंक पर वाहन चेकिंग के दौरान साइबर सेल स्टाफ को सूचना मिली कि एक व्यक्ति उड़ीसा की ओर से स्कूटी पर अवैध बिक्री के लिए भारी मात्रा में उड़ीसा में बेची जाने वाली अंग्रेजी शराब और महुआ शराब लेकर आ रहा है।

वरिष्ठ अधिकारियों को साझा की गई मुखबीर सूचना पर तत्काल तमनार पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा हमीरपुर यात्री प्रतीक्षालय के पास वाहनों की जांच में लग गए। इस दौरान प्लेजर स्कूटी आ रहे संदिग्ध युवक को रोक कर पूछताछ किया गया जिसे अपना नाम रोहित निषाद पिता हरिश चंद निषाद उम्र 26 साल निवासी बाजार पारा तमनार जिला रायगढ़ का बताया जिसके स्कूटी के पैरदानी के पास रख दो प्लास्टिक के थैले में अंदर विभिन्न प्रकार के अंग्रेजी ब्रांड के शराब और एक-एक लीटर क्षमता वाली पानी बोतल रखा हुआ महुआ शराब मिला। युवक रोहित निषाद से शराब परिवहन के संबंध में पूछताछ कर विधिवत रोहित निषाद को नोटिस देकर अवैध बिक्री के लिए ले जा रहे उड़ीसा राज्य में विक्रय वाली अंग्रेजी शराब- ऑफिसर्स चॉइस, ब्लेंडर प्राइड, रॉयल स्टेज इत्यादि की 4 बोतल, 8 अद्धी, 49 पाव और 1-1 लीटर वाली 6 प्लास्टिक बॉटल में भरा महुआ शराब अनुमानित 29 हजार रूपये की अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त प्लेजर स्कूटी को जप्त किया गया।

आरोपी रोहित निषाद पर थाना तमनार में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है । निरीक्षक थाना प्रभारी तमनार आशीर्वाद राहटगांव के नेतृत्व में शराब रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक खेमराज पटेल, सुरूति लाल सिदार, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, महेश पंडा, प्रशांत पंडा, सुरेश सिदार और नरेश रजक की अहम भूमिका रही है।

# कार्डिनल रोटी बैंक मना रहा हर घर मुस्कान वाली दिवाली

### गरीबों व वंचितों के साथ सामाजिक सहयोग से संस्था बांटती है मिठाई, कपड़े व पटाखे

### 3 साल से जरूरमंदों में बचे हुए खाने को बांट रहा है कार्डिनल रोटी बैंक

**रायगढ़** 10 नवंबर (देशबन्धु)। बीते सालों की तरह इस बार भी कार्डिनल रोटी बैंक दीवाली त्यौहार को गरीब-जरूरतमंदो-अनाथ आश्रम-वृद्धा आश्रम में मना रही है। 3 साल से कार्डिनल ग्रुप सामाजिक सहयोग से हर घर दीवाली मना रहा है। लोग स्वस्फूर्त पटाखे, मिठाइयां और कपड़े संस्था में दे रहे हैं जिसे कार्डिनल रोटी बैंक दीवाली के पहले जरूरतमंदों में वितरित करेगा। इसके लिए संस्था ने लोगों से सहयोग की अपील की है। ताकि वह अधिक से अधिक लोगों के चेहरे पर दीवाली के दिन खुशियां बिखेर सकें।

दीवाली के अलावे शहर में कोई आयोजन जैसे जन्मदिन, विवाह, दशकर्म व ऐसा कार्यक्रम जहां भोजन की व्यवस्था हो और वह बच गया हो तो लोग अब उसे फेंकते नहीं गरीब और जरूरतमंदों के बीच बांटकर उनके चेहरों पर खुशी और जरूरत को पूरा कर रहे हैं। उन्हें इस अन्नदान के पुण्य का भागी बना रहे हैं रोटी बैंक जो शहर के युवाओं का समूह कार्डिनल चार्जर्स की मुहिम है। रोटी बैंक ने बीते तीन सालों से बचे हुए खानों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। सिर्फ बचे हुए खाने नहीं लोग अब उन्हें अपने परिजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वर्षगांठ या किसी खास दिन इत्यादि में गर्मागर्म भोजन बनवाकर बंटवा रहे हैं।

हर महीने कम-से-कम 7 दिन लोग संस्था के माध्यम से गर्म खाना बनवाकर वितरित करवा रहे हैं।

संस्था के अध्यक्ष अरूण उपाध्याय ने बताया रायगढ़ दानवीरों की नगरी है। जिनके पास अतिशेष कपड़ा, मिठाई, पटाखे या फिर जो स्वेच्छा से दान करना चाहते हैं उनके लिए बस हम एक जरिया हैं। लोग 11 अक्टूबर तक हमें सामान दे सकते हैं फिर इसी दिन से हम इसे बांटना शुरू करेंगे। दीवाली के दिन घर किसी घर में इसकी खुशियां महकें। गरीब-वंचितों के लिए हम लगातार खाना पहुंचाते रहे हैं तो दीवाली में उन्हें क्यों छोड़ दे। शहर के कई लोगों ने हमारी मुहिम को सराहा है फिर चाहे वह डॉक्टर, नेता, पत्रकार, आमोखास कोई भी हो।

# देश विदेश

## पुर्तगाल के राष्ट्रपति ने की मार्च में संसदीय चुनाव की घोषणा

लिस्बन, 10 नवंबर (एजेंसियां)। पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने मंगलवार को प्रधान मंत्री एंटोनियो कोस्टा के इस्तीफे के बाद 10 मार्च, 2024 के लिए आकस्मिक संसदीय चुनावों की घोषणा की है, जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप है। काउंसिल ऑफ स्टेट के साथ एक बैठक के बाद टेलीविजन पर राष्ट्रीय संबोधन में रेबेलो डी सूसा ने संसदीय चुनावों की घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सदन ने 31 अक्टूबर को पहली बार पढ़ने पर 2024 बजट विधेयक को मंजूरी दे दी और अंतिम वोट 29 नवंबर को होगा।

# जयशंकर ने ब्लिंकन से इजरायल-हमास युद्ध व हिंद-प्रशांत मुद्दों पर की चर्चा



**नई दिल्ली,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को यहां दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ रणनीतिक नई दिल्ली-वाशिंगटन संबंधों को मजबूत करने, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक स्थिति सहित क्षेत्रीय मुद्दे व इजरायल-हमास युद्ध के नतीजों पर चर्चा की। यह बैठक भारत-अमेरिका 2प्लस2 रक्षा और विदेश मंत्रियों की वार्ता के पांचवें संस्करण से पहले हुई। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह राज्य सचिव ब्लिंकन से मिलकर खुशी हुई। हमारी रणनीतिक साझेदारी को और विकसित करने पर एक खुली और उत्पादक बातचीत हुई। इस यात्रा का एक विशेष महत्व है, क्योंकि हमें पीएम मोदी की जून यात्रा और राष्ट्रपति बाइडेन की सितंबर यात्रा का अनुसरण करने की आवश्यकता है। यह 2प्लस2 मंत्रिस्तरीय वार्ता है, इसलिए हम जो कर रहे हैं उसका व्यापक दृष्टिकोण रखते हैं।' मंत्री ने कहा कि उन्होंने पश्चिम एशिया, हिंद-प्रशांत और अन्य क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने चर्चाओं की व्यापक प्रकृति को रेखांकित किया, विशेष रूप से क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता) के सदस्यों के रूप में इंडो-पैसिफिक और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को 'बड़ी चिंता' बताया।

भारत अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ क्वाड गठबंधन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख का मुकाबला करना है। ब्लिंकन ने जयशंकर से मुलाकात के बाद कहा, 'यहां भारत में होना हमेशा अद्भुत होता है। हम जुड़ाव का एक उल्लेखनीय वर्ष बना रहे हैं। हमारे पास न केवल अब तक की सबसे मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी है, बल्कि एक क्षेत्रीय और वास्तव में एक वैश्विक साझेदारी भी है, जो आगे प्रमाणित हुई है इस वर्ष जी20 के लिए भारत के नेतृत्व द्वारा।' उन्होंने कहा, 'हमें बहुत कुछ करना है, इसमें हमारे रक्षा सहयोगी भी शामिल हैं। मुझे लगता है कि यह इंडो-पैसिफिक, भविष्य के लिए हमारे क्षेत्र पर अमेरिका के दृढ़ फोकस का एक और सबूत है, भविष्य वास्तव में अभी है, और हम भारत के साथ मिलकर इसका निर्माण कर रहे हैं।'

# ड्रोन हमले के जवाब में आईडीएफ ने सीरिया में किया हवाई हमला

**तेल अवीव,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि उसने दक्षिणी इजरायली शहर इलियट में एक स्कूल की ओर पड़ोसी देश से किए गए ड्रोन हमले के जवाब में सीरिया में हवाई हमला किया। सेना ने एक बयान में कहा कि उसने सीरिया में उस स्थान की पहचान की है, जहां से गुरुवार को एलियाट में ड्रोन हमला किया गया था। आईडीएफ ने यह भी कहा कि उसने 'उस संगठन पर हमला किया, जिसने ड्रोन हमला शुरू किया था।' इसने सीरियाई धरती से किसी भी हमले के लिए दमिश्क की सरकार को भी जिम्मेदार ठहराया। सेना ने बयान में कहा कि 'सीरियाई शासन अपनी धरती पर होने वाली सभी आतंकवादी गतिविधियों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है।' इसमें कहा गया, 'आईडीएफ इजराइल पर हमले के किसी भी प्रयास का जोरदार जवाब देगा।' इससे पहले शुक्रवार को, आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट किया था कि यूएवी ने इलियट शहर में एक नागरिक इमारत को टक्कर मार दी।'



**आईडीएफ ने गाजा में हमास के शीर्ष कमांडरों को मार गिराया**

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसके सैनिकों ने गाजा में 7 अक्टूबर के नरसंहार में भाग लेने वाले कई वरिष्ठ हमास कमांडरों को मार डाला है। सेना ने कहा कि कमांडर – अहमद मूसा और अम्र अलहांडी – उग्रवादी समूह कुलीन नुखबा बलों का हिस्सा थे। मूसा नुखबा कंपनी कमांडर था जबकि अलहांडी ने एक प्लाटून कमांडर के रूप में कार्य किया था। आईडीएफ ने कहा कि ये दोनों जबालिया क्षेत्र में छिपे हुए थे। सेना ने यह भी बताया कि शिन बेट सुरक्षा एजेंसी से मिली खुफिया जानकारी के बाद यह ऑपरेशन चलाया गया। आईडीएफ के अनुसार, मूसा हमास के उन कमांडरों में से था, जिसने 7 अक्टूबर को ज़िकिम बेस, पास के किबुत्ज़ और क्षेत्र में एक अन्य सैन्य चौकियों पर हमले का नेतृत्व किया था। सेना ने उत्तरी गाजा ब्रिगेड में हमास के स्नाइपर समूह के प्रमुख मुहम्मद कहलौत की हत्या की भी घोषणा की। लेकिन इसने उग्रवादी के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी।

## सुडोकू 6373


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 6 | 5 | 3 |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | 4 | 5 | 6 | | | | | 1 |
| | | 1 | | 7 | | | | |
| 9 | | | 1 | 6 | 8 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 1 | | |
| 5 | | | | | 7 | 3 | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| 2 | 3 | 8 | | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

## वर्ग पहेली 6373




**बायें से दायें:-**

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, पुस्तक, फिल्म या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को काट देना है (सेंसर)
४. देर करना, देरी होना
६. किरण
७. वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
११. किसी विशेष संकल्प के लिए किया या उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, प्रकट,उजागर (उर्दू)
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट (उर्दू)
२१. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**

१. मध्याह्न
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतनवृद्धि की तालिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक, राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

## वर्ग पहेली-6372



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 11 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 14**

### राशिफल

मेष - व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिवार का आनंददायी वातावरण भी आप के मन को खुश रखने में सहायता करेगा। घर में सुखदायी घटना घटेगी। शारीरिक स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। आप को सहयोगियों का साथ मिलेगा।

वृषभ - आज बौद्धिक चर्चाओं से दूर रहें। विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। मन में चिंता बनी रहेगी। पेट सम्बंधित रोग से भी मन चिंतित रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आप थोड़े आलसी बने रहेंगे। हालांकि कोई पुरानी चिंता दूर होगी।

मिथुन - आज आप में ताजगी का अभाव रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की भी संभावना है। स्थायी संपत्ति को लेकर आज आपके प्रयास सही दिशा में आगे नहीं बढ़ेंगे। आकस्मिक धन की संभावना रहेगी।

कर्क - किसी भी काम को बिना विचारें ना करें। आज रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ मिलना-जुलना हो सकता है। उनके प्रेम से आप में आनंद में वृद्धि होगी। विरोधियों के सामने मजबूत मनोबल से टिके रहेंगे।

सिंह - आज बौद्धिक क्षमता से किसी खास चर्चा में आकर्षण का केंद्र रहेंगे, हालांकि वाद-विवाद टालें। पारिवारिक सदस्यों के साथ अच्छा समय गुजरेगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है।

कन्या - आप के वाणी के प्रभाव से कोई विशेष काम कर पाने की स्थिति में रहेंगे। इससे अन्य लोगों के साथ आपके प्रेम संबंध बढ़ेंगे। किसी पर्यटन का कार्यक्रम बना सकते हैं। व्यापार के क्षेत्र में भी आप को लाभ होगा।

तुला - क्रोध को वश में रखकर स्वभाव को नरम बनाए रखें। वाणी पर संयम रखने से वातावरण को शांत रखने में आप सफल हो सकते हैं। नियमों से जुड़ी बातों और निर्णयों को सोच-समझकर करें।

वृश्चिक - जीवनसाथी की तलाश के लिए आज का दिन शुभ है। आय और व्यापार में वृद्धि के योग हैं। मित्रों के साथ प्रवास पर घूमने जा सकते हैं। जहां आपका समय काफी आनंदपूर्वक गुजरेगा।

धनु - आज आपकी कार्य की योजनाएं अच्छी तरह से पूरी होगी। व्यापार में भी सफलता मिलेगी। कार्यालय में वातावरण अनुकूल रहेगा। परिश्रम के अनुसार पद में भी उन्नति होगी। परिवार में भी आनंद-उल्लास बना रहेगा।

मकर - आज विदेश जाने के इच्छुक लोगों का प्रयास सफल हो सकता है। धार्मिक यात्रा पर जाना होगा। परिजनों में आनंद और उल्लास का वातावरण बना रहेगा। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे।

कुंभ - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। बाहर खाने-पीने से आज आपको बचना चाहिए। अपनी वाणी पर संयम रखने से आप किसी के साथ उग्र चर्चा अथवा मनमुटाव को टालने में सफल हो सकेंगे।

मीन - व्यवसाय में भागीदारी से आप को लाभ होगा। किसी मनोरंजन स्थल पर स्नेहीजनों के साथ जाने का कार्यक्रम बनेगा। दोपहर के बाद परिस्थिति में परिवर्तन का अनुभव आप करेंगे। आज किसी नए काम की शुरुआत ना करें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# गिरफ्तार हमास आतंकवादियों को कानूनी सहायता नहीं देगा इज़रायल पब्लिक डिफेंस

**तेल अवीव,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल में वकील रखने में अक्षम लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करने वाले सरकारी विभाग पब्लिक डिफेंस ने साफ तौर पर कहा है कि कोई भी वकील या कानूनी फर्म 7 अक्टूबर के हमले और नरसंहार के बाद गिरफ्तार किसी भी हमास आतंकवादी का प्रतिनिधित्व नहीं करेगा। इजराइल पब्लिक डिफेंस के फैसले का न्याय मंत्री यारिव लेनिन ने स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'मैं 7 अक्टूबर को इज़राइल में हत्या और तबाही को अंजाम देने वाले हमास की हत्याओं का प्रतिनिधित्व करने से इनकार करने के पब्लिक डिफेंस के फैसले का स्वागत और समर्थन करता हूं।' उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय गिरफ्तार आतंकवादियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए काम करता रहेगा। संविधान, कानून और न्याय आयोग के अध्यक्ष, एम.के. सिम्चा रोटमैन ने यह भी कहा कि पब्लिक डिफेंस को अदालतों में आतंकवादियों का प्रतिनिधित्व नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'स्वॉर्ड्स ऑफ आयरन युद्ध की शुरुआत के बाद से मैंने यह रुख अपनाया है कि सामान्य रूप से आतंकवाद और विशेष रूप से हमास आतंकवाद से निपटने के लिए आपराधिक कानून सही उपकरण नहीं है। 'हमें एक नए बुनियादी ढांचे की जरूरत है जो बर्बर बलात्कार और नरसंहार करने वाले नीच हत्यारों से निपटने के लिए उपयुक्त हो, जिसे आपराधिक कानून सामान्य रूप से नहीं समझ सकता है।'



**कोई भी वकील या कानूनी फर्म 7 अक्टूबर के हमले और नरसंहार के बाद गिरफ्तार किसी भी हमास आतंकवादी का प्रतिनिधित्व नहीं करेगा**

इज़रायल पब्लिक डिफेंस ने 1961 में एक पूर्व नाजी अधिकारी ओटो एडोल्फ इचमैन का प्रतिनिधित्व करने से इनकार कर दिया था, जिसे मई 1960 में अर्जेंटीना में इज़रायल की खुफिया एजेंसी मोसादने पकड़ लिया था और इज़रायल के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष मुकदमा चलाया गया था। परिणामस्वरूप, इचमैन को अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए जर्मनी से एक वकील लाना पड़ा।

# आईडीएफ ने हमास के टॉप नेता याह्या सिनवार के भाई के दफ्तर पर छापा मारा

**तेल अवीव,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने हमास संगठन के टॉप नेता याह्या सिनवार के भाई मोहम्मद सिनवार के दफ्तर पर छापेमारी की और हथियार जब्त किए। आईडीएफ ने शुक्रवार को बताया कि 7वीं बख्तरबंद ब्रिगेड ने मोहम्मद सिनवार के दफ्तर पर छापेमारी की और हथियारों के अलावा हमास के कई पर्चे जब्त किए। सशस्त्र बलों ने नागरिक आवासीय क्षेत्र के मध्य में स्थित हमास सैन्य चौकी और प्रशिक्षण स्थल पर भी छापा मारा। आईडीएफ ने कहा कि उन्होंने कई हथियार, मिसाइलें, ड्रोन, नक्शे, संचार उपकरण, मोर्टार और तकनीकी उपकरण जब्त किए हैं। 7वीं बख्तरबंद ब्रिगेड ने हमास 'सबरा' बटालियन पर भी छापा मारा और एंटी-रॉकेट एक्टिवेशन और अंशशोधन सिस्टम बरामद किया। आईडीएफ ने कहा कि उन्होंने सबरा बटालियन से ड्रोन, लोडेड रॉकेट लॉन्चर, तकनीकी उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और कई अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। इससे पहले, इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा था कि इजरायली सेना याह्या सिनवार को मार डालेगी, जिसे 7 अक्टूबर के हमले के पीछे मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है।

## ऑस्ट्रेलिया में कार दुर्घटना मामले में शामिल बुजुर्ग ड्राइवर के खिलाफ अभी आरोप तय नहीं

मेलबर्न, 10 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में हुए एक कार दुर्घटना मामले में पुलिस ने कहा कि दुर्घटना में शामिल बुजुर्ग ड्राइवर के खिलाफ अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है। इस हादसे में दो बच्चों सहित पांच भारतीय मूल के लोगों की मौत हो गई थी। वहीं पांच अन्य लोग घायल हुए थे। इंसुलिन पर निर्भर मधुमेह रोगी 66 वर्षीय ड्राइवर 5 नवंबर को हुई टक्कर के बाद से चिकित्सा देखभाल में हैं। पुलिस ने मंगलवार को उनसे पूछताछ की। विक्टोरिया पुलिस ने एक बयान में कहा, 'इस समय ड्राइवर पर आरोप नहीं लगाया गया है, उसकी देखभाल से रिहाई के बाद भी पूछताछ जारी रहेगी।' ड्राइवर के वकील मार्टिन अमाद ने कहा कि उनका मुवक्किल एक पारिवारिक व्यक्ति है, जिसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। टक्कर के बाद उसके खून में अल्कोहल की रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। अमाद ने एक बयान में कहा, 'वह बहुत व्यथित हैं और पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों और डेलेसफोर्ड समुदाय के प्रति गहरी सहानुभूति महसूस करते हैं।'

# वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविर पर इजरायली हमले में 14 लोगों की मौत

**गाजा,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। गाजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वेस्ट बैंक में जेनिन शरणार्थी शिविर पर इजरायली सेना के हमले में कम से कम 14 लोग मारे गए। मंत्रालय के अनुसार, गुरुवार को 12 घंटे से अधिक समय तक फिलिस्तीनियों के साथ सशस्त्र संघर्ष चला। इस घटना के परिणामस्वरूप व्यापक बुनियादी ढांचे को भी नुकसान हुआ। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि हताहत होने वाले नागरिक थे या आतंकवादी। सीएनएन के मुताबिक इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने 'आतंकवादी बुनियादी ढांचे को विफल करन' और उस व्यक्ति के घर को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन चलाया, जिसने कथित तौर पर 31 अगस्त के हमले में एक ऑफ-ड्यूटी इजरायली सैनिक की हत्या कर दी थी। 'इंजीनियरिंग बलों ने जेनिन शरणार्थी शिविर में हमारे बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से विस्फोटक उपकरणों का पर्दाफाश किया। सेना ने एक बयान में कहा, सेंट्रल कमांड के कमांडर ने उस आतंकवादी के घर को ध्वस्त करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसने मकाबिम चौकी और हाशमोनैम चौकी पर भगदड़ मचाई थी। संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य एजेंसी के अनुसार, जेनिन शरणार्थी शिविर, जो जेनिन नगर पालिका की सीमा पर है और वेस्ट बैंक का सबसे उत्तरी शिविर है, में लगभग 23,628 फिलिस्तीन शरणार्थी पंजीकृत हैं। जब से हमास ने 7 अक्टूबर को इज़राइल के खिलाफ अपना युद्ध शुरू किया है, वेस्ट बैंक में इज़राइली बलों द्वारा 45 बच्चों सहित 167 फिलिस्तीनियों को मार दिया गया है।

**■ गुरुवार को 12 घंटे से अधिक समय तक फिलिस्तीनियों के साथ सशस्त्र संघर्ष चला**



## सुडोकू 6373 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 |

## आज का इतिहास

1208- ओत्ता वान विटल्सबाश को जर्मनी का राजा चुना गया।
1745- चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट उर्फ बोनी प्रिंस चार्ली की सेना इंग्लैंड में घुसी।
1818- मलक्का में रॉबर्ट मॉरिसन ने एंग्लो-चीनी कॉलेज (बाद में इसका नाम बदलकर यिंग वा कॉलेज) की स्थापना की।
1836: चिली ने बोलीविया और पेरु के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1839- अमेरिका में पहले राजकीय सैन्य कॉलेज वर्जीनिया सैन्य संस्थान की स्थापना की गयी।
1852- वेस्टमिंस्टर का नया पैलेस लंदन में खोला गया।
1880- ऑस्ट्रेलियाई बैंक लुटेरे बुश्रृंगेर नेड केली को मेलबर्न में फांसी दी गयी।
1888 - स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का सऊदी अरब में जन्म।
1888- प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी और राजनीतिज्ञ जे. बी. कृपलानी का हैदराबाद (सिंध) में जन्म।
1889- वाशिंगटन को अमेरिका का 42वां प्रांत घोषित किया गया।
1918: पोलैंड ने खुद को स्वतंत्र देश घोषित किया।
1930- एल्बर्ट आइंस्टीन को 'आइंस्टीन रेफ्रीजरेटर' के अविष्कार का पेटेंट दिया गया।1934- ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में युद्ध में सेवाएं देने वालों के सम्मान में 'द श्राइन ऑफ रिमेंबरेंस' खोला गया।
1938- इज़्मत इनोऊ तुर्की के दूसरे राष्ट्रपति बने।
1953- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में पहली बार 'पोलियो वायरस' की पहचान हुई और उसका चित्र लिया।
1962: कुवैत की नेशनल असेंबली ने संविधान को स्वीकार किया।
1965- प्रधानमंत्री इयान स्मिथ के नेतृत्व में दक्षिणी रोडेशिया ब्रिटेन से अलग होकर रोडेशिया बन गया।
1966: अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष यान 'जैमिनी-12' लॉन्च किया।

**संकट** ग्राहकों को पर्याप्त भोजन और अन्य आपूर्ति प्रदान नहीं कर सकता : स्टी लुईस आउटरीच सेंटर ऑफ पील

# कनाडा में फूड बैंक ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अपने दरवाजे बंद किए

**टोरंटो,** 1 नवम्बर (एजेंसियां)। कनाडा के ओंटारियो प्रांत में एक फूड बैंक ने आपूर्ति की भारी मांग को पूरा करने में विफल होने पर अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए। सीबीसी न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रैम्पटन स्थित स्टी लुईस आउटरीच सेंटर ऑफ पील ने कहा कि वह अपने ग्राहकों को पर्याप्त भोजन और अन्य आपूर्ति प्रदान नहीं कर सकता क्योंकि सितंबर से आउटलेट पर आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ रही है। खाद्य बैंक एक धर्मार्थ संगठन है जो सुरक्षित, पौष्टिक भोजन एकत्र करता है और इसे खाद्य असुरक्षा का सामना करने वाले व्यक्तियों और परिवारों को पुनर्वितरित करता है।

डेली ब्रेड फ़ूड बैंक की सबसे हालिया वार्षिक रिपोर्ट में जुलाई 2022 से जून 2023 तक उपयोग में साल-दर-साल 63 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। स्टी लुईस आउटरीच सेंटर ऑफ पील की अध्यक्ष कैथरीन रिवेरा ने सीबीसी न्यूज को बताया, 'हमें तीन, चार, कभी-कभी नौ, दस लोगों के समूह मिलते हैं, जो अपने बैकपैक्स के साथ मुफ्त सामान के लिए तैयार रहते हैं, हम उनसे कहते हैं, 'हम आपको खाना नहीं खिला सकते, आप अपने और अपने परिवार के लिए ज़िम्मेदार हैं।' रिवेरा ने कहा कि छात्रों को कनाडा आने से पहले अपने पहले वर्ष के लिए धन दिखाना आवश्यक है, और इसलिए उन्हें खाद्य बैंकों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। जवाब में, एटोबिकोक में साईं धाम फूड बैंक के सह-संस्थापक विशाल खन्ना ने कहा कि किसी को यह नहीं मानना चाहिए कि जब जीवन यापन की लागत इतनी अधिक है तो छात्रों के पास खुद को बनाए रखने के लिए पैसा है। सीबीसी को बताया, यहां तक कि औसत कनाडाई व्यक्ति जो 60,000 डॉलर कमा रहा है, वह अभी भी हमारे फूड बैंक में खा रहा है, जिसका फूड बैंक 57 कॉलेजों के 1,500 छात्रों को हर सुबह खाना परोसता है। खालसा एड के राष्ट्रीय निदेशक जिंदी सिंह ने इस कदम को 'काफी परेशान करने वाला' बताया क्योंकि कुछ छात्रों के पास भोजन और अन्य खर्चों को कवर करने के लिए हर महीने केवल 688 डॉलर ही बचते हैं।



सिंह ने कहा, 'झे आश्चर्य है कि क्या उन्हें एहसास है कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए यह कितना मुश्किल है, उनमें कुछ जो भारी कर्ज में डूबे हुए हैं, जीवनयापन संकट के दौरान संघर्ष कर रहे लोगों के लिए फूड बैंक में जाना एक अंतिम उपाय है।' सिंह ने समाचार चैनल को बताया कि खालसा एड को नौकरी खोजने के लिए संघर्ष कर रहे अंतरराष्ट्रीय छात्रों से कई अनुरोध प्राप्त हुए हैं जो उन्हें सप्ताह में 20 घंटे प्रदान करते हैं।

हाल ही में जारी फूड बैंक्स कनाडा की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा जीवन यापन की गंभीर लागत और आवास संकट से जूझ रहा है और लगभग सात मिलियन लोग मेज पर भोजन रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## दुनिया को जानें

### रूस के चुकोटका में लापता एएन-2 विमान मिला

**मॉस्को,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के चुकोटका स्वायत्त क्षेत्र में शुक्रवार को गायब हुआ एएन-2 विमान मिल गया है, जिसमें तीन लोग सवार थे। प्रांत के गवर्नर व्लादिस्लाव कुजनेत्सोव ने यह जानकारी दी। गवर्नर ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, लापता विमान मिल गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी तीन लोग - पायलट और यात्री - जीवित हैं। हालांकि, उन्हें अलग-अलग गंभीरता की चोटें आई हैं' रूस के सुदूर पूर्व के चुकोटका में स्ट्रिज एविया एयरलाइंस द्वारा संचालित एक एएन-2 विमान आज सुबह लापता हो गया जिसमें तीन लोग सवार थे। स्थानीय आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि विमान ने पेवेक से पॉलीर्नी के लिए उड़ान भरी लेकिन लैंडिंग के निर्धारित समय पर उससे कोई संपर्क नहीं हो सका। विमान में चालक दल के दो सदस्य और एक यात्री सवार है। रिपोर्ट में कहा गया कि एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर बचावकर्मियों के साथ एक खोज मिशन पर रवाना हुआ है। बताया जाता है कि कथित तौर पर एएन-2 बंदरगाह शहर पेवेक से माल ले जा रहा था। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि इस क्षेत्र में कई दिनों से मौसम खराब है और जमीन पर मोटी बर्फ जमी हुई है।

# खेल जगत

## प्रसिद्ध कृष्णा अपार संभावनाओं वाले एक रोमांचक खिलाड़ी हैं : शेन बॉन्ड

**नागपुर,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2008 चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के नवनियुक्त सहायक कोच और तेज गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा एक रोमांचक क्रिकेटर हैं, जिनमें खेल में उत्कृष्टता हासिल करने की अपार संभावनाएं हैं। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत की टीम में हार्दिक पांड्या के प्रतिस्थापन के रूप में बुलाए जाने से पहले, कृष्णा ने नागपुर में हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में रॉयल्स के ऑफ-सीजन प्रशिक्षण शिविर के दौरान बॉन्ड के तहत काम किया था। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खेलते हुए कृष्णा ने 17 वनडे मैचों में 29 विकेट लिए हैं, इसके बाद उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए खेला। जब भारत ने अगस्त में टी20 के लिए आयरलैंड का दौरा किया और सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप मैच खेला तो वह पीठ के स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण लंबी छुट्टी से लौटे।



# न्यूजीलैंड के रचिन और वेस्टइंडीज की मैथ्यूज अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई** 10 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को पुरुष वर्ग में और वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग में अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी ने शुक्रवार को अक्टूबर माह के लिए आईसीसी पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार में चयन होने वाले खिलाड़ियों की घोषणा की है। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को अक्टूबर माह में विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के लिए पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ। वहीं ऑस्ट्रेलिया में टी-20 में शानदार प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

आईसीसी ने न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को भारत में चल रहे क्रिकेट विश्व कप 2023 के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए चुना गया। टूर्नामेंट में रचिन ने अहमदाबाद में गत चैंपियन इंग्लैंड पर नौ विकेट की शुरुआती दिन की जीत में नाबाद 123 रन बनाकर जल्द ही सुर्खियां बटोर लीं। उन्होंने नीदरलैंड्स के खिलाफ (51) और भारत के खिलाफ (75) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 गेंदों में 116 रन की शतकीय पारी खेली। कुल मिलाकर उन्होंने अक्टूबर में खेले गये अपने छह मुकाबलों के दौरान 81.20 की औसत से 406 रन बनाए है।

आईसीसी ने महिला वर्ग में वेस्टइंडीज की मैथ्यूज को ऑस्ट्रेलिया में टी -20 मैचों में शानदार प्रदर्शन के इस पुरस्कार से नवाजा गया है। उत्तरी सिडनी में पहला मैच आठ विकेट से हारने के बावजूद कप्तान मैथ्यूज ने शीर्ष क्रम में नाबाद 99 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया एलिसा हीली का बेशकीमती विकेट भी लिया। मैथ्यूज ने इसके बाद यकीनन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत के लिए 213 रनों के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए 64 गेंदों (20 चौकों और पांच छक्कों) में नाबाद 132 रन बनाकर बेथ मूनी के विकेट लेने के बाद एक आकर्षक जीत हासिल की। उन्होंने अंतिम मुकाबले में 79 रन अर्धशतक लगाया, जिससे महीने का अंत 155 की औसत से श्रृंखला में 310 रन बनाये।



23 वर्षीय बल्लेबाज रवींद्र न्यूजीलैंड के लिए विश्व कप में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने इस विश्व कप से पहले सिर्फ 12 वनडे मैच खेले थे और उन्होंने विश्व कप के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक लगाकर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। फिर नीदरलैंड्स (51) और भारत (75) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसके बाद उन्होंने धर्मशाला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में भी शानदार शतक जमाया। उन्होंने 89 गेंदों में 116 रन बनाए. कुल मिलाकर, रवींद्र ने 81.20 की औसत से 406 रन बनाए।

पुरस्कार मिलने पर रवींद्र ने कहा, मैं यह पुरस्कार जीतने के लिए बहुत आभारी हूं। यह व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक विशेष महीना रहा है। भारत में विश्व कप खेलना वास्तव में विशेष रहा है। उन्होंने कहा कि टीम के समर्थन से मुझे बहुत मदद मिलती है। आप बहुत स्वतंत्रता के साथ क्रीज पर जाकर अपना स्वाभाविक खेल खेल सकते हैं। सौभाग्य की बात यह है कि विकेट वास्तव में बल्लेबाजी के लिए अच्छे हैं, जो मेरे खेल के अनुकूल है। मैथ्यूज ने कहा, मैं अक्टूबर के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड प्राप्त करने के लिए बहुत आभारी हूं। मुझे वेस्टइंडीज की जर्सी पहनना पसंद है। हर बार जब मैं मैरून और गोल्ड पहनती हूं, तो यह निश्चित रूप से एक अतिरिक्त परत जोड़ता है जहां आप मैदान पर जा सकते हैं और अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, न केवल अपने लिए और टीम के लिए, बल्कि यह जानने में कि क्रिकेट कैरेबियाई लोगों के लिए कितना मायने रखता है और यह लोगों को एक साथ कितना ला सकता है।

## एलन डोनाल्ड छोड़ेंगे बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी कोच का पद

**पुणे।** दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने मौजूदा 2023 पुरुष वनडे विश्व कप में टीम के अभियान के बाद बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। डोनाल्ड को जुलाई 2022 में इस भूमिका के लिए नियुक्त किया गया था और टीम के साथ उनका आखिरी मैच शनिवार को एमसीए स्टेडियम में अपने अंतिम विश्व कप लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। एलन डोनाल्ड ने कहा कि शुरू में उन्हें एक साल के विस्तार से कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के कारण उन्होंने यह पद छोड़ने का फैसला किया। विश्व कप के दौरान मैंने मौखिक रूप से अनुबंध स्वीकार कर लिया था। हालांकि, मैंने कोई अनुबंध साइन नहीं किया लेकिन मैं एक साल के विस्तार के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए ढाका वापस जाने के लिए तैयार था। मैं इसे पूरा करने और देखने के लिए उत्साहित था कि हम इस तेज गेंदबाजी समूह को और भी आगे कैसे बढ़ा सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने डोनाल्ड के हवाले से कहा, विश्व कप में मेरे पास इस पर विचार करने के लिए समय था। मैंने सोचा था कि 12 महीने एक लंबा समय लगता है। कार्यक्रम बहुत व्यस्त दिखता है।

## हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में न्यूजीलैंड, अमेरिका और इटली से भिड़ेगा भारत



**नई दिल्ली,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड,अमेरिका और इटली से भिड़ेगी। प्रतियोगिता में जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य, न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली और भारत पेरिस ओलंपिक के लिए अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को दो पूलों में बांटा गया है, जिसमें भारतीय महिला हॉकी टीम को पूल बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य हैं।

ओलंपिक क्वालीफायर के पूल चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने ग्रुप में हर दूसरी टीम से एक बार भिड़ेगी। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें 18 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान का मैच 19 जनवरी को होगा। टूर्नामेंट में तीन सर्वश्रेष्ठ टीमे पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर जायेंगी।

भारतीय कप्तान सविता ने कहा, हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। विरोधी टीमों की रैंकिंग हमें परेशान नहीं करती। हम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए भारत आने वाली सभी कठिन टीमों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने जुलाई में जर्मनी से खेला था, इसलिए हम जानते हैं कि हमारा मुकाबला किससे है।

मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने सविता के आत्मविश्वास को दोहराते हुए कहा कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 से बहुत कुछ सीखने को मिला, जहां वे जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड के खिलाफ अपराजित रहीं।

उन्होने कहा बहुत सी चीजें हमारे लिए अच्छी रहीं, लेकिन हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जहां हम सुधार कर सकते हैं। हमें अनावश्यक कार्डों से बचना होगा और अपने रेफरल का बेहतर उपयोग करना होगा। इस टूर्नामेंट ने दिखाया कि हम एक कठिन टीम हैं। इसलिए, हम खुद पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, सुधार के तरीकों की तलाश करेंगे और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए अपनी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 245 रनों का लक्ष्य



**अहमदाबाद** 10 नवंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान ने शुक्रवार को आईसीसी विश्वकप के 42वें मुकाबले में अजमतुल्लाह उमरजई नाबाद 97 रनों की शानदार पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 245 रनों बनाने का लक्ष्य दिया है।

नरेंद्र मोदी स?टेडियम में आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत ठीक रही, उसके सलामी बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। नौंवे ओवर की पहली गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज 25 रन के रूप में अफगानिस्तान को पहला झटका लगा। वह महाराज की गेंद पर क्लासन को कैच थमा बैठे।

उसके बाद 10ओंवर में जदरान 15 रन को कोएत्जी ने डि कॉक के हाथों कैच आउट करा दिया। बल्लेबाजी करने आये कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी दो रन पर महाराज ने डि कॉक के हाथों कैच आउट होकर पवेलियन लौट गये। 25 ओवर में रहमत शाह 26 एनगिडी का शिकार बने। इसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। इकराम अलीखिल 12 रन, मोहम्मद नबी दो रन, राशिद खान 14 रन, नूर अहमद 26 रन, मुजीब उर रहमान आठ रन, नवीन उल हक दो रन बनाकर आउट हुए। अजमतउल्लाह उमरजई 107 गेंदों में 97 रन बनाये। वह तीन रन से विश्वकप में अपना शतक बनाने से चूक गये। अफगानिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 244 रन ही बना सकी।

दक्षिण अफ्रीकी की ओर से गेराल्ड गोएत्जी ने चार विकेट लिये। वहीं महाराज और एनगिडी ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। फेहलुकवायो को एक विकेट मिला।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | ` | ` | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | ` | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | ` | 12 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | ` | 1` |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | ` | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | ` | 8 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | ` | 4 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | ` | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | ` | 4 |
| नीदरलैंड | 8 | 2 | 6 | ` | 4 |

## मैक्सवेल के लिए पिछले कुछ दिन काफी व्यस्त रहे : विटोरी

**पुणे,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान पर शानदार जीत के बाद नाबाद 201 रनों की पारी खेलने के बाद ग्लेन मैक्सवेल को अब भी दर्द महसूस हो रहा है और गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि मैक्सवेल पिछले कुछ दिन बड़े हिट लगाने के लिए काफी व्यस्त रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया का अंतिम ग्रुप मैच शनिवार सुबह पुणे के एमसीए स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ है और मैक्सवेल, जिन्हें पांच बार के चैंपियन को रोमांचक जीत दिलाने के दौरान शरीर में ऐंठन हो गई थी, ने अभी तक मैच के लिए अभ्यास नहीं किया है, जो वास्तव में एक बेकार रबर है। ऑस्ट्रेलिया ने अपना सेमीफाइनल स्थान पक्का कर लिया है। वह निश्चित रूप से पिछले कुछ दिनों से पूरी तरह से रिकवरी मोड में है। हम सभी ने पारी का प्रभाव देखा और विशेषकर गर्मी का। तो, आज एक बड़ा दिन है, देखें कि वह कैसे आगे बढ़ता है। लेकिन जाहिर तौर पर हमें कुछ दिनों की छुट्टी मिली थी इसलिए कोई प्रशिक्षण नहीं हुआ। वह आज यहां नहीं है लेकिन हम देखेंगे कि दिन चढ़ने के साथ वह कैसा महसूस करता है। लेकिन जाहिर तौर पर पिछले कुछ दिन उनके लिए काफी व्यस्त रहे हैं। यह वैसा ही होगा जैसा वह महसूस करता है - मुझे नहीं लगता कि यह फिटनेस परीक्षण परिदृश्य होगा। विटोरी ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम समझते हैं कि जाहिर तौर पर अब जबकि सेमीफाइनल 16 नवंबर को कोलकाता में निश्चित है, तो यह उसी की ओर एक कदम होगा। उसके पास मैच से कुछ समय दूर रहने के बाद भी बहुत तेजी से वापसी करने में सक्षम होने का ट्रैक रिकॉर्ड है। इसलिए, यह इस पर निर्भर करेगा कि दिन कैसा गुजरता है और फिर कोई निर्णय लेना चाहिए। दिन का खेल होने के कारण, शायद इसका मतलब है कि आज रात वे फैसला करेंगे। ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के अपने पहले मैच के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर सीन एबॉट को लाने पर भी विचार कर सकता है, और शनिवार के मुकाबले के लिए कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड में से किसी एक को आराम दे सकता है। मुझे लगता है कि अगर आप शुरू से ही उन तीन तेज गेंदबाजों को कम समय में नौ गेम तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं, तो हम हमेशा यह मानते हैं कि यह एक कठिन चुनौती होगी। इसलिए शॉन हमेशा उनमें से एक के संभावित प्रतिस्थापन के रूप में तस्वीर में था।



न्यूजीलैंड के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर विटोरी ने कहा, तो मुझे लगता है कि यह एक बार फिर से समीकरण में आ जाएगा, मुझे लगता है कि बस इस बात पर विचार करना होगा कि हर कोई इन पिछले कुछ दिनों में कैसे गुजरता है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह सिर्फ खेल खेलने की कोशिश का मामला होगा - यह ऐसा मामला होगा कि उन तीन तेज गेंदबाजों में से एक को थोड़े ब्रेक की जरूरत है। स्पिन-गेंदबाजी विभाग के संदर्भ में, लेग स्पिनर एडम ज़म्पा टूर्नामेंट में आठ मैचों में 19.20 की औसत से 20 विकेट लेकर विकेट लेने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

स्पष्ट रूप से चोटों और बीमारी के कारण वास्तव में खेलने में सक्षम होना बहुत कठिन शुरुआत थी। संभवत- पहले तीन मैच कुछ हद तक खराब थे - खैर यह एक अद्भुत प्रयास था क्योंकि मुझे लगता है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ हटने के काफी करीब था। टॉस से ठीक पहले तक फिटनेस टेस्ट. इसलिए, उसे आगे बढ़ते हुए देखना शुरुआती बिंदु रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि उनकी लंबाई पर उनका नियंत्रण सबसे अच्छा रहा है जो मैंने इस अवधि में देखा है, खासकर उन तीन मैचों के दौरान जहां उन्होंने लगातार चार विकेट लिए और फिर इंग्लैंड के खिलाफ, मुझे लगता है कि उनकी लंबाई पर नियंत्रण है।

## सार संक्षेप

### क्रिस लिडल को इंग्लैंड का महिला प्रदर्शन तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (डब्ल्यूसीबी) ने क्रिस लिडल को इंग्लैंड महिला टीम का परफॉर्मेंस तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। लिडल नॉर्थम्पटनशायर से आए हैं, जहां वह सहायक मुख्य कोच और प्रमुख तेज गेंदबाजी कोच थे। इंग्लैंड टीम के साथ उनका पहला कार्य अगले महीने भारत दौरे पर होगा। क्रिस लिडल ने कहा, मैं नॉर्थम्पटनशायर को बहुत-बहुत धन्यवाद कहना चाहता हूं। मैंने क्लब में अपने समय और खिलाड़ियों तथा सभी बैकरूम स्टाफ के साथ काम करने का भरपूर आनंद लिया है। पिछले कुछ वर्षों में व्यक्तियों के विकास और टीम की सफलता को देखना और उसका समर्थन करना बहुत अच्छा रहा है। खासकर टी2 क्रिकेट में गेंदबाजी आक्रमण की विकेट लेने की क्षमता में सुधार के साथ। मैं सैड्स (जॉन सैडलर) और टीम को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। इंग्लैंड महिलाओं के साथ जुड़ना अविश्वसनीय रूप से रोमांचक समय है। मैं वास्तव में शुरुआत करने के लिए उत्सुक हूं। ईसीबी द्वारा जारी एक बयान में लिडल ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में तेज गेंदबाजों की मांग बढ़ी है और मैं उन्हें लंबे समय तक सफल होने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने में सक्षम होना चाहता हूं। 39 वर्षीय लिडल ने पिछले दो वर्षों से लंदन स्पिरिट महिला कोचिंग टीम के साथ काम किया है और नॉर्थम्पटनशायर के साथ अपनी भूमिका के तहत ऑफ-सीज़न के दौरान सनराइजर्स टीम के साथ भी काम किया है।

### श्रीलंका के खराब प्रदर्शन का कारण है निरंतरता की कमी : क्रिस सिल्वरवुड

**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड से पांच विकेट की हार के साथ विश्व कप 223 में श्रीलंका का अभियान समाप्त होने के बाद मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड टूर्नामेंट में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन का कारण टीम में निरंतराता की कमी बताई। 1996 का चैंपियन श्रीलंका पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका था और उसे गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के हाथों टूर्नामेंट में सातवीं हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर रहा। श्रीलंकाई टीम के कोच ने कहा, मुझे लगता है कि निरंतरता ही हार का कारण है। इस अभियान के दौरान कुछ ऐसे मैच हुए हैं, यदि हमने उन अवसरों का लाभ उठाया होता जो हमें मिले थे, तो यह बहुत अलग दिख सकता था। लेकिन तथ्य यह है कि हम खराब प्रदर्शन कर रहे थे। श्रीलंका को प्रतियोगिता में बल्ले की निरंतरता को लेकर हमेशा समस्या रही और यहां तक कि नियमित कप्तान दासुन शनाका और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा की चोटों के अलावा, उसने टूर्नामेंट में दस मौके भी गंवाए।

## विश्व कप में लहरा रहा है एडम जम्पा का परचम

**नई दिल्ली,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के गतिशील स्पिनर, एडम ज़म्पा, मौजूदा आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में एक महत्वपूर्ण ताकत बनकर उभरे हैं, उन्होंने गेंद के साथ अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है और बल्ले से भी बहुमूल्य योगदान दिया है। उनकी सफलता की यात्रा 2021 में दुबई में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से शुरू होती है, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को पहला टी20 विश्व कप खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

दुबई में ज़म्पा के उल्लेखनीय प्रदर्शन ने, 5.81 की प्रभावशाली इकॉनमी दर से 13 विकेट लेकर, उन्हें प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंटों में ऑस्ट्रेलिया के पसंदीदा स्पिनर के रूप में स्थापित किया। मौजूदा वनडे विश्व कप में उनकी प्रतिष्ठा और भी मजबूत हुई है, जहां उन्होंने पहले ही आठ मैचों में 20 विकेट ले लिए हैं, जिससे वह टूर्नामेंट में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। लेग स्पिनर को टूर्नामेंट में एक चुनौतीपूर्ण क्षण का सामना करना पड़ा, चेन्नई में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की हार में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हालाँकि, उनका लचीलापन सामने आया और बाद के मैचों में, ज़म्पा ने एक सनसनीखेज बदलाव की पटकथा लिखी। श्रीलंका के खिलाफ, शुरुआत में 21 ओवरों में 1-145 के आंकड़े के साथ संघर्ष करने के बाद, उन्होंने उल्लेखनीय वापसी की और 69 ओवरों में 9.66 के प्रभावशाली औसत से 20 विकेट हासिल किए।

निर्णायक मोड़ श्रीलंका के खिलाफ मैच में आया, जहां ज़म्पा के चार विकेट ने मैचों को प्रभावित करने की उनकी क्षमता का प्रदर्शन किया। इसने एक सिलसिले की शुरुआत की जहां उन्होंने निम्नलिखित चार विश्व कप मैचों में लगातार तीन या अधिक विकेट लिए, इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वनडे विश्व कप के इतिहास में पहले व्यक्ति के रूप में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया। 2019 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की निराशा पर विचार करते हुए, ज़म्पा ने एक दिवसीय विश्व कप खिताब जीतने की तीव्र इच्छा व्यक्त की। उनके दृढ़ संकल्प और शानदार प्रदर्शन ने न केवल ऑस्ट्रेलिया को खिताब दिलाने में योगदान दिया है, बल्कि उन्हें आईसीसी वनडे रैंकिंग में भी बढ़त दिलाई है, जिससे वह वर्तमान में इस प्रारूप में तीसरे सर्वश्रेष्ठ वनडे गेंदबाज हैं।



ज़म्पा ने आईसीसी से कहा, आपको विश्व कप जीतने का मौका अक्सर नहीं मिलता है। हम अभी भी उस विश्व कप के बारे में सोच रहे हैं जो हमने कुछ साल पहले (2021) जीता था और उस भावना को फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम अपने 2019 विश्व कप से निराश थे और वह कैसे समाप्त हुआ और हमारे पास अभी भी एक दिवसीय विश्व कप जीतने की तीव्र इच्छा है।

कप्तान पैट कमिंस को ज़म्पा के रूप में न केवल बीच के ओवरों में बल्कि महत्वपूर्ण डेथ ओवरों में भी एक शक्तिशाली हथियार मिला है। ज़म्पा की बल्लेबाजों को पढ़ने और उसके अनुसार अपनी विविधताओं को अपनाने की क्षमता ऑस्ट्रेलिया के लिए महत्वपूर्ण विकेट लेने में सहायक रही है। ज़म्पा की निरंतरता 2022 की शुरुआत से उनके प्रदर्शन से रेखांकित होती है, जहां वह 29 मैचों में 65 विकेट के साथ एकदिवसीय क्रिकेट में अग्रणी विकेट लेने वालों में से एक हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने ज़म्पा की असाधारण निरंतरता की सराहना की और उन्हें विश्व स्तर पर प्रमुख सफेद गेंद स्पिनर के रूप में मान्यता दी। ज़म्पा का योगदान विकेट लेने से परे है, क्योंकि वह 2019 एकदिवसीय विश्व कप के बाद से 50 ओवर के क्रिकेट में डेथ ओवरों में ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। जैसा कि ज़म्पा विश्व मंच पर चमकना जारी रख रहे हैं, उनकी यात्रा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का उदाहरण देती है, जिससे प्रशंसक आईसीसी वनडे विश्व कप के शेष मैचों में उनके प्रभुत्व की पराकाष्ठा को देखने के लिए उत्सुक हैं।

## ऑस्ट्रेलिया अपनी लय बरकरार रखने उतरेगा

**पुणे,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया शनिवार को होने वाले बंगलादेश के खिलाफ नॉकआउट चरण के आखिरी मुकाबले में अपनी लय बरकरार रखने के लिए उतरेगा। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप में लगातार छह मैच जीते हैं और अगले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाले कड़े सेमीफाइनल से पहले वह लगातार सातवां मुकाबला जीतना चाहेगा। जानकारों के अनुसार ऐसा माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया बंगलादेश के खिलाफ आसानी से जीत हासिल कर लेगा। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और ट्रैविस हेड अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली शुरुआत में चूक गए थे वे इस मुकाबले में बड़े स्कोर के लिए उत्सुक होंगे। फॉर्म में चल रहे स्पिनर एडम जम्पा के पास टूर्नामेंट में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने बनने का अवसर होगा। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल जबरदस्त फॉर्म में हैं और मुंबई में अफगानिस्तान के खिलाफ उनके अद्भुत दोहरे शतक ने ही दिखाया कि वह गाने पर कितना प्रभाव डाल सकते हैं।

वहीं बंगलादेश आठ में छह मैच हार कर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी है वह इस मुकाबले में जीत के साथ 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफिकेशन सुनिश्चित करने के करीब पहुंच सकता है। हालांकि यह उसके लिए आसान नहीं होगा। कप्तान शाकिब अल हसन उंगली की समस्या के कारण टीम से बाहर हो गए हैं और कार्यवाहक कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो जैसे खिलाड़ियों को उनकी अनुपस्थिति में आगे बढ़ना होगा। ऐसे में बंगलादेश की युवा टीम का मार्गदर्शन करने के लिए आवश्यक नेतृत्व और दिशा प्रदान करना लिटन दास पर निर्भर होगा। दास का विश्व कप अभियान अब तक अपेक्षाकृत शांत रहा है और उन्होंने 31 की औसत से केवल 248 रन बनाए हैं और वह ऑस्ट्रेलिया जैसी की शक्तिशाली टीम के खिलाफ बड़े स्कोर के साथ समापन करने के लिए उत्सुक होंगे।

# देश विदेश

## पुर्तगाल के राष्ट्रपति ने की मार्च में संसदीय चुनाव की घोषणा

लिस्बन, 10 नवंबर (एजेंसियां)। पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने मंगलवार को प्रधान मंत्री एंटोनियो कोस्टा के इस्तीफे के बाद 10 मार्च, 2024 के लिए आकस्मिक संसदीय चुनावों की घोषणा की है, जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप है। काउंसिल ऑफ स्टेट के साथ एक बैठक के बाद टेलीविजन पर राष्ट्रीय संबोधन में रेबेलो डी सूसा ने संसदीय चुनावों की घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सदन ने 31 अक्टूबर को पहली बार पढ़ने पर 2024 बजट विधेयक को मंजूरी दे दी और अंतिम वोट 29 नवंबर को होगा।

# जयशंकर ने ब्लिंकन से इजरायल-हमास युद्ध व हिंद-प्रशांत मुद्दों पर की चर्चा



**नई दिल्ली,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को यहां दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ रणनीतिक नई दिल्ली-वाशिंगटन संबंधों को मजबूत करने, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक स्थिति सहित क्षेत्रीय मुद्दे व इजरायल-हमास युद्ध के नतीजों पर चर्चा की। यह बैठक भारत-अमेरिका 2प्लस2 रक्षा और विदेश मंत्रियों की वार्ता के पांचवें संस्करण से पहले हुई। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह राज्य सचिव ब्लिंकन से मिलकर खुशी हुई। हमारी रणनीतिक साझेदारी को और विकसित करने पर एक खुली और उत्पादक बातचीत हुई। इस यात्रा का एक विशेष महत्व है, क्योंकि हमें पीएम मोदी की जून यात्रा और राष्ट्रपति बाइडेन की सितंबर यात्रा का अनुसरण करने की आवश्यकता है। यह 2प्लस2 मंत्रिस्तरीय वार्ता है, इसलिए हम जो कर रहे हैं उसका व्यापक दृष्टिकोण रखते हैं।' मंत्री ने कहा कि उन्होंने पश्चिम एशिया, हिंद-प्रशांत और अन्य क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने चर्चाओं की व्यापक प्रकृति को रेखांकित किया, विशेष रूप से क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता) के सदस्यों के रूप में इंडो-पैसिफिक और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को 'बड़ी चिंता' बताया।

भारत अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ क्वाड गठबंधन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख का मुकाबला करना है। ब्लिंकन ने जयशंकर से मुलाकात के बाद कहा, 'यहां भारत में होना हमेशा अद्भुत होता है। हम जुड़ाव का एक उल्लेखनीय वर्ष बना रहे हैं। हमारे पास न केवल अब तक की सबसे मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी है, बल्कि एक क्षेत्रीय और वास्तव में एक वैश्विक साझेदारी भी है, जो आगे प्रमाणित हुई है इस वर्ष जी20 के लिए भारत के नेतृत्व द्वारा।' उन्होंने कहा, 'हमें बहुत कुछ करना है, इसमें हमारे रक्षा सहयोगी भी शामिल हैं। मुझे लगता है कि यह इंडो-पैसिफिक, भविष्य के लिए हमारे क्षेत्र पर अमेरिका के दृढ़ फोकस का एक और सबूत है, भविष्य वास्तव में अभी है, और हम भारत के साथ मिलकर इसका निर्माण कर रहे हैं।'

# ड्रोन हमले के जवाब में आईडीएफ ने सीरिया में किया हवाई हमला

**तेल अवीव,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि उसने दक्षिणी इजरायली शहर इलियट में एक स्कूल की ओर पड़ोसी देश से किए गए ड्रोन हमले के जवाब में सीरिया में हवाई हमला किया। सेना ने एक बयान में कहा कि उसने सीरिया में उस स्थान की पहचान की है, जहां से गुरुवार को एलियाट में ड्रोन हमला किया गया था। आईडीएफ ने यह भी कहा कि उसने 'उस संगठन पर हमला किया, जिसने ड्रोन हमला शुरू किया था।' इसने सीरियाई धरती से किसी भी हमले के लिए दमिश्क की सरकार को भी जिम्मेदार ठहराया। सेना ने बयान में कहा कि 'सीरियाई शासन अपनी धरती पर होने वाली सभी आतंकवादी गतिविधियों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है।' इसमें कहा गया, 'आईडीएफ इजराइल पर हमले के किसी भी प्रयास का जोरदार जवाब देगा।' इससे पहले शुक्रवार को, आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट किया था कि यूएवी ने इलियट शहर में एक नागरिक इमारत को टक्कर मार दी।'



**आईडीएफ ने गाजा में हमास के शीर्ष कमांडरों को मार गिराया**

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसके सैनिकों ने गाजा में 7 अक्टूबर के नरसंहार में भाग लेने वाले कई वरिष्ठ हमास कमांडरों को मार डाला है। सेना ने कहा कि कमांडर - अहमद मूसा और अम्र अलहांडी - उग्रवादी समूह कुलीन नुखबा बलों का हिस्सा थे। मूसा नुखबा कंपनी कमांडर था जबकि अलहांडी ने एक प्लाटून कमांडर के रूप में कार्य किया था। आईडीएफ ने कहा कि ये दोनों जबालिया क्षेत्र में छिपे हुए थे। सेना ने यह भी बताया कि शिन बेट सुरक्षा एजेंसी से मिली खुफिया जानकारी के बाद यह ऑपरेशन चलाया गया। आईडीएफ के अनुसार, मूसा हमास के उन कमांडरों में से था, जिसने 7 अक्टूबर को ज़िकिम बेस, पास के किबुत्ज़ और क्षेत्र में एक अन्य सैन्य चौकियों पर हमले का नेतृत्व किया था। सेना ने उत्तरी गाजा ब्रिगेड में हमास के स्नाइपर समूह के प्रमुख मुहम्मद कहलौत की हत्या की भी घोषणा की। लेकिन इसने उग्रवादी के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी।

## सुडोकू 6373


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 6 | 5 | 3 |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | 4 | 5 | 6 | | | | | 1 |
| | | 1 | | 7 | | | | |
| 9 | | | 1 | 6 | 8 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 1 | | |
| 5 | | | | | 7 | 3 | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| 2 | 3 | 8 | | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

## वर्ग पहेली 6373




**बायें से दायें:-**

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, पुस्तक, फिल्म या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को काट देना है (सेंसर)
४. देर करना, देरी होना
६. किरण
७. वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
११. किसी विशेष संकल्प के लिए किया या उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, प्रकट, उजागर (उर्दू)
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट (उर्दू)
२१. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**

१. मध्याह्न
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतनवृद्धि की तालिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक, राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6372



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 11 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 14**

### राशिफल

मेष - व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिवार का आनंददायी वातावरण भी आप के मन को खुश रखने में सहायता करेगा। घर में सुखदायी घटना घटेगी। शारीरिक स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। आप को सहयोगियों का साथ मिलेगा।

वृषभ - आज बौद्धिक चर्चाओं से दूर रहें। विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। मन में चिंता बनी रहेगी। पेट सम्बंधित रोग से भी मन चिंतित रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आप थोड़े आलसी बने रहेंगे। हालांकि कोई पुरानी चिंता दूर होगी।

मिथुन - आज आप में ताजगी का अभाव रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की भी संभावना है। स्थायी संपत्ति को लेकर आज आपके प्रयास सही दिशा में आगे नहीं बढ़ेंगे। आकस्मिक धन की संभावना रहेगी।

कर्क - किसी भी काम को बिना विचारें ना करें। आज रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ मिलना-जुलना हो सकता है। उनके प्रेम से आप में आनंद में वृद्धि होगी। विरोधियों के सामने मजबूत मनोबल से टिके रहेंगे।

सिंह - आज बौद्धिक क्षमता से किसी खास चर्चा में आकर्षण का केंद्र रहेंगे, हालांकि वाद-विवाद टालें। पारिवारिक सदस्यों के साथ अच्छा समय गुजरेगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है।

कन्या - आप के वाणी के प्रभाव से कोई विशेष काम कर पाने की स्थिति में रहेंगे। इससे अन्य लोगों के साथ आपके प्रेम संबंध बढ़ेंगे। किसी पर्यटन का कार्यक्रम बना सकते हैं। व्यापार के क्षेत्र में भी आप को लाभ होगा।

तुला - क्रोध को वश में रखकर स्वभाव को नरम बनाए रखें। वाणी पर संयम रखने से वातावरण को शांत रखने में आप सफल हो सकते हैं। नियमों से जुड़ी बातों और निर्णयों को सोच-समझकर करें।

वृश्चिक - जीवनसाथी की तलाश के लिए आज का दिन शुभ है। आय और व्यापार में वृद्धि के योग हैं। मित्रों के साथ प्रवास पर घूमने जा सकते हैं। जहां आपका समय काफी आनंदपूर्वक गुजरेगा।

धनु - आज आपकी कार्य की योजनाएं अच्छी तरह से पूरी होगी। व्यापार में भी सफलता मिलेगी। कार्यालय में वातावरण अनुकूल रहेगा। परिश्रम के अनुसार पद में भी उन्नति होगी। परिवार में भी आनंद-उल्लास बना रहेगा।

मकर - आज विदेश जाने के इच्छुक लोगों का प्रयास सफल हो सकता है। धार्मिक यात्रा पर जाना होगा। परिजनों में आनंद और उल्लास का वातावरण बना रहेगा। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे।

कुंभ - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। बाहर खाने-पीने से आज आपको बचना चाहिए। अपनी वाणी पर संयम रखने से आप किसी के साथ उग्र चर्चा अथवा मनमुटाव को टालने में सफल हो सकेंगे।

मीन - व्यवसाय में भागीदारी से आप को लाभ होगा। किसी मनोरंजन स्थल पर स्नेहीजनों के साथ जाने का कार्यक्रम बनेगा। दोपहर के बाद परिस्थिति में परिवर्तन का अनुभव आप करेंगे। आज किसी नए काम की शुरुआत ना करें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# गिरफ्तार हमास आतंकवादियों को कानूनी सहायता नहीं देगा इज़रायल पब्लिक डिफेंस

**तेल अवीव,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल में वकील रखने में अक्षम लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करने वाले सरकारी विभाग पब्लिक डिफेंस ने साफ तौर पर कहा है कि कोई भी वकील या कानूनी फर्म 7 अक्टूबर के हमले और नरसंहार के बाद गिरफ्तार किसी भी हमास आतंकवादी का प्रतिनिधित्व नहीं करेगा। इजराइल पब्लिक डिफेंस के फैसले का न्याय मंत्री यारिव लेनिन ने स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'मैं 7 अक्टूबर को इज़राइल में हत्या और तबाही को अंजाम देने वाले हमास की हत्याओं का प्रतिनिधित्व करने से इनकार करने के पब्लिक डिफेंस के फैसले का स्वागत और समर्थन करता हूं।' उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय गिरफ्तार आतंकवादियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए काम करता रहेगा। संविधान, कानून और न्याय आयोग के अध्यक्ष, एम.के. सिम्चा रोटमैन ने यह भी कहा कि पब्लिक डिफेंस को अदालतों में आतंकवादियों का प्रतिनिधित्व नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'स्वॉर्ड्स ऑफ आयरन युद्ध की शुरुआत के बाद से मैंने यह रुख अपनाया है कि सामान्य रूप से आतंकवाद और विशेष रूप से हमास



**कोई भी वकील या कानूनी फर्म 7 अक्टूबर के हमले और नरसंहार के बाद गिरफ्तार किसी भी हमास आतंकवादी का प्रतिनिधित्व नहीं करेगा**

आतंकवाद से निपटने के लिए आपराधिक कानून सही उपकरण नहीं है। 'हमें एक नए बुनियादी ढांचे की जरूरत है जो बर्बर बलात्कार और नरसंहार करने वाले नीच हत्यारों से निपटने के लिए उपयुक्त हो, जिसे आपराधिक कानून सामान्य रूप से नहीं समझ सकता है।'

इज़रायल पब्लिक डिफेंस ने 1961 में एक पूर्व नाजी अधिकारी ओटो एडोल्फ इचमैन का प्रतिनिधित्व करने से इनकार कर दिया था, जिसे मई 1960 में अर्जेंटीना में इज़रायल की खुफिया एजेंसी मोसादने पकड़ लिया था और इज़रायल के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष मुकदमा चलाया गया था। परिणामस्वरूप, इचमैन को अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए जर्मनी से एक वकील लाना पड़ा।

# आईडीएफ ने हमास के टॉप नेता याह्या सिनवार के भाई के दफ्तर पर छापा मारा

**तेल अवीव,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने हमास संगठन के टॉप नेता याह्या सिनवार के भाई मोहम्मद सिनवार के दफ्तर पर छापेमारी की और हथियार जब्त किए। आईडीएफ ने शुक्रवार को बताया कि 7वीं बख्तरबंद ब्रिगेड ने मोहम्मद सिनवार के दफ्तर पर छापेमारी की और हथियारों के अलावा हमास के कई पर्चे जब्त किए। सशस्त्र बलों ने नागरिक आवासीय क्षेत्र के मध्य में स्थित हमास सैन्य चौकी और प्रशिक्षण स्थल पर भी छापा मारा। आईडीएफ ने कहा कि उन्होंने कई हथियार, मिसाइलें, ड्रोन, नक्शे, संचार उपकरण, मोर्टार और तकनीकी उपकरण जब्त किए हैं। 7वीं बख्तरबंद ब्रिगेड ने हमास 'सबरा' बटालियन पर भी छापा मारा और एंटी-रॉकेट एक्टिवेशन और अंशशोधन सिस्टम बरामद किया। आईडीएफ ने कहा कि उन्होंने सबरा बटालियन से ड्रोन, लोडेड रॉकेट लॉन्चर, तकनीकी उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और कई अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। इससे पहले, इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा था कि इजरायली सेना याह्या सिनवार को मार डालेगी, जिसे 7 अक्टूबर के हमले के पीछे मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है।

## ऑस्ट्रेलिया में कार दुर्घटना मामले में शामिल बुजुर्ग ड्राइवर के खिलाफ अभी आरोप तय नहीं

मेलबर्न, 10 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में हुए एक कार दुर्घटना मामले में पुलिस ने कहा कि दुर्घटना में शामिल बुजुर्ग ड्राइवर के खिलाफ अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है। इस हादसे में दो बच्चों सहित पांच भारतीय मूल के लोगों की मौत हो गई थी। वहीं पांच अन्य लोग घायल हुए थे। इंसुलिन पर निर्भर मधुमेह रोगी 66 वर्षीय ड्राइवर 5 नवंबर को हुई टक्कर के बाद से चिकित्सा देखभाल में हैं। पुलिस ने मंगलवार को उनसे पूछताछ की। विक्टोरिया पुलिस ने एक बयान में कहा, 'इस समय ड्राइवर पर आरोप नहीं लगाया गया है, उसकी देखभाल से रिहाई के बाद भी पूछताछ जारी रहेगी।' ड्राइवर के वकील मार्टिन अमाद ने कहा कि उनका मुवक्किल एक पारिवारिक व्यक्ति है, जिसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। टक्कर के बाद उसके खून में अल्कोहल की रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। अमाद ने एक बयान में कहा, 'वह बहुत व्यथित हैं और पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों और डेलेसफोर्ड समुदाय के प्रति गहरी सहानुभूति महसूस करते हैं।'

# वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविर पर इजरायली हमले में 14 लोगों की मौत

**गाजा,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। गाजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वेस्ट बैंक में जेनिन शरणार्थी शिविर पर इजरायली सेना के हमले में कम से कम 14 लोग मारे गए। मंत्रालय के अनुसार, गुरुवार को 12 घंटे से अधिक समय तक फिलिस्तीनियों के साथ सशस्त्र संघर्ष चला। इस घटना के परिणामस्वरूप व्यापक बुनियादी ढांचे को भी नुकसान हुआ। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि हताहत होने वाले नागरिक थे या आतंकवादी। सीएनएन के मुताबिक इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने 'आतंकवादी बुनियादी ढांचे को विफल करन' और उस व्यक्ति के घर को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन चलाया, जिसने कथित तौर पर 31 अगस्त के हमले में एक ऑफ-ड्यूटी इजरायली सैनिक की हत्या कर दी थी। 'इंजीनियरिंग बलों ने जेनिन शरणार्थी शिविर में हमारे बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से विस्फोटक उपकरणों का पर्दाफाश किया। सेना ने एक बयान में कहा, सेंट्रल कमांड के कमांडर ने उस आतंकवादी के घर को ध्वस्त करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसने मकाबिम चौकी और हाशमोनैम चौकी पर भगदड़ मचाई थी। संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य एजेंसी के अनुसार, जेनिन शरणार्थी शिविर, जो जेनिन नगर पालिका की सीमा पर है और वेस्ट बैंक का सबसे उत्तरी शिविर है, में लगभग 23,628 फिलिस्तीन शरणार्थी पंजीकृत हैं। जब से हमास ने 7 अक्टूबर को इज़राइल के खिलाफ अपना युद्ध शुरू किया है, वेस्ट बैंक में इज़राइली बलों द्वारा 45 बच्चों सहित 167 फिलिस्तीनियों को मार दिया गया है।

■ **गुरुवार को 12 घंटे से अधिक समय तक फिलिस्तीनियों के साथ सशस्त्र संघर्ष चला**



## आज का इतिहास

1208- ओत्ता वान विटल्सबाश को जर्मनी का राजा चुना गया।
1745- चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट उर्फ बोनी प्रिंस चार्ली की सेना इंग्लैंड में घुसी।
1818- मलक्का में रॉबर्ट मॉरिसन ने एंग्लो-चीनी कॉलेज (बाद में इसका नाम बदलकर यिंग वा कॉलेज) की स्थापना की।
1836: चिली ने बोलीविया और पेरु के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1839- अमेरिका में पहले राजकीय सैन्य कॉलेज वर्जीनिया सैन्य संस्थान की स्थापना की गयी।
1852- वेस्टमिंस्टर का नया पैलेस लंदन में खोला गया।
1880- ऑस्ट्रेलियाई बैंक लुटेरे बुश्रृंगेर नेड केली को मेलबर्न में फांसी दी गयी।
1888 - स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का सऊदी अरब में जन्म।
1888- प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी और राजनीतिज्ञ जे. बी. कृपलानी का हैदराबाद (सिंध) में जन्म।
1889- वाशिंगटन को अमेरिका का 42वां प्रांत घोषित किया गया।
1918: पोलैंड ने खुद को स्वतंत्र देश घोषित किया।
1930- एल्बर्ट आइंस्टीन को 'आइंस्टीन रेफ्रीजरेटर' के अविष्कार का पेटेंट दिया गया।1934- ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में युद्ध में सेवाएं देने वालों के सम्मान में 'द श्राइन ऑफ रिमेंबरेंस'खोला गया।
1938- इज़्मत इनोऊ तुर्की के दूसरे राष्ट्रपति बने।
1953- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में पहली बार 'पोलियो वायरस' की पहचान हुई और उसका चित्र लिया।
1962: कुवैत की नेशनल असेंबली ने संविधान को स्वीकार किया।
1965- प्रधानमंत्री इयान स्मिथ के नेतृत्व में दक्षिणी रोडेशिया ब्रिटेन से अलग होकर रोडेशिया बन गया।
1966: अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष यान 'जैमिनी-12' लॉन्च किया।

**संकट** ग्राहकों को पर्याप्त भोजन और अन्य आपूर्ति प्रदान नहीं कर सकता : स्टी लुईस आउटरीच सेंटर ऑफ पील

# कनाडा में फूड बैंक ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अपने दरवाजे बंद किए

**टोरंटो,** 1 नवम्बर (एजेंसियां)। कनाडा के ओंटारियो प्रांत में एक फूड बैंक ने आपूर्ति की भारी मांग को पूरा करने में विफल होने पर अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए। सीबीसी न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रैम्पटन स्थित स्टी लुईस आउटरीच सेंटर ऑफ पील ने कहा कि वह अपने ग्राहकों को पर्याप्त भोजन और अन्य आपूर्ति प्रदान नहीं कर सकता क्योंकि सितंबर से आउटलेट पर आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ रही है। खाद्य बैंक एक धर्मार्थ संगठन है जो सुरक्षित, पौष्टिक भोजन एकत्र करता है और इसे खाद्य असुरक्षा का सामना करने वाले व्यक्तियों और परिवारों को पुनर्वितरित करता है।

डेली ब्रेड फूड बैंक की सबसे हालिया वार्षिक रिपोर्ट में जुलाई 2022 से जून 2023 तक उपयोग में साल-दर-साल 63 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। स्टी लुईस आउटरीच सेंटर ऑफ पील की अध्यक्ष कैथरीन रिवेरा ने सीबीसी न्यूज को बताया, 'हमें तीन, चार, कभी-कभी नौ, दस लोगों के समूह मिलते हैं, जो अपने बैकपैक्स के साथ मुफ्त सामान के लिए तैयार रहते हैं, हम उनसे कहते हैं, 'हम आपको खाना नहीं खिला सकते, आप अपने और अपने परिवार के लिए ज़िम्मेदार हैं।' रिवेरा ने कहा कि छात्रों को कनाडा आने से पहले अपने पहले वर्ष के लिए धन दिखाना आवश्यक है, और इसलिए उन्हें खाद्य बैंकों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। जवाब में, एटोबिकोक में साईं धाम फूड बैंक के सह-संस्थापक विशाल खन्ना ने



कहा कि किसी को यह नहीं मानना चाहिए कि जब जीवन यापन की लागत इतनी अधिक है तो छात्रों के पास खुद को बनाए रखने के लिए पैसा है। सीबीसी को बताया, यहां तक कि औसत कनाडाई व्यक्ति जो 60,000 डॉलर कमा रहा है, वह अभी भी हमारे फूड बैंक में खा रहा है, जिसका फूड बैंक 57 कॉलेजों के 1,500 छात्रों को हर सुबह खाना परोसता है। खालसा एड के राष्ट्रीय निदेशक जिंदी सिंह ने इस कदम को 'काफी परेशान करने वाला' बताया क्योंकि कुछ छात्रों के पास भोजन और अन्य खर्चों को कवर करने के लिए हर महीने केवल 688 डॉलर ही बचते हैं।

सिंह ने कहा, 'ुझे आश्चर्य है कि क्या उन्हें एहसास है कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए यह कितना मुश्किल है, उनमें कुछ जो भारी कर्ज में डूबे हुए हैं, जीवनयापन संकट के दौरान संघर्ष कर रहे लोगों के लिए फूड बैंक में जाना एक अंतिम उपाय है।' सिंह ने समाचार चैनल को बताया कि खालसा एड को नौकरी खोजने के लिए संघर्ष कर रहे अंतरराष्ट्रीय छात्रों से कई अनुरोध प्राप्त हुए हैं जो उन्हें सप्ताह में 20 घंटे प्रदान करते हैं।

हाल ही में जारी फूड बैंक्स कनाडा की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा जीवन यापन की गंभीर लागत और आवास संकट से जूझ रहा है और लगभग सात मिलियन लोग मेज पर भोजन रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### सुडोकू 6373 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 |

## दुनिया को जानें

### रूस के चुकोटका में लापता एएन-2 विमान मिला

**मॉस्को,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के चुकोटका स्वायत्त क्षेत्र में शुक्रवार को गायब हुआ एएन-2 विमान मिल गया है, जिसमें तीन लोग सवार थे। प्रांत के गवर्नर व्लादिस्लाव कुजनेत्सोव ने यह जानकारी दी। गवर्नर ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, लापता विमान मिल गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी तीन लोग - पायलट और यात्री - जीवित हैं। हालांकि, उन्हें अलग-अलग गंभीरता की चोटें आई हैं' रूस के सुदूर पूर्व के चुकोटका में स्ट्रिज एविया एयरलाइंस द्वारा संचालित एक एएन-2 विमान आज सुबह लापता हो गया जिसमें तीन लोग सवार थे। स्थानीय आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि विमान ने पेवेक से पॉलीर्नी के लिए उड़ान भरी लेकिन लैंडिंग के निर्धारित समय पर उससे कोई संपर्क नहीं हो सका। विमान में चालक दल के दो सदस्य और एक यात्री सवार है। रिपोर्ट में कहा गया कि एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर बचावकर्मियों के साथ एक खोज मिशन पर रवाना हुआ है। बताया जाता है कि कथित तौर पर एएन-2 बंदरगाह शहर पेवेक से माल ले जा रहा था। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि इस क्षेत्र में कई दिनों से मौसम खराब है और जमीन पर मोटी बर्फ जमी हुई है।

# अनुशासनहीनता के आरोप में महापौर रामशरण पार्टी से निलंबित

**बिलासपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बिलासपुर नगर निगम के महापौर रामशरण यादव को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैंदू के हस्ताक्षर से जारी पत्र में पार्टी संगठन के खिलाफ अनर्गल बात करने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण कार्रवाई की गई है। 10 नवंबर को उनकी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता निलंबित की गई है।



गुरुवार को पूर्व विधायक अरुण तिवारी ने प्रेस कांफ्रेंस में अपने और महापौर रामशरण यादव के बीच हुई 19 मिनट की बातचीत का आडियो प्रसारित करते हुए कांग्रेस के दिग्गज नेताओं पर टिकट वितरण में बड़े पैमाने पर पैसे के लेन–देन का आरोप लगाया था। आडियो प्रसारित करते हुए अरुण तिवारी ने यह भी दावा किया था कि आडियो में किसी तरह की कोई टैंपरिंग नहीं की गई है और इसकी पूरी जिम्मेदारी उन्होंने खुद ही ली थी। महापौर और उनके बीच प्रसारित आडियो में महापौर रामशरण यादव ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा पर टिकट वितरण में बड़ी राशि की डील का आरोप लगाते हुए यह भी कहते सुनाई दे रहे हैं कि प्रदेश प्रभारी बनने के लिए ऊपर पैसे देते हैं और छत्तीसगढ़ आने के बाद अपनी जेब भरते हैं। आडियो प्रसारित होने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसे गंभीरता से लेते हुए रामशरण यादव को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब पेश करने और जवाब संतोषजनक ना पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी थी। शुक्रवार को 24 घंटे का अल्टीमेटम समाप्त होते ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जवाब को संतोषजनक ना पाते हुए पार्टी की प्राथमिकत सदस्यता निलंबित कर दिया है। मालूम हो कि महापौर रामशरण और पूर्व विधायक अरुण तिवारी के बीच बातचीत का आडियाो वायरल होने और पीसीसी की नोटिस के बाद से ही इस बात की अटकलबाजी लगाई जा रही थी कि चुनाव के समय इस तरह के आरोप से दिग्गज नेताओं की ना केवल नाराजगी बढ़ी वरन कार्रवाई की बात भी कही जा रही थी। अटकलबाजी पर पीसीसी ने विराम लगा दिया है।

## महापौर की कुर्सी भी जाएगी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्रवाई के बाद अब इस बात की अटकलें जोर पकड़ने लगी है कि दिग्गज कांग्रेसी नेताओं के साथ ही पीसीसी का अगला कदम क्या होगा। इस बात की चर्चा है कि पार्टी की प्राथमिक सदस्यता निलंबित होने के बाद महापौर की कुर्सी भी रामशरण यादव को छोड़नी पड़ेगी। सदन वे कांग्रेस का पूर्ण बहुमत है और सदन के नेता के रूप में वे कार्य कर रहे हैं। पार्टी की प्राथमिक सदस्यता निलंबित होने के बाद कांग्रेस के पार्षद उनको अपना नेता कैसे स्वीकार करेंगे। विधानसभा चुनाव के बाद एक बार फिर स्थानीय राजनीति में सरगर्मी बढ़ेगी। सत्ताधारी दल के भीतर एक बार फिर मेयर की कुर्सी दौड़ शुरू होगी। बीते चुनाव में राजनीति कारणों और समीकरण के चलते जो चूक गए थे एक बार फिर उनकी सक्रियता बढ़ेगी। दावेदारों के साथ ही पार्षदों की पूछपरख भी बढ़ेगी। निश्चिततौर विधानसभा चुनाव के बाद स्थानीय राजनीति एक बार फिर गरमाएगी।

## क्या है पीसीसी का पत्र

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में पार्टी संगठन के खिलाफ अनंगल वार्तालाप करते हुए पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण जारी कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने के कारण रामशरण यादव महापौर नगर पालिक निगम बिलासपुर को 10 नवंबर 2023 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंडियन नेशनल कांग्रेस) की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## निर्णय की इनको दी गई जानकारी

कुमारी सैलजा महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी, भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़,टीएस. सिंहदेव उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, डा चरणदास महत अध्यक्ष–प्रदेश चुनाव अभियान समिति, धनेन्द्र साहू विधायक एवं अध्यक्ष–प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ,डा. चंदन यादव एआइसीसी सचिव एवं छग. प्रभारी



बिलासपुर। शांता फाउंडेशन ने छट घाट पर दीपो से शुभ दीपावली लिखकर दी शुभकामनायें।

# नवीन प्राथमिक शाला सिरगिट्टी में बच्चों ने दी सुआ नृत्य व राउत नाच की प्रस्तुति

**बिलासपुर,**10 नवंबर (देशबन्धु)। नवीन प्राथमिक शाला सिरगिट्टी मे दीपावली त्यौहार के अवसर पर सुआ नृत्य तथा राउत नाच का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना से किया गया.। इसके पश्चात कक्षा पहली से पांचवी तक की छात्राओं द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई। शाला के छात्रों द्वारा राउत नाच प्रस्तुत किया गया। शाला की प्रभारी श्रीमती शशि सिंह के कुशल मार्गदर्शन मे बच्चो ने लाल, गुलाबी, हरा तथा रंग बिरंगी परिधानो मे सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी। शाला के शिक्षक योगेश करंजगांवकर ने बताया की छत्तीसगढ़ की परंपरा एवं त्यौहारों की जानकारी बच्चों को देने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम हमेशा आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रम में बच्चों के साथ–साथ उनके अभिभावकों का योगदान भी बहुत सराहनीय रहता है। कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थे।



## सार-संक्षेप

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। बेलगहना पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि ग्राम बानाबेल निवासी कीर्ति पैकरा के द्वारा प्रार्थिया की जबरदस्ती हाथ पकड़कर तथा जबर्दस्ती खींचकर छेड़छाड़ किया है। प्रार्थिया के उक्त रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु उनके सकुनत पर पतासाजी किया जा रहा थ, इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि आरोपी कीर्ति पैकरा अपने गांव में ही छिपे है। टीम गठित कर आरोपी कीर्ति पैकरा पिता शंकर पैकरा उम्र 28 वर्ष निवासी बानाबेल चौकी बेलगहना को पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया।

### डीईओ ने अनुकम्पा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की छानबीन के क्रम में एक सप्ताह में आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। फिलहाल 3 आवेदकों ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं। डीईओ ने बताया की मस्तुरी विकासखण्ड के शास.उ.मा. शाला सोन में प्राचार्य के पद पर कार्यरत स्व. श्री रघुनंदन सिंह जगत के परिवार से श्री सुरेन्द्र सिंह, बिल्हा विकासखण्ड के शास.प्राथ.शाला दगौरी में सहा.शिक्षक एल.बी. के पद पर कार्यरत् स्व. श्री सुन्दर लाल कुम्भज के परिवार से श्रीमती रामकुमारी कश्यप, मस्तुरी विकासखण्ड में सहायक शिक्षक एल.बी. के पद पर कार्यरत स्व. श्री पुरूषोत्तम कुमार बिंझवार के परिवार से श्रीमती उमेश कुमारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आमजनों की जानकारी में यदि दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रित परिवारों में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा मे कार्यरत् होने की सूचना है, तो वे 7 दिवस के भीतर पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित कक्ष क्रं. 25, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के जरिए जानकारी दे सकते हैं ताकि नियमानुसार पात्र व्यक्ति की ही अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जा सके।

### त्योहारों पर दो घण्टे ही उपयोग कर सकेंगे पटाखे,कलेक्टर ने जारी किए दिशा-निर्देश

**बिलासपुर,**10 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली, छठ, गुरू पर्व आदि त्योहारों पर केवल दो घण्टे ही पटाखों का उपयोग किया जा सकेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अवनीश शरण ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुरूप जिले में पटाखों के उपयोग के संबंध में दिशा–निर्देश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार दीपावली, छठ, गुरू पर्व, नया वर्ष/क्रिसमस आदि त्योहारों के अवसर पर पटाखे फोड़ने की अवधि 2 घण्टे निर्धारित की गई है। दीपावली में रात 8 बजे से रात 10 बजे तक पटाखों का उपयोग किया जा सकेगा। छठ पूजा पर सवेरे 6 से सवेरे 8 बजे तक, गुरू पर्व पर रात 8 बजे से रात 10 बजे तक और नया वर्ष एवं क्रिसमस पर रात 11.55 बजे से रात 12.30 बजे तक पटाखे जलाये जा सकेंगे। कलेक्टर अवनीश शरण ने जारी दिशा–निर्देश में कहा है कि कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रुव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाईसेंसधारी व्यापारियों द्वारा ही किया जा सकेगा। केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा, जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरिज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण पर प्रतिबंध लगाया गया है। छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना 29 नवम्बर 2017 के आदेश के तहत पटाखों के जलाने से शीत ऋतु में वायु प्रदूषण में वृद्धि होती है। अत: राज्य सरकार द्वारा बिलासपुर के नगरीय क्षेत्रों में प्रतिवर्ष 1 दिसम्बर से 31 जनवरी तक की अवधि में पटाखों का चलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि पटाखों का बहुतायत में उपयोग होने से वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है। अतएव माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रिंसिपल बैंच नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में उल्लेखित आदेशों का पालन किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने पुलिस, कार्यपालिक दण्डाधिकारियों एवं नगरीय निकायों को उक्त आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है एवं जिले के समस्त नागरिकों से इस आदेश का पालन करने की अपील की है।

# धनतेरस में सड़कों पर उमड़ी भीड़, करोड़ों की खरीदी



**बिलासपुर** ,10 अक्टूबर(देशबन्धु)। आज धनतेरस के बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की बर्तन कपड़ा एवं सराफा बाजार में करोड़ों का कारोबार हुआ शहर के मुख्य मार्ग सदर बाजार गोल बाजार में जूना बिलासपुर तथा पुराना बस स्टैंड में बार–बार जाम लग रहा था।

सराफा बाजार सदर बाजार में पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के निजाम किए गए थे आज ज्वेलरी दुकानों में काफी भीड़ थी तथा बर्तन दुकानों में भी आज सुबह से ही खरीदार पहुंच गए थे पहली बार धनतेरस के दिन सोने के दामों में कमी की गई और ? 200 की कमी होने के बाद आज सराफा बाजार में तेजी रही सदर बाजार में आज सुबह से ही सोना आभूषण खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ रही यहां पर महिलाओं ने सोने चांदी के आभूषण ने किस्म के नए डिजाइन के आभूषण खरीदे गए साथ ही शहर के प्रमुख बर्तन दुकानों तथा सर्राफा बाजारों में आज

रौनक रही ।आज धनतेरस के दिन कब लोगों ने कपड़े भी खरीदे साथ ही दीपावली पर्व के लिए ग्वालन एवं दिया फूलों का बाजार आज तेज रहा महिलाओं एवं बच्चों की काफी भीड़ रही शनिचरी गोल बाजार सदर बाजार पुराना बस स्टैंड सरकंडा मुख्य मार्ग बुधवार बाजार देवकीनंदन चौक में जगह–जगह फूल एवं सजावट के सामान बिक रहे हैं। सदर बाजार में बड़ी गाड़ियों के प्रवेश होने से लोगों को काफी दिक्कत हुई यहां पर बार–बार जाम लग रहा था पुलिस प्रशासन मौजूद था उसके बावजूद आज बाजार में काफी भीड़ थी लोग पैदल भी नहीं चल पा रहे थे सेनेटरी बाजार में बार–बार जाम की स्थिति बन रही थी आज सराफा बाजार में भी काफी रौनक रही और धनतेरस के बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी आज धनतेरस का बाजार तेज रहा फटाका बाजार में भी रौनक रही बुधवारी बाजार में आज सुबह से ही भीड़ रही लोग सजावट के तथा पूजा के सामान खरीद रहे थे।

# शहर के दो अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई

## शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**बिलासपुर,**10 नवंबर (देशबन्धु)।शांतिपूर्ण माहौल में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अवनीश शरण ने शहर के दो अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्रवाई की है। उन्हें 24 घण्टे के भीतर बिलासपुर जिले से बाहर रहने के आदेश दिए हैं।

इनमें नूतन लहरे उर्फ गुड्डा, उम्र 27 वर्ष बोहारडीह थाना पचपेड़ी एवं कृष्ण चौहान उम्र 30 वर्ष चंदूवाभाटा निरालानगर थाना तारबहार शामिल है। पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट एवं सुनवाई के उपरांत जिला दण्डाधिकारी ने 9 तारीख को जिला बदर की कार्रवाई की है। सभी आरोपियों को छह महीने के लिए बिलासपुर जिला छोड़ने के आदेश दिए हैं। राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की विभिन्न धाराओं के तहत जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी किये हैं।

बिलासपुर राजस्व जिला सहित आसपास के जिले–जांजगीर चाम्पा, कोरबा, मुंगेली, गौरेला पेण्ड्रा मारवाही तथा बलौदाबाजार जिले की सीमा से छह महीने बाहर रहना होगा। शहर की विभिन्न थानों में इन बदमाशों के विरूद्ध मारपीट, गुण्डागर्दी, गाली गलौज, अवैध शराब बिक्री, जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

# प्रेक्षकों की मौजूदगी में माईक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

## माईक्रो ऑब्जर्वर प्रेक्षकों को देंगे मतदान से संबंधित फीडबैक

## सेक्टर अधिकारियों को भी दिया गया प्रशिक्षण



**बिलासपुर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त माईक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण आज प्रार्थना सभा भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक नायली इते, उदयन मिश्रा, कुमार प्रशांत एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एवं नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में प्रेक्षकों ने माइक्रो आब्जर्वर्स की भूमिका और दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस दौरान उनकी शंकाओं का भी समाधान किया। इस अवसर पर प्रेक्षकों ने कहा कि माईक्रो ऑब्जर्वर मतदान दल का सदस्य नहीं होता है। वह मतदान दलों के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करने के लिए नियुक्त किया जाता है। इसलिए माईक्रो ऑब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। वे सीधे प्रेक्षक को मतदान से संबंधित फीडबैक देंगे। प्रेक्षकों ने प्रशिक्षण सत्र में कहा कि चुनाव प्रक्रिया को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी को अपने दायित्वों की जानकारी हो, यदि चुनाव के दौरान कोई प्रक्रिया आपको सही नहीं लगती है तो इसकी सूचना तत्काल दी जाए। उन्होंने कहा कि ये सुनिश्चित करना माइक्रो आब्जर्वर की जिम्मेदारी है कि किसी भी विधानसभा में दोबारा वोटिंग की स्थिति न बने। प्रशिक्षण में ईव्हीएम एवं वोटिंग कम्पार्टमेंट की सुरक्षा और गोपनीयता की ओर विशेष ध्यान देने कहा। प्रशिक्षण में ये बताया गया कि माइक्रो आब्जर्वर पोलिंग पार्टी के साथ ही मतदान केंद्रों तक पंहुचेंगे और शाम को आब्जर्वर या उनके प्रतिनिधियों को रिपोर्ट सौंपेंगे।

सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों के लिए भी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवकुमार बनर्जी एवं मास्टर ट्रेनर एमटी आलम ने सेक्टर अधिकारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सेक्टर अधिकारी मतदान एवं मतगणना के सभी कार्यों में समन्वय करते है। सेक्टर अधिकारी मतदान दिवस के दिन मॉक पोल की कार्यवाही संपन्न कराएंगे। सेक्टर अधिकारी कंट्रोल रूम को हर दो घंटे में वोटिंग प्रतिशत की जानकारी देंगे।

# सीजन टिकट बनाना हुआ आसान

## यूटीएस ऑन मोबाइल एप से करें मासिक सीजन टिकट जारी एवं नवीनीकरण

### स्टेशनों में हेल्प-डेस्क का प्रावधान कर यात्रियों को दिया जा रहा है परामर्श

**बिलासपुर** ,10 नवम्बर (देशबन्धु) ।डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने, पेपरलेस टिकटिंग में वृद्धि हेतु तथा यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें, इसी उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा घर बैठे अनारक्षित टिकट बुकिंग व मासिक सीजन टिकट बनाने हेतु यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। अनारक्षित व सीजन टिकट पर यात्रा करने वाले यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके वांछित गाड़ी में यात्रा के लिए घर बैठे अनारक्षित टिकट बना सकते हैं ।





साथ ही रोजाना यात्रा करने वाले छात्र– छात्राओं, अलग ङ्कअलग क्षेत्रों में कार्य करने वाले कर्मचारियों, सरकारी व प्राइवेट उपक्रम में नौकरी करने वाले, व्यापारी भी अनुमत दूरी (150 किमी) तक का मासिक सीजन टिकट इस यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सहायता से आसानी से जारी कर सकते है ।

इस एप को बिना लाइन लगाये घर बैठे सभी स्टेशनों का अनारक्षित टिकट की बुकिंग, मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण एवं प्लेटफार्म टिकट की बुकिंग हेतु विशेष रूप से तैयार किया गया। यह एप स्टेशन परिसर से 25 किमी की दूरी तक कार्य करती है। टिकट के भुगतान हेतु क्र-वालेट रिचार्ज पर 03 प्रतिशत का अतिरिक्त बोनस की सुविधा भी उपलब्ध है 7 इस एप के माध्यम से बिना बुकिंग काउंटर में गए घर बैठे स्वयं अपने मोबाइल में अनारक्षित टिकट के साथ मासिक सीजन टिकट जारी एवं नवीनीकरण भी आसानी से कर सकते है ।

इस एप के द्वारा पेपरलेस टिकट जारी होता है जो को पर्यावरण को साफ रखने में भी मदद करता है । इस एप का व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विकास कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग के पर्यवेक्षकों व कर्मचारियों की टीमों द्वारा विशेष अभियान निरंतर जारी है 7 सभी स्टेशनों में हेल्प–डेस्क स्थापित कर टिकट चेकिंग व बुकिंग स्टाफ द्वारा यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूकता फैलाई जा रही है 7 साथ ही बैनर, पम्पलेट एवं उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की विस्तृत जानकारी प्रसारित की जा रही है, जिससे यात्रीगण इस सुविधा का सरलता के साथ उपयोग कर इसका लाभ उठा सकें 7 बिना लाइन लगे रेल टिकट लेने का यह साधन रेल यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो रहा है । काफी संख्या में लोग अपने मोबाइल में इस एप को डाउनलोड कर रहे है।

यूटीएस मोबाइल ऐप द्वारा अनारक्षित व सीजन टिकट बुक करने के तरीके गूगल प्ले स्टोर, एप्पल स्टोर से यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड करें तथा रजिस्ट्रेशन हेतु साइन अप करें। लॉगिन आई.डी. मोबाइल नं. रजिस्टर्ड करें तथा मेसेज के द्वारा प्राप्त चार अंकों के पासवर्ड का उपयोग करें ।टिकटों के प्रकार का चयन करें। (यात्रा टिकट, सीजन टिकट, प्लेटफार्म टिकट तथा यात्रियों की संख्या) टिकट के भुगतान हेतु क्र-ङ्खड्डद्यद्यद्गह्ल का उपयोग करें। क्र-ङ्खड्डद्यद्यद्गह्ल को डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यू.पी.आई, अथवा यू.टी.एस. काउण्टर द्वारा रिचार्ज किया जा सकता है । क्र-ङ्खड्डद्यद्यद्गह्ल रिचार्ज पर 03 प्रतिशत बोनस भी प्राप्त होता है।

**NECC**

| 11.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 550 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 95 | 195 |

डिलीवरी 565 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 डाक पंजीयन 112–002/2002 सी जी फोन– 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188